


चरम पर पहुंचा 11 वर्षीय सूर्य का सौरचक्र 14

है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण 13







## एक नजर

### सलमान के घर फायरिंग मामले में शूटर गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने नवी मुंबई में पनवेल के पास बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान के फार्महाउस की टोह लेने वाले और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़े एक व्यक्ति को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने गुरुवार यहां इसकी पुष्टि की। हाल ही में पंजाब और महाराष्ट्र पुलिस के संयुक्त अभियान में पानीपत के सेक्टर-29 पुलिस थाना क्षेत्र से संदिग्ध सुखबीर बलबीर सिंह उर्फ सुक्खा को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि सुक्खा, अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के मामले में फरार था।

### ईडी ने अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से की पूछताछ

**गुवाहाटी।** अभिनेत्री तमन्ना भाटिया से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचपीजेड टोकन मोबाइल ऐप से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में यहां गुरुवार को पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। ऐप के जरिये बिटकॉइन और कुछ अन्य क्रिप्टोकरेंसी के रूप में अत्यधिक रिटर्न दिलाने के बहाने कई निवेशकों से कथित तौर पर ठगी की गई थी। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि भाटिया (34) का बयान यहां एजेंसी के क्षेत्रीय कार्यालय में धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया।

### बाराबंकी में देवा महोत्सव का आगाज आज

**देवा (बाराबंकी)।** कौमी एकता का महाकुंभ कहे जाने वाले देवा महोत्सव का आगाज शुक्रवार से होगा। पीएसी बैंड की मधुर धुनों के बीच जिलाधिकारी/अध्यक्ष देवा मेला प्रदर्शनी समिति सत्येंद्र कुमार की धर्मपत्नी सुप्रिया कुमारी आज शाम पांच बजे शेख मोहम्मद हसन द्वार पर फीता काटकर दस दिवसीय मेले का शुभारंभ करेंगी। यह मेला महोत्सव 18 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक चलेगा। पुलिस प्रशासन द्वारा मेले में आने वाले जायरीनों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं।

# रेल आरक्षण सीमा 120 दिन से घटाकर 60 दिन की गई

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1 नवंबर से ट्रेनों द्वारा अग्रिम आरक्षण में होगा बदलाव

रेलवे ने यात्री गाड़ियों के लिए आरक्षण कराने की अधिकतम सीमा 120 दिन से घटाकर फिर से 60 दिन कर दी है। रेल मंत्रालय ने इस सदर्भ में बुधवार को आदेश जारी किया है।

आदेश में कहा गया है कि 01 नवंबर से ट्रेनों के अग्रिम आरक्षण की मौजूदा समय सीमा 120 दिनों से घटाकर 60 दिन (यात्रा की तिथि को छोड़कर) कर दी जाएगी, हालांकि, 120 दिनों के 31 अक्टूबर तक की गई सभी बुकिंग बरकरार रहेंगी। 01 नवंबर से, एडवांस रिजर्वेशन पीरियड (एआरपी) 60 दिनों (यात्रा के दिन को छोड़कर) की होगी और बुकिंग उसी के अनुसार की जाएगी। तथापि, 60 दिनों की एआरपी के बाद की गई बुकिंग को रद करने की अनुमति होगी। ताज एक्सप्रेस, गोमती एक्सप्रेस आदि जैसी कुछ दिन के समय चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेनों के मामले में कोई बदलाव नहीं होगा, जहां वर्तमान में अग्रिम आरक्षण के लिए कम समय सीमा लागू है। विदेशी पर्यटकों के लिए 365 दिनों की सीमा के मामले में भी कोई बदलाव नहीं होगा। सूत्रों के अनुसार एआरपी को 60 दिन करने का फैसला इसलिए लिया गया है ताकि अनुरक्षण कार्य के लिए प्लानिंग में आसानी होगी।

# दीपावली पर 1.86 करोड़ परिवार को निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शासनादेश जारी होते ही वितरण शुरू, 1,890 करोड़ खर्च होगा

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने बीते साल की तरह इस दीपावली पर भी निशुल्क एलपीजी सिलेंडर देने का शासनादेश जारी कर दिया है। सरकार के इस कदम से उप्र. के 1.86 करोड़ परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का सीधा लाभ होगा। वहीं मुख्यमंत्री के आदेश के बाद दीपावली से पहले ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया गया है।

साल में दो बार होली और दीपावली पर ही निशुल्क एलपीजी सिलेंडर का वितरण किया जाता है। पिछले साल जहां 1.85 करोड़ लाभार्थी परिवार और 85 लाख से अधिक महिलाओं को इसका लाभ दिया गया था। वहीं इस साल लाभार्थियों की संख्या बढ़कर 1.86 करोड़ परिवार हो गयी है। इसपर 1,890 करोड़ रुपये खर्च होगा। उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों को 300 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार दे रही है जबकि शेष छूट राज्य सरकार देती है। योजना के तहत लाभार्थियों को 14.2 किग्रा. का सिलेंडर रिफिल दिया जाता है।

# हल्द्वानी की किशोरी से दिल्ली में गैंगरेप, पांच युवक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



- 4 अक्टूबर को घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थी हाईस्कूल की छात्रा

**अमृत विचार :** मुखानी थानाक्षेत्र से 4 अक्टूबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई किशोरी ट्रेन से दिल्ली पहुंच गई। जहां एक होटल में पांच युवकों ने किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इधर, गुमशुदगी की जांच करती हल्द्वानी पुलिस जब दिल्ली पहुंची तब इस घटना का खुलासा हुआ। हल्द्वानी पुलिस ने सामूहिक दुष्कर्म के पांचों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए तीन आरोपी मुंबई के और दो दिल्ली के रहने वाले हैं। गुरुवार को कोर्ट ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।

सामूहिक दुष्कर्म का शिकार हुई किशोरी शहर के एक प्रतिष्ठित स्कूल में 10वीं का छात्रा है। जानकारी के मुताबिक बीती 4 अक्टूबर को किशोरी घर से यह कहकर निकली थी कि वह स्कूल जा रही है, लेकिन न तो वह स्कूल पहुंची और न ही लौट कर घर आई। स्कूल का वक्त गुजरा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। तमाम स्थानों पर खोजबीन के बावजूद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो पिता ने मुखानी थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो वह स्कूल की ओर जाती नहीं दिखी। उसे रेलवे स्टेशन की ओर जाते देखा गया। घटनाक्रम के अनुसार पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली जाने वाली ट्रेन में सवार हुई थी।

# बहराइच हिंसा के आरोपियों से मुठभेड़

## पांचों आरोपी गिरफ्तार, दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में लगी गोली

## नेपाल की सीमा पर नानपारा थानाक्षेत्र में असलहा बरामदगी के दौरान हुई मुठभेड़

- अब तक 57 आरोपी हो चुके गिरफ्तार, 13 एफआईआर दर्ज

संवाददाता, बहराइच/लखनऊ



मुठभेड़ के बाद आरोपियों को अस्पताल ले जाती पुलिस।

**अमृत विचार :** नानपारा थानाक्षेत्र में गुरुवार दोपहर करीब 2:50 बजे बहराइच हिंसा के दो मुख्य आरोपियों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में दो मुख्य आरोपी सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों आरोपी जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस ने रामगोपाल की हत्या के मामले में तीन नामजद और दो अन्य आरोपियों सहित कुल पांच आरोपियों को अरेस्ट किया है। महराजगंज मामले में अब तक 57 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। हिंसा के तहत अब तक अलग-अलग 13 एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। साथ ही लापरवाह सीओ महसी रूपेंद्र गौड़ निलंबित हैं।

एसपी वृंदा शुक्ला के मुताबिक गुरुवार को पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने हिंसा और रामगोपाल मिश्रा की हत्या में नामजद आरोपियों समेत पांच को गिरफ्तार किया। इसमें मो. फहीन, मो. तालीब उर्फ सबलू, मो. सरफराज उर्फ रिंकू, अब्दुल हमीद और मो. अफजल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद असलहा बरामद कराने के लिए नानपारा इलाके में नेपाल मार्ग पर हांडा बसेहरी लेकर गई। जहां हत्या में प्रयुक्त में लाइसेंसी डबल बैरल बंदूक छिपाकर रखी गई थी। पुलिस अभी बरामदगी की कार्रवाई कर ही रही थी। इसी बीच आरोपी मो. सरफराज उर्फ रिंकू और मो. तालिब उर्फ सबलू ने बंदूक से फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग सरफराज और तालिब के पैर में गोली लगी। दोनों घायल हो गए। पुलिस ने दोनों को पहले सीएचसी नानपारा भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेज दिया गया है। एसपी ने जिला अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी के जवान तैनात कर दिया है। वहीं अन्य तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। सरफराज की बहन बोलीं- बुधवार को पुलिस ने उठा लिया था

महाराजगंज के जिस मकान में रामगोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या की गई थी। वह अब्दुल हमीद का था। हमीद की बेटी रुखसार ने एसटीएफ पर आरोप लगाया कि बुधवार शाम चार बजे उसके पिता अब्दुल हमीद, भाई सरफराज, फहीम और उनके साथ एक अन्य युवक को उठा लिया था। मेरे पति और देवर को पहले ही पकड़ लिया था। किसी भी थाने से उनकी कोई खबर नहीं मिल पा रही है। हमें डर है कि उनका एनकाउंटर कर हत्या की जा सकती है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपने परिजनों की सुरक्षा की अपील की है। वहीं रुखसान के बयान का वीडियो जाकिर अली त्यागी नाम के व्यक्ति के ट्विटर अकाउंट से अपलोड किया गया है।

### बहराइच हिंसा उत्तर प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन की विफलताः अखिलेश



**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बहराइच जिले में हुई सांप्रदायिक हिंसा को गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता करार दिया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि जब इतना बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था तो वहां कोई पुलिस सुरक्षा क्यों नहीं थी। यादव ने लखनऊ में कहा यह बहराइच प्रशासन और सरकार की विफलता है। वे अपराध को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति और हर कार्यक्रम को बहुत शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित करने की बात करते हैं।

### आरोपियों के खिलाफ होगी रासुका की कार्रवाई



एसपी वृंदा शुक्ला ने बताया कि महराजगंज मामले में अभी और लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम दबिश दे रही है। इस मामले में हिंसक घटना में शामिल लोगों के साथ अफवाह फैलाने वाले, साजिश रचने वाले और आरोपियों को शरण देने वाले सभी के लिए खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। सभी आरोपियों के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## हरियाणा में मुख्यमंत्री का शपथग्रहण

# नायब सैनी ने ली शपथ भाजपा का शक्ति प्रदर्शन

चंडीगढ़, एजेंसी



मोदी से शिष्टाचार मुलाकात करते सैनी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के नायक बने नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को एक भव्य समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता मौजूद रहे।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ओबीसी नेता सैनी और 13 अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए देखने के लिए हजारों लोग पंचकूला में जमा हुए थे। इस समारोह के लिए वाल्मीकि जयंती का दिन चुनकर और अपने शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राजग सहयोगियों के लिए मंच सजाकर भाजपा ने एक साथ दो-दो संदेश दिए। ऋषि-कवि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं। मोदी ने सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और उनकी टीम को सुशासन व अनुभव का अद्भुत मिश्रण बताया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह सरकार लोगों के सपनों को साकार करेगी और राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी। मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के अलावा समाज के अन्य सभी वर्गों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।

### समारोह के बाद राजग के नेताओं ने की बैठक

शपथ ग्रहण समारोह के बाद, मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों समेत राजग के नेता विकास के मुद्दों पर चर्चा के लिए यहां आयोजित एक बैठक में भी शामिल हुए। बैठक से पहले एक बयान में भाजपा ने कहा कि देशभर में 13 मुख्यमंत्री और 16 उपमुख्यमंत्री भाजपा के हैं, जबकि महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार, सिक्किम, नगालैंड और मेघालय के मुख्यमंत्री उसके सहयोगी दलों के हैं, जो इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। पिछले कई वर्षों में राजग का इस तरह का यह पहला सम्मेलन है।

# महिला की सिर कटी लाश व बच्चे का शव मिला

## शव से 25-30 मीटर दूरी पर फेंका सिर, जलाने का भी किया गया था प्रयास

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**डबल मर्डर से सनसनी**

- 6 से 7 दिन पुराना हो सकता है महिला का शव, बच्चे का दो दिन पुराना शव दोनों की नहीं हो सकी पहचान

**अमृत विचार :** कटघर थाना क्षेत्र के अंतर्गत महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला का शव गुरुवार को देवापुर के जंगल में कल्याणपुर जाने वाले चकरोड पर रामगंगा नदी के पास मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की तो शव से लगभग 25-30 मीटर दूर सिर बरामद हुआ।

इस दौरान फोरेंसिक टीम साक्ष्य संकलन में जुटी थी, तभी करीब 200 मीटर दूर एक बच्चे का शव और मिला। बच्चे के शरीर पर सिर्फ अंडरवीयर है। दोनों ही शवों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना कटघर क्षेत्र में गांव देवापुर के जंगल में गुरुवार को दिन में खेतों पर जा रहे ग्रामीणों ने दुर्गंध महसूस होने पर नदी की ओर जाकर देखा तो वहां झाड़ियों में महिला का सिर कटा शव पड़ा था। ग्रामीणों ने इसकी सूचना कटघर थाना पुलिस को दे दी। थाना कटघर प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार और पीतल बस्ती चौकी प्रभारी मनोज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। थोड़ी देर में ही सीओ कटघर आशीष प्रताप सिंह भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने शव के पास जाकर देखा तो शव बुरी तरह से क्षत-विक्षत था। फॉरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट को बुलाकर घटनास्थल और आसपास साक्ष्य संकलन शुरू किया गया। इस दौरान शव से लगभग 25-30 मीटर दूर महिला का सिर बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार शव लगभग 6 से 7 दिन पुराना होने के कारण कुछ भी स्पष्ट नहीं हो सका। सीओ कटघर ने बताया कि मृतक महिला की उम्र 30 से 35 साल के बीच की हो सकती है। जो सिर मिला है उसे देख कर लग रहा है कि हत्या करने के बाद उसे जलाने का प्रयास किया गया है। उधर पुलिस अभी जांच-पड़ताल कर ही रही थी कि महिला के शव से लगभग 200 मीटर दूर कल्याणपुर बाईपास पुल के पास एक बच्चे का शव बरामद हुआ। बच्चे की उम्र 7 से 9 साल के बीच होने का अनुमान है। उसके शरीर पर केवल एक अंडरवियर पड़ा है।

# सपा के सात प्रत्याशी मैदान में, दो सीट कांग्रेस को मिली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**उप्र. विस उपचुनाव**

- सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर उतारा उम्मीदवार
- गाजीपुर और खैर सीट पर कांग्रेस से गठबंधन के उम्मीदवार उतरेंगे

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में सीटों का बंटवारा हो गया है। नौ सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव में सपा, कांग्रेस को दो सीटें दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, श्रीनगर में राहुल गांधी और अखिलेश यादव के बीच सीटों को लेकर बातचीत में कांग्रेस को दो सीट गाजियाबाद और खैर देने की सहमति बनी है।

इधर, गुरुवार को सपा ने पश्चिमी उप्र. की मीरापुर सीट पर सुम्बुल राणा को अपना उम्मीदवार बना दिया है। ऐसे में अब तक कुल सात सीट के लिए अखिलेश यादव ने उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। सपा ने गाजियाबाद और खैर विधानसभा सीट पर अभी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। इन्हीं दोनों सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार गठबंधन के तहत उतरेंगे। हालांकि, इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

# भाजपा-रालोद की मांग, 13 की जगह 20 नवंबर को कराएं मतदान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- तिथि बदलने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी के नाम मांगपत्र सौंपा
- कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की जताई आशंका

**अमृत विचार :** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व के चलते मतदान प्रतिशत प्रभावित होने की आशंका जताते हुए भाजपा और रालोद नेताओं ने गुरुवार को उप चुनाव के मतदान की तिथि 13 की जगह 20 नवंबर करने की मांग उठाई।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, संजय राय, रामप्रताप सिंह चौहान समेत चुनाव आयोग सम्पर्क विभाग के प्रदेश संयोजक अखिलेश कुमार अवस्थी ने गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के दृष्टिगत मतदान तिथि में परिवर्तन के लिए अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मिलकर मांगपत्र सौंपा। मांग की गई कि प्रदेश में उप चुनाव की तिथि 13 नवंबर घोषित की गई है जबकि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का स्नान पर्व है। विधानसभा क्षेत्र कुंदरकी, मीरापुर, गाजियाबाद व प्रयागराज में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित होने वाले मेले में लोग तीन-चार दिन पूर्व ही पहुंच जाते है। ऐसे में मतदान की तिथि न बदली गई तो बहुसंख्यक मतदाता मतदान से वंचित रह सकते हैं। भाजपा के प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चुनाव आयोग शत् प्रतिशत मतदान के लिए संकल्पित है। भाजपा और रालोद को अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आश्वस्त किया है कि चुनाव आयोग नई दिल्ली से यथोचित पत्र व्यवहार किया जाएगा।

# प्रेमी के शादी से इनकार पर महिला ने पुलिस चौकी के बाहर लगाई आग

कार्यालय संवाददाता, संभल

- महिला को बचाने में सिपाही और एक व्यक्ति भी मामूली झुलसा
- महिला गंभीर हालत में जिला अस्पताल से हायर सेंटर को रेफर

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में प्रेमी ने शादी करने से मना किया तो क्षुब्ध होकर विधवा महिला ने गुरुवार को डीजल डालकर खुद को आग लगा ली और चौधरी सराय पुलिस चौकी में घुस गई। लपटों में घिरी महिला को बचाने में एक सिपाही और एक अन्य व्यक्ति भी मामूली रूप से झुलस गया।

महिला को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया है। महिला ने पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। वहीं एसपी का कहना है कि आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई थी। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला चौधरी सराय निवासी नाजिया (32 वर्ष) के पति दिलशाद की तीन वर्ष पहले मौत हो चुकी है। नाजिया के पास तीन बच्चे हैं। दिलशाद की मौत के बाद करीब दो साल से मुहल्ले के ही युवक से नाजिया का प्रेम प्रसंग चला आ रहा है। नाजिया का कहना है कि युवक ने शादी का भरोसा देकर अनेक बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये मगर अब शादी करने से मना कर दिया। नाजिया गुरुवार को शाम चार बजे पुलिस चौकी चौधरी सराय पहुंची थी। झुलसी नाजिया को पहले जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां से गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई भी जिला अस्पताल पहुंचे। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने कहा कि घटना से एक घंटा पहले लगभग 3 बजे महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। नाजिया के साथ महिला सब इंस्पेक्टर आरोपी के घर गई तो पता चला कि युवक पंजाब में काम करता है। इसके बाद महिला ने पुलिस चौकी से करीब डेढ़ सौ फुट की दूरी पर आत्मदाह करने का प्रयास किया। महिला गंभीर रूप से झुलस गई।

# चीन ने भूटान में बसाई आबादी, अब डोकलाम पर नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए



चीन ने भूटान की पारंपरिक सीमाओं का उल्लंघन करते हुए देश में 22 गांव बसा लिए हैं। एक रिसर्च रिपोर्ट में ये दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार चीन के इन 22 गांवों में से 19 पूर्ण रूप से रिहायशी गांव हैं, जबकि तीन में आबादी अभी कम ही है। चौंकाने वाली बात यह है कि इन 22 गांवों में से सात में निर्माण कार्य शुरू होने का खुलासा 2023 की शुरुआत में हो गया था।

चीन ने डेढ़ साल में इन इलाकों में तेजी से निर्माण कार्य भी किया है। इनके माध्यम से चीन की नजर डोकलाम पर है। ये क्षेत्र वही है, जिसे लेकर 2017 में भारत और चीन की सेनाएं आमने सामने थीं। भारत-चीन और भूटान के ट्राई-जंक्शन पर पड़ने वाले डोकलाम को चीन अपना बताता है। तिब्बती विश्लेषकों के नेटवर्क टरकोइस रूफ की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने 2016 में भूटान के क्षेत्र के तौर पर जाने जाने वाले अपनी सीमा के पार वाले क्षेत्रों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया था। चीन ने इन 22 गांवों में 752 रिहायशी ब्लॉक बनाए हैं, जिनमें 2284 परिवारों के रहने की व्यवस्था की गई है। इन क्षेत्रों में अधिकारियों, निर्माण कार्य में लगे कर्मियों, सीमा पुलिस और सेना के करीब 7000 लोगों को बसाए जाने की तैयारी है। यह गांव काफी ढलान वाली इलाके और ऊंची घाटी वाले क्षेत्रों में बनाए गए हैं, जिसकी समुद्र से ऊंचाई 3832 मीटर तक है। चीन का बसाया सबसे ऊंचा गांव मेनचुमा समुद्री से करीब 4670 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। चीन की तरफ से भूटान के क्षेत्र पर कब्जे की एक बड़ी वजह थिंपू की छोटी सेना और कमजोर रक्षा तैयारियां भी बताई जाती हैं। भूटान के पास इस वक्त सिर्फ 8000 सैनिक हैं, जो कि रक्षा के मकसद से तैनात किए गए हैं।

### डोकलाम पर कब्जे पर चीन की नजर

चीन ने भूटान में जिन गांवों का निर्माण किया है, उनकी लोकेशन काफी अहम है। दरअसल, चीन की तरफ से यह गांव पश्चिम और पूर्वोत्तर में स्थापित किए गए हैं। इनमें से आठ गांव पश्चिमी भूटान में हैं, जिसे 1913 में तत्कालीन भूटान के शासक 13वें दलाई लामा द्वारा भूटान को सौंप दिया गया था। इन गांवों के जरिए चीन की पश्चिम में अहम कूटनीतिक लक्ष्य पर भी नजर है। यह क्षेत्र है 89 किमी का डोकलाम का पठार।

### झूठे पैकेज डील देना चाहता है चीन

चीन की तरफ से जो गांव बसाए गए हैं, वह पूर्वोत्तर भूटान में स्थित हैं, जो कि कूटनीतिक तौर पर भारत के लिए खतरा नहीं हैं। हालांकि, चीन ने 1990 तक इन्हें भूटान के नक्शे पर दिखाने के बाद फिर अपने नक्शे पर दिखाना शुरू कर दिया। आखिर चीन को भारत के खिलाफ कूटनीतिक फायदा न मिलने के बावजूद उसने पूर्वोत्तर भूटान के गांवों पर कब्जा क्यों किया? टरकोइस रूफ की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन इन इलाकों को भूटान के पश्चिम में स्थित डोकलाम पठार पर कब्जा करने के इरादे से रख रहा है।

## एक नजर

### आज होगा दुर्गा जागरण

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** मां आदि शक्ति जागरण ट्रस्ट की ओर से शारदीय नवरात्र में होने वाला 33 वां विशाल दुर्गा जागरण 18 अक्टूबर शुक्रवार को नगर के मेला मैदान में होगा। इसे लेकर कमेटी के सदस्य तैयारी में जुट गए हैं। मां के जगराते में तरुण एंड जागरण पार्टी बरेली के कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे।

### गांव में पूजा देखने गए ग्रामीण को पीटा

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव भूड़ा के रहने वाले बाबू गिरि ने पुलिस को तहरीर में बताया कि 16 अक्टूबर को गांव में पूजा का कार्यक्रम चल रहा था। वह पूजा में शामिल होने के लिए शाम साढ़े पांच बजे गए। इस दौरान नशे की हालत में गांव के मनोज व अरविंद आ गए। बेवजह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### आज लगेगा शिविर

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बे में स्थित विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता संत कुमार ने बताया कि 18 अक्टूबर शुक्रवार को विद्युत केंद्र पर विशाल मेगा कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विद्युत उपभोक्ताओं को बिल एवं मीटर से संबंधित सभी शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जायेगा है ।

# देहदान मुहिम के तहत मेडिकल कॉलेज को मिला पहला शरीर

## कानपुर के सेंगर दंपती की पहल रंग लाई, सेवानिवृत्त एलआईयू इंस्पेक्टर का देहदान कराके, बोले- ये देश को समर्पित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सुग दधीचि देहदान अभियान का विस्तार करते हुए कानपुर के सेंगर दंपती की ओर से तराई में की गई पहल रंग लाई है। इसके तहत पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को एक मृत शरीर मुहैया कराया गया है। ये देह कानपुर के ही रहने वाले सेवानिवृत्त एलआईयू इंस्पेक्टर का है। सेंगर दंपती खुद ही देह लेकर पीलीभीत मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीते दिनों उनकी ओर से किए गए वादे को पूरा करने की शुरुआत कर दी गई है। अब पूर्व पुलिस अधिकारी का देह भी देश को समर्पित किया गया है।

बता दें कि करीब इक्कीस साल पहले कानपुर से युग दधीचि देहदान अभियान की शुरुआत कानपुर के रहने वाले मनोज सेंगर और उनकी पत्नी माधवी सेंगर की ओर से की गई थी। जिसका प्रदेश भर में विस्तार किया जा रहा है। इसे लेकर पीलीभीत मेडिकल कॉलेज में एक अक्टूबर को प्रेसवार्ता आयोजित की गई थी। इसी दौरान सेंगर दंपती ने जल्द पीलीभीत मेडिकल कॉलेज के लिए देहदान कराने का वादा किया था। इसी क्रम में गुरुवार को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज को अध्ययन के लिए पहली देह कानपुर से लाकर सेंगर दंपति ने समर्पित की। ये देह कानपुर के दीनदयाल नगर के रहने वाले 88 वर्षीय रामप्यारे शुक्ला पुत्र वंशीधर शुक्ला का है, जोकि सेवानिवृत्त एलआईयू इंस्पेक्टर थे। शाम करीब चार बजे सेंगर दंपती पीलीभीत मेडिकल कॉलेज पहुंचे और पीलीभीत मेडिकल कॉलेज की एनाटॉमी हेड डा. अर्चना सिंह ने अपने सहयोगियों डॉ. फरीद एवं अन्य छात्र छात्राओं की उपस्थिति में पार्थिव देह को सम्मान सहित स्वीकार किया। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ.संगीता अनेजा ने देहदानी परिवार एवं सेंगर दंपती का आभार जताया। सेंगर दंपती ने ये भी बताया कि देहदान अभियान के अंतर्गत यह 290वीं देहदान कराई गई है। जिससे अब मेडिकल के छात्र छात्राओं को पढ़ाई में काफी मदद मिलेगी।



मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य को देहदान से जुड़ा प्रपत्र सौंपते सेंगर दंपती। ● अमृत विचार


मेडिकल कॉलेज के भ्रमण के बाद एक दूसरे से अनुभव साझा करतीं छात्राएं।

### रामप्यारे शुक्ला ने 2011 में लिया था देहदान का संकल्प



कानपुर के दीनदयाल नगर के रहने वाले सेवानिवृत्त एलआईयू इंस्पेक्टर रामप्यारे शुक्ला ने जनवरी 2011 में देहदान का संकल्प लिया था। 16 अक्टूबर की शाम को उनका निधन हो गया। निधन होने पर उनकी पुत्री गीता बाजपेई ने मनोज सेंगर को सूचना देकर देहदान संकल्प पूरा कराने का आग्रह किया। इस पर अभियान की महासचिव माधवी सेंगर ने देह को पीलीभीत ले जाने का निश्चय किया। अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बुधवार रात को ही देहदान के आवश्यक पत्रक तैयार किए। फिर गुरुवार सुबह करीब नौ बजे कानपुर से चलकर शाम चार बजे पीलीभीत मेडिकल कॉलेज पहुंचे थे।

### आरती व पुष्पांजलि अर्पित कर दी देहदानी को विदाई

देहदानी रामप्यारे शुक्ला के कोई पुत्र नहीं है। उनकी एक पुत्री दीपा बाजपेई हैं। जिसकी शादी हो चुकी है। बताते हैं कि कानपुर से जब उनके शरीर को पीलीभीत मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया जा रहा था तो पत्नी सुभद्रा शुक्ला, पुत्री गीता बाजपेई, दामाद दीपक कुमार बाजपेई, नातिन ज्योत्सना बाजपेई, पौत्र डॉ. शिवा शुक्ला समेत अन्य परिजन ने पार्थिव देह की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती की। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत देहदानी को अंतिम विदाई देते हुए पीलीभीत के लिए रवाना किया। पुत्री गीता का कहना था कि बहुत सालों से हम लोग गायत्री परिवार से जुड़े हुए हैं। उनके पिता रामप्यारे शुक्ला भी धार्मिक आयोजनों में उत्साह से भाग लेते थे। तेरह साल बाद उनके देहदान संकल्प को पूरा करते हुए संतोष का अनुभव हो रहा है।

### शिक्षकों ने कराया इमरजेंसी, ब्लड बैंक, एमसीएच विंग का भ्रमण

**पीलीभीत, अमृत विचार :** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस छात्र -छात्राओं को फाउंडेशन कोर्स के तहत गुरुवार को सम्बद्ध चिकित्सालय का अवलोकन कराया गया। छात्र-छात्राओं को चार समूहों में बांटकर चिकित्सा शिक्षकों ने वार्ड, इमरजेंसी, सेंट्रल लैब, रेडियोलॉजी, ब्लड बैंक, एमसीएच भवनों का भ्रमण कराया। इस दौरान विद्यार्थियों ने चिकित्सालय की विशाल एवं सामान्य कार्य प्रणाली को समझने का प्रयास किया। फाउंडेशन कोर्स का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को मेडिसिन का शैक्षणिक ज्ञान प्राप्त करने के लिए तैयार करना था। सभी ने भ्रमण के बाद अपने अनुभव को साझा किया। प्राचार्य डॉ .संगीता अनेजा ने बताया कि छात्र छात्राओं के लिए शैक्षणिक कार्य के अलावा चिकित्सीय अनुभव भी बेहद जरूरी है। भविष्य में उन्हें आगे बढ़कर रोगी का किस प्रकार से इलाज करना है और रोगी के प्रति किस तरह की सहानुभूति रखी है। इसके लिए एनएमसी द्वारा दिए गए मानकों के तहत ये कार्य भी आवश्यक है।

## बिलसंडा में धूमधाम से कराई गई राम दरबार की स्थापना


सत्संग भवन में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूजन करतीं शुभि जायसवाल।

**बिलसंडा, अमृत विचार :** नगर के श्री राम जानकी सत्संग भवन स्थित मंदिर परिसर में गुरुवार को भगवान राम, माता जानकी, लक्ष्मण एवं वीर हनुमान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। हवन-पूजन यज्ञ व भंडारे के साथ इसे संपन्न कराया गया। कारोबारी राजेश जायसवाल पंजा, पत्नी सुनीता एवं डा .सुभाष जायसवाल के परिवार ने मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से कराया। सर्व प्रथम ब्राम्हणों ने मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कराई। नगर भ्रमण एवं पीत वस्त्रधारी महिलाओं ने कलशयात्रा निकाली। दोपहर बाद मंदिर में देवताओं का महास्नान, यज्ञ एवं सभी देवी देवताओं की प्रतिमाओं की स्थापना का कार्य कराया गया। इस मौके पर इंजीनियर सुरेश जायसवाल, चेयरमैन डीके गुप्ता, पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, सुनीता जायसवाल, दीपांकर जायसवाल, शुभांकर जायसवाल, शालू शशि, नीलम, मंजू, शुभी, मनोज गुप्ता, ऋषि गुप्ता आदि मौजूद रहे।




### दुर्गा पूजा में उमड़े भक्त, गाए भजन



**बरखेड़ा :** कस्बे में देवी स्थान पर दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजपाल व उनकी धर्मपत्नी ममता भोजवाल रहे। पूजा को लेकर देवी स्थान पर दुर्गा पूजा व बड़ा हवन किया गया। नवाबगंज बरेली के पंडित राकेश मिश्रा, कस्बे के पंडित हरिओम ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान से पूजन संपन्न कराया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर सूरज मौर्य, गुड्डू कश्यप, प्रमोद भोजवाल, प्रमोद कश्यप, ओमप्रकाश कश्यप, कमलेश कश्यप, राजवीर मौर्य, सभासद राजेश सक्सेना, सभासद नरेश मौर्य, सभासद श्रीकृष्ण, सभासद श्रीपाल, राजवीर यादव, प्रदीप सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# श्री कृष्ण जन्म की लीला देख दर्शक भाव विभोर

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार:** नगर में चल रहे हैं ऐतिहासिक रामलीला मेले में वृंदावन के कलाकारों ने रासलीला व रामलीला का मंचन शुरू कर दिया। रासलीला में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की लीला का सजीव मंचन किया गया। राधा कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

रासलीला की शुरुआत व्यवस्थापक सुरेश चंद्र अग्रवाल, लीला प्रबंधक गोपाल कृष्ण अग्रवाल ने राधा कृष्ण की आरती करके कराई। वृंदावन से आए कलाकारों की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। श्रीकृष्ण जन्म के अलावा कलाकारों ने पूतना वध का भी मंचन किया। प्रथम दृश्य में कलाकारों ने मंचन करते हुए दिखाया कि नंद के घर जब भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उल्लास था तो ब्रज में नंद के घर जमकर खुशियां मनाई गईं। बधाई गीत से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। हर तरफ - नंद घर गोपाल आयो, जय कन्हैया लाल की..आदि जयघोष लगाए गए। मंचन में आगे की प्रस्तुति में दिखाया गया कि कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए पूतना को भेजा, जिसने चुपके से श्री कृष्ण को उठाया और अपना विषैला दूध पिलाकर उनको मारने का प्रयास करने लगी, लेकिन भगवान श्री कृष्ण ने पूतना के प्राण खींच लिए। लीला का संचालन व्यास राधा रमन कर रहे थे। व्यवस्था में विपिन कुमार पांडे, सचिन अग्रवाल, अभय मित्तल, मोहित मित्तल आदि का सहयोग रहा।


श्री कृष्ण लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार



**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिलेगी। हल्के बादल छा सकते हैं।

32⁰ अधिकतम तापमान | 21⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.14 | सूर्यास्त 05.38

### धनाराघाट पर नाव का संचालन शुरू

**पूरनपुर :** शारदा नदी में जलस्तर कम हो गया है। जल्द ही नदी पर पेंटून पुल तैयार किया जाएगा। पुल न बनाए जाने तक नदी पार आवागमन के लिए नाव का संचालन शुरु कर दिया गया है। इससे तहसील मुख्यालय पहुंचने वाले ग्रामीणों को लंबा चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। नाविक बब्लू मांझी ने बताया कि नाव का संचालन शुरु कर दिया गया है। इससे आसपास के गांवों के लोगों को आवागमन की सुविधा हो गई है। दीपावली पर लोगों अब आसानी से खरीदारी के लिए आना जाना होगा।

### कच्ची शराब के साथ दो युवक पकड़े

**घुंघचिहाई :** गश्त के दौरान पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को पकड़ा। उनके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि आरोपी ग्राम सिमराया निवासी भीमसेन और दंदौल कॉलोनी निवासी कर्मजीत के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गईहै।

# फीकी न रह जाए दिवाली.. बजाज मिल पर 178 करोड़ बकाया

## गन्ना एवं चीनी राज्यमंत्री के जिले का हाल : नए सत्र की चल रहीं तैयारियां, पिछला चुकता नहीं कर पाई मिल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** दिवाली के सिर्फ 11 दिन शेष रह गए हैं, लेकिन बरखेड़ा चीनी मिल की ओर से किसानों का अब तक गन्ने का बकाया भुगतान नहीं हो सका है। जबकि गन्ना एवं चीनी मिल के राज्यमंत्री जिले के ही हैं। फिर भी किसान भुगतान के लिए परेशान हैं। ऐसे में किसानों की दिवाली फीकी होने वाली है। किसान भुगतान की आस लगाए बैठे हैं, लेकिन भुगतान कब मिलेगा कुछ भी पता नहीं है।


बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा। ● अमृत विचार

> जिले की चार चीनी मिलों में बजाज चीनी मिल का ही बकाया चल रहा है। कई बार नोटिस जारी किया गया है। मिल प्रबंधन की ओर से दिवाली से पहले भुगतान करने की बात कही गई है। उम्मीद है कि भुगतान हो जाएगा।
> – खुशीराम भार्गव, जिला गन्ना अधिकारी

जनपद में चार चीनी मिलें संचालित हो रही हैं। जिसमें एलएच चीनी मिल पीलीभीत, दि किसान सहकारी चीनी मिल पूरनपुर व बीसलपुर की सहकारी चीनी मिल शामिल हैं। बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल बरखेड़ा में नौ नवंबर 2023 को पेराई सत्र की शुरुआत की गई थी। मिल की पेराई क्षमता प्रतिदिन 75 हजार क्विंटल है, मगर मिल को मात्र 29-30 हजार क्विंटल की गन्ना मिल पा रहा था। जिसको लेकर मिल प्रबंधन द्वारा 20 फरवरी 2024 को मिल बंदी का पहला नोटिस जारी किया गया था। मिल से सम्बद्ध 45 क्रय केंद्रों पर गन्ना समाप्त होने के बाद प्रबंधन द्वारा खुली खरीद की गई। मगर, इसके बाद से चीनी मिल लगातार नोकेन में बंद हो रही थी। ऐसे में 57.21 लाख क्विंटल गन्ना पेराई करने के बाद 26 फरवरी को मौजूदा पेराई सत्र समाप्त कर मिल बंद कर दी गई थी। जबकि पिछले पेराई सत्र में 84.56 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की गई थी।

इस बार करीब 28 हजार किसानों ने गन्ना मिल को दिया जबकि पिछली बार किसानों की संख्या 35 हजार के पार पहुंची थी। मिल को बंद हुए चार माह बीत चुके हैं। गन्ना विभाग के अधिकारी शुरुआत से ही दावे करते रहे कि जल्द ही मिल से समस्त गन्ना मूल्य भुगतान करा दिया जाएगा। मगर भुगतान प्रक्रिया को गति नहीं मिल सकी है।

अभी भी गन्ना मूल्य की बकायेदारी बड़ी मात्रा में बनी हुई है। पेराई सत्र पूरा कर बंद हो चुकी बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल पर 177.96 लगभग 178 करोड़ रुपये की बकायेदारी है। चीनी मिल की ओर से अब तक 136.40 करोड़ का ही भुगतान किसानों को किया है। जोकि सिर्फ 43.44 फीसदी हुआ है। जबकि अन्य तीन चीनी मिलों का शत प्रतिशत भुगतान हो चुका है। किसान अपनी ही फसल का दाम पाने के लिए चक्कर लगाकर परेशान हैं। ये हाल तब है जब गन्ना एवं चीनी मिल राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार जनपद से ही हैं। ऐसा नहीं कि अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को हकीकत का पता नहीं। मगर, सिर्फ दावे और आश्वासन ही किसान को मिल सके हैं।

### बकाया भुगतान नहीं होने से गन्ना किसान चिंतित

**भुगतान को करते हैं जद्दोजहद**



जिले में सबसे अधिक बेकार स्थिति बजाज चीनी मिल की है। पहले किसान को गन्ना मिल तक पहुंचाने के लिए जदोजहद करना पड़ती है। इसके बाद भुगतान के लिए अफसरों के चक्कर के काटना पड़ते हैं। दिवाली का त्योहार सिर पर है। मगर भुगतान कुछ आता पता नहीं है। ऐसे में कैसे दीपालसी मनाएंगे।
– सीमा पाठक, ग्राम प्रधान मुड़िया हुलास

**हमारी कोई सुनने वाला नहीं**



हर बार की तरह इस बार भी गन्ने के भुगतान के लिए चक्कर लगा रहे हैं। मगर कोई सुनने वाला नहीं है। मिल को 21 गन्ने की पर्चियों पर 1649 क्विंटल गन्ने की सप्लाई की थी। भुगतान के नाम पर कुछ रकम ही मिली है। ऐसे दिवाली के त्यौहार पर भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।
– अजय कुमार, गांव बहादुरपुर हुक्मी

**दोहरी मार झेल रहा किसान**



14 दिन में गन्ना भुगतान का वादा खोखला निकला। किसान बाढ़ और बकाया भुगतान की दोहरी मार झेल रहा है। नई फसल बोने के लिए रुपये नहीं हैं। बाढ़ की त्रासदी के बाद ही सरकार को उनका गन्ना भुगतान पूरा कराना चाहिए था। – दीपक पांडे, कस्बा बरखेड़ा

**बर्बाद हो चुका है किसान**



अभी तक जनवरी का भुगतान हो पाया है, जबकि मिल मार्च तक चली थी। चीनी मिल पर 177.96 करोड़ का किसानों का बाकी है। नियम कायदे ताख पर रख दिए गए हैं। किसान बाढ़ से बर्बाद हो गया है। सरकार को एक साथ पूरा भुगतान जल्द कराना चाहिए। – रामलाल ,मुड़िया

# इंस्पेक्टर अशोक पाल का गैर जमानती वारंट जारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- 23 अक्टूबर को अदालत में पेश करने के आदेश
- दर्ज वाद में नियत तिथि पर नहीं हुए कोर्ट में उपस्थित

**अमृत विचार:** न्यायालय की अवमानना में फंसे इंस्पेक्टर अशोक पाल (तत्कालीन बीसलपुर कोतवाल) की मुश्किल कम नहीं हो सकी हैं। न्यायिक मजिस्ट्रेट बीसलपुर दुष्यंत कुमार शर्मा ने एक परिवाद में बीसलपुर पुलिस द्वारा अभियुक्त के गैर जमानती वारंट तामील न कराने और कोतवाल बीसलपुर द्वारा न्यायालय को कारण बताओ नोटिस का स्पष्टीकरण न देने पर दर्ज किए गए वाद की तिथि में हाजिर न होने पर अब सख्त रुख अपनाया है। इंस्पेक्टर अशोक पाल का गैर जमानती वारंट जारी किया गया है। एसपी को पत्र लिखकर 23 अक्टूबर को इंस्पेक्टर अशोक पाल को न्यायालय में उपस्थित करने के आदेश दिए गए हैं।

बता दें कि न्यायिक मजिस्ट्रेट बीसलपुर की अदालत में एक परिवाद अंकित गंगवार बनाम प्रदीप सिंह में न्यायालय द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किए गए थे। इन आदेशिकाओं के संबंध में बीसलपुर पुलिस द्वारा कोई आख्या न्यायालय में प्रेषित नहीं की गई। तब न्यायालय ने कोतवाल बीसलपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आख्या प्रस्तुत करने को आदेशित किया था, लेकिन कोतवाल बीसलपुर ने ना तो न्यायालय में गैर जमानती वारंट के संबंध में कोई आख्या न्यायालय प्रेषित की और ना ही कोई स्पष्टीकरण न्यायालय को दिया जाना उचित समझा था। इस पर न्यायिक मजिस्ट्रेट बीसलपुर दुष्यंत कुमार शर्मा ने तत्कालीन कोतवाल बीसलपुर (इंस्पेक्टर अशोक पाल) के इस आचरण को न्यायालय की अवमानना की श्रेणी में मानते हुए तत्कालीन कोतवाल बीसलपुर अशोक पाल के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 211 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित किया था। बताते हैं कि इंस्पेक्टर अशोक पाल के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था। इसके बाद सम्मन /जमानती वारंट जारी किए गए थे। इसमें 15 अक्टूबर की तिथि नियत की गई थी, लेकिन इस तिथि पर भी इंस्पेक्टर अशोक पाल न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए। जिसके बाद अब गैरजमानती वारंट जारी किया गया है।

# पूरनपुर गन्ना समिति के निर्विरोध सभापति चुने गए नितिन दीक्षित


नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन दीक्षित को प्रमाणपत्र देते एसडीएम अजीत प्रताप सिंह।

संवाददाता, पूरनपुर

- प्रेम प्रकाश चुने गए उपाध्यक्ष समर्थकों ने किया स्वागत

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति में भाजपा समर्थित नितिन दीक्षित निर्विरोध सभापति चुने गए। समर्थकों ने उन्हें फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी। पूरनपुर सहकारी गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष पद के लिए नितिन दीक्षित को भाजपा समर्थित प्रत्याशी घोषित किया था। चुनाव प्रकिया डेलीगेट के चुनाव से शुरु हुई। संचालक के चुनाव में नामांकन पत्र जमा न कराए जाने का शोर मचा था। चुने गए 12 संचालकों में भी अधिककांश भाजपा के है। गुरुवार को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन हुए। इसमें अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के नितिन दीक्षित व उपाध्यक्ष पद के लिए प्रेमप्रकाश ने नामांकन पत्र जमा किए। अन्य किसी का नामांकन न होने पर नितिन दीक्षित और प्रेमप्रकाश को निर्विरोध चुना गया। एसडीएम ने उन्हें प्रमाण पत्र सौंपे। इस दौरान विधायक बारबूराम पासवान, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरभाग सिंह, अपूर्व सिंह, प्राचार्या डा. सुधीर शर्मा, आशुतोष दीक्षित, राकेश मिश्रा, सत्येंद्र सिंह, अनुपम बाजपेई, अध्यक्ष एडवाकेट अमिताभ मिश्रा, सुभाष बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# पीलीभीत में दिग्विजय, बीसलपुर में राजेश बने अध्यक्ष

संवाददाता, पीलीभीत/बीसलपुर

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर चुनाव गुरुवार को हुआ। जिसमें पीलीभीत, बीसलपुर समिति में अध्यक्ष (सभापति), उपाध्यक्ष (उपसभापति) पद निर्वाचन हुआ। भाजपा नेताओं की मौजूदगी में नवनिर्वाचित अध्यक्षों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान समितियों पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।


सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत के अध्यक्ष चुने गए दिग्विजय सिंह के साथ भाजपा नेता। ● अमृत विचार

- सहकारी गन्ना समिति में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद पर चुनाव को लेकर सुरक्षा रही सख्त

सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत में अध्यक्ष पद पर ग्राम ऐमी के चौधरी दिग्विजय सिंह पुत्र जगवीर सिंह चुने गए। जबकि उपसभापति पद पर चिनौरा के जगदीश चंद पुत्र रुपचंद चुने गए। इसके अलावा सत्यप्रकाश, भजनलाल, जगदीश चंद, धर्मपाल, सोमपाल, मुन्नीदेवी, ममता देवी, विजयपाल गंगवार आदि संचालक सदस्य निर्विरोध चुने गए थे। उधर, बीसलपुर सहकारी गन्ना समिति में 11 संचालकों के पदों पर चुनाव होना था, जिसमें से आठ संचालक निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे। जबकि तीन संचालकों के पदों के लिए डेली गेट द्वारा मतदान किया गया। गुरुवार को गन्ना समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर चुनाव संपन्न होना था।

जिसमें बिलसंडा थाना क्षेत्र के ग्राम सिमरोली निवासी राजेश सिंह उर्फ बबलू को गन्ना समिति का निर्विरोध अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद के लिए बरखेड़ा के राजेश उर्फ राजू की पत्नी शीला देवी भी निर्विरोध निर्वाचित हुई। आरओ तहसीलदार करम सिंह ने निर्वाचित अध्यक्ष राजेश सिंह को भाजपा के बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा व अन्य संचालकों की मौजूदगी में प्रमाण पत्र देकर उनके अध्यक्ष बनने की घोषणा की। राजेश सिंह के अध्यक्ष बनने के बाद भाजपाइयों ने जमकर खुशी मनाई। इस मौके पर प्रांजल, ईशू मिश्रा, आयुष मिश्रा, राजू पाठक, संतोष गंगवार ,राजेंद्र भारती, सतीश मिश्रा, शरद पाल, हरिशंकर श्रीवास्तव, संजय शर्मा, राम बहादुर शर्मा आदि मौजूद रहे।


बीसलपुर गन्ना विकास समिति अध्यक्ष चुने जाने पर राजेश सिंह का स्वागत करते समर्थक।

## सार-संक्षेप

### डॉ.मेहरे का 124वां जन्मदिन मनाया, कई अफसर पहुंचे



**पीलीभीत, अमृत विचार :** शरद पूर्णिमा के मौके पर सीतापुर नेत्र चिकित्सालय के संस्थापक पद्म भूषण, पद्मश्री डा. एमपी मेहरे का 124वां जन्मदिन मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि डीएम संजय कुमार सिंह पहंचे। उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित किया एवं डा. मेहरे के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी केकेसिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया, संस्था के उपाध्यक्ष डा. आलोक कुमार, संस्था के सचिव खुशीराम भार्गव भी शामिल हुए। उन्होंने भी डॉ.मेहरे को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सचिव एवं प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. एनके बालियान ने अतिथियों का स्वागत किया। डा. मेहरे के जीवन पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डीएम ने नवनिर्मित कक्ष का उद्घाटन भी किया। निशक्त जन सेवा संस्था के अध्यक्ष अमृतलाल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रोटरी क्लब मातृ शक्ति पूनम चन्द्रा, समाजसेवी पदमा चन्द्रा, उदित रस्तोगी, दर्शना बालियान, अनिल कमल, डा. लक्ष्मीकांत दीक्षित, विकास कपूर आदि मौजूद रहे।

### महेंद्र गंगवार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए

**मझोला, अमृत विचार :** भूढ़िया अमरिया सहकारी गन्ना विकास समिति में गुरुवार को सभापति और उपसभापति के चुनाव हुए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के मंडल महामंत्री महेन्द्र गंगवार अध्यक्ष पद पर निर्विरोध जबकि उपाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र कुमार निर्वाचित हुए। उनका फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर मानसिंह राठौर, छेदालाल वर्मा, चेतराम वर्मा, पातीराम, जसविंदर सिंह, जोधवीर सिंह, गोल्डी सिंह, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद रहे।

### गुरुद्वारे के पास मिला व्यक्ति का शव

**अमरिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में सितारगंज हाईवे के किनारे बढ़ापुरा गुरुद्वारे के पास बुधवार देर शाम अज्ञात युवक का शव मिला। राहगीरों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। काफी प्रयास करने के बाद भी युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी। एसओ ब्रजवीर सिंह ने बताया कि मृतक मानसिक मंदित प्रतीत हो रहा है।

### माला नदी के पास बेसुध मिला युवक

**गजरौला, अमृत विचार :** माला नदी शिव मंदिर के नजदीक बेसुध हालत में एक युवक मिला। पुलिस ने उसे अस्पताल भिजवाया। थाना माधोटांडा के ग्राम बांसखेड़ा के बेनीराम ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र महेश पाल मजदूरी करने के लिए मंगलवार को घर से निकला था। महेश पाल से गजरौला थाना क्षेत्र के माला नदी स्थित मंदिर के नजदीक कुछ लोगों ने मारपीट की। बेसुध हालत में छोड़ जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### उधारी के रुपये मांगने पर दी धमकी

**बीसलपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला दुर्गाप्रसाद की कुलविंदर कौर पत्नी बलजीत सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने गुरमुख सिंह पुत्र अजीत सिंह को 40 हजार रुपये उधार दिये थे। जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने टालमटोल की और फिर इन्कार कर दिया। रुपये दोबारा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### 28 अक्टूबर को होगा कवि सम्मेलन

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मेला श्री रामलीला में 27 अक्टूबर को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होगा। मेला कमेटी के बाजार प्रबंधक अभय अग्रवाल उर्फ पप्पू ने बताया कि 27 अक्टूबर की रात आठ बजे से मेला मैदान परिसर में ही आयोजन होगा। जिसमें राजस्थान से कुंवर जावेद, बिहार से शंभू शिखर, प्रतापगढ़ से प्रीति पांडे, एकता भारती, मध्य प्रदेश से अकबर ताज, दिल्ली से सुदीप भोला, लखीमपुर से नवल सुधांश, दिल्ली से मानवीर मधुर, फैजाबाद से अनुराग मिश्रा, गोरखपुर से नूर गोरखपुरी आएंगे और अपनी कविताएं प्रस्तुत करेंगे।

### पशु अस्पताल से लिए दवाओं के सैंपल

**पीलीभीत,अमृत विचार :** औषधि निरीक्षक नेहा वैश्य ने गुरुवार को शहर में यशवंतरी देवी मंदिर के पास स्थित राजकीय जिला पशु चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बृजेश कुमार गौतम ने निरीक्षण में सहयोग किया। निरीक्षण के दौरान वहां पशुओं पर प्रयोग की जाने वाली औषधियों का नमूना लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजा। साथ ही परिसर में साफ सफाई, औषधियों का रखरखाव सही करना व रैक को बनाने के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए।

### हाईकोर्ट में नौकरी लगवाने के नाम पर 1.43 लाख ठगे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** हाईकोर्ट में नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक जालसाज ने दो युवकों से 1.43 लाख रुपये ठग लिए। जब नौकरी न लगने पर तकादा किया गया तो 50 हजार रुपये वापस कर दिए लेकिन 93 हजार रुपये अभी भी बकाया है। जिन्हें मांगने पर आरोपी ने धमकी देकर भगा दिया। मामले की मुख्यमंत्री को संयुक्त पत्र भेजकर शिकायत की गई है। मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में शहर के मोहल्ला बेनी चौधरी के निवासी दीपक रस्तोगी और न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम तुर्कपुर बढ़वार के दौलतराम ने बताया कि मोहल्ला मोहम्मद फारुख के एक व्यक्ति ने कुछ समय पूर्व उन्हें बताया कि हाईकोर्ट में नौकरी निकली हैं। आरोपी ने सचिवालय में अपनी जान पहचान का हवाला देते हुए नौकरी लगवाने का झांसा दिया। सात लाख रुपये नौकरी के एवज में मांगे गए। पीड़ित लोग आरोपी की बातों में आ गए। इसके बाद दोनों से 1.43 लाख रुपये ले लिए। बाकी रुपये बाद में देने के लिए कहा गया था। लंबे समय बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो तकादा किया गया। इस पर 30 हजार रुपये आरोपी ने दौलतराम को दे दिए जबकि कई बार में बीस हजार रुपये दीपक को वापस किए। मगर, बकाया 93 हजार रुपये वापस नहीं किए गए। बकाया रुपये मांगने पर पहले टालमटोल करता रहा और फिर मारने की धमकी दे डाली। मुख्यमंत्री से शिकायत कर दोनों पीड़ितों ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# जांच लंबित फिर भी लेखाकार को बीआरएस देने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- उपाधि महाविद्यालय में 2.5 करोड़ का निकला था गबन, एसआईटी जांच लंबित

**अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय में वित्तीय अनियमितताओं को लेकर तीन साल पहले राज्यपाल और कुलाधिपति से 46 बिंदुओं पर की गई शिकायत की जांच अभी लंबित चल रही है।

आरोप है कि जांच में सहयोग से बचने के लिए लेखाकार की अर्जी पर महाविद्यालय की ओर से बीआरएस दिलाकर एनओसी दे दी गई है। शिकायतकर्ता ने इस मामले में राज्यपाल को शिकायती पत्र भेजकर बीआरएस पर रोक लगाते हुए कार्रवाई को जल्द पूरा कराने की गुहार लगाई है। शहर के मोहल्ला थान सिंह निवासी नरेंद्र गिरि ने राज्यपाल को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने उपाधि महाविद्यालय में लेखाकार अनिल गोयल और कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से लाखों रुपये का गबन करने की शिकायत की थी। एक अस्वस्थ प्रवक्ता की गैर मौजूदगी में उनका वेतन निकालने, महाविद्यालय के बाग की नीलामी की धनराशि खुर्दबुर्द करने, दो प्रवक्ताओं की गलत तरीके से नियुक्ति करने, प्रोस्पेक्टस के नाम पर अधिक धनराशि वसूलने समेत 46 बिंदु शिकायत में शामिल थे। जिसमें करीब 2.5 करोड़ का गबन बताया गया था। कुछ साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए थे।

शिकायत पर संज्ञान लेते हुए पूर्व में शासन स्तर से पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। जिसमें शिक्षा निदेशक विभाग के वित्त नियंत्रक शिवराम की ओर से वरिष्ठ लेखा परीक्षक जीडी गौतम, शिवसरन और वित्त एंव लेखाधिकारी विक्रम सिंह को जांचधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच के दौरान उस वक्त टीम ने अनियमितताएं मिलने के साथ अभिलेख गायब होने की बात भी कही थी। जांच को लंबे समय के लिए दबा दिया गया। आरोप है कि जांच समिति को साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए थे लेकिन जांच कमेटी ने आरोपी लेखाकार को निदेशालय बुलाकर आरोपों में क्लीन चिट दे दी। इसको लेकर शिकायतकर्ता ने पुनः इस मामले की गंभीरता से एसआईटी जांच कराने की मांग उठाई। शिकायतकर्ता का कहना था कि उन्हें राज्यपाल की ओर से आश्वासन दिया गया है कि वह इस मामले में एसआईटी जांच कराने के आदेश दिए थे। लेकिन इसके बाद जांच से बचाने के लिए लेखाकार अनिल गोयल को बीआरएस देते हुए महाविद्यालय की ओर से एनओसी जारी कर दी गई। जबकि प्रकरण की अभी जांच चल रही है। शिकायकर्ता ने लेखाकार का जांच पूरी होने तक बीआरएस रोक लगाने की मांग उठाई है।

# किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले को चार साल कैद, जुर्माना

विधि संवाददाता,पीलीभीत

- अपर सत्र न्यायाधीश छांगुर राम ने सुनाया फैसला

**अमृत विचार:** अपर सत्र न्यायाधीश बलात्कार एवं पॉक्सो अधिनियम छांगुर राम ने एक मामले की सुनवाई के बाद थाना माधोटांडा क्षेत्र के रहने वाले रंजीत कुमार पुत्र सत्यपाल को किशोरी से छेड़छाड़ करने का दोषी पाते हुए चार साल कैद और आठ हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। न्यायालय ने यह भी आदेश किया है कि अर्थदण्ड की धनराशि में से 75 प्रतिशत धनराशि पीड़िता को बतौर प्रतिपूर्ति देय होगी। राज्य सरकार की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रोहित कुमार शुक्ल ने की।


अभियोजन के अनुसार क्षेत्र के एक व्यक्ति ने थाना माधोटांडा में रिपोर्ट लिखाई थी। जिसमें बताया था कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री दो जून 2017 को घर से अपने मौसा के यहां मेहमानी में गई थी। घटना के दिन आरोपी रंजीत ने मौसा के घर आकर वादी की पुत्री को गलत नीयत से पकड़ा और खींचने लगा। पुत्री के विरोध करने व शोर मचाने पर लोग जमा हो गए। आरोपी धमकी देकर भाग गया था।

# फिर चमकने लगा मिट्टी का कारोबार, दीये बनाने में जुटे कुम्हार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** दिवाली पर्व को लेकर मिट्टी के दीये और खिलौने समेत अन्य सामानों की मांग बढ़ गई है। बढ़ी मांग को पूरा करने के लिए क्षेत्र के कुम्हार माल तैयार करने में जुट गए हैं। दिवाली पर बाजार में मिट्टी के दीये, घंटी, कलशा सहित अन्य सामानों की मांग बढ़ जाती है। हालांकि इस बार लोग इलेक्ट्रॉनिक सामानों की तुलना मिट्टी से बने सामानों की मांग कर रहे हैं। इसको देखते हुए क्षेत्र के कुम्हारों ने मिट्टी का सामान बनाना शुरू कर दिया है।

शहर के मोहल्ला तुलाराम कुवंरगढ़, खुदागंज, बाग गुलशेर खां, गौहनिया, चिड़ियादाह, बिलगवां समेत करीब दस मोहल्लों में रहने वाले 500 परिवार मिट्टी के दीये, कुल्हड़ आदि बनाने का काम करते हैं। पहले इस कारोबार से इनके परिवार का भरण पोषण आसानी से हो जाता था। दिवाली पर गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, कुचरियां और दीयों की बिक्री की उम्मीद अधिक रहती है। इसलिए प्रजापति समाज के लोग त्योहार के दिनों में अधिक सक्रिय होकर मिट्टी के सामान बनाने लगते हैं। इस बार


करवा चौथ के लिए करवे तैयार करती महिला।


चाक पर दीये बनाता कुम्हार।


भट्टी से दीये निकालती महिला।

- हुनर : मूर्ति से लेकर दीये के काम ने पकड़ी रफ्तार, दीपावली पर महंगाई की भी पड़ेगी मार

दिवाली का पर्व 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा। हर कोई दिवाली की तैयारियों में जुटा हुआ है। वहीं, कुम्हार पिछले एक पखवाड़े से मिट्टी के दीपक, लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां बना रहे हैं, लेकिन आज के आधुनिक जमाने में मिट्टी से बने इन दीपों, करवे, कुलिया की लोग लागत देने को भी तैयार नहीं हैं। जबकि इस महंगाई में भी मिट्टी के दीये 60 रुपये सैकड़ा बिक रहे हैं। वहीं चाइनीज झालर और दीये 100 से 500 रुपये दर्जन बिक रहे हैं। फिर भी व्यवसाय की मंदी और आधुनिकरण की दौड़ में मिट्टी के बर्तन एवं दीये विलुप्त होते जा रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार पूजा-अर्चना के लिए मिट्टी के दीये एवं करवे पवित्र एवं शुद्ध माने जाते हैं। इस कारण आज भी दिवाली पर मिट्टी के दीपों से जगमगाते हैं, लेकिन शहरों में चायनीज झालरों, ट्यूब लाइट्स एवं जगमगाते हुए बल्ब ने ले ली है। कुछ कुम्हारों के पास दीये और मिट्टी के बर्तनों के ऑर्डर पहुंचने लगे है। जिसको इस बार भी 90 दिनों में तैयार होने वाली इस कारीगरी की कीमत 60 रुपये सैकड़ा से 80 रुपये सैकड़ा तक तय किया गया है। जबकि करवा चौथ पर प्रयोग किए जाने वाले करवे की कीमत सात से 15 रुपये तक तय की गई है।

### इलेक्ट्रिक चाक ने बढ़ाई रफ्तार

मिट्टी के बर्तन बनाने वाले कुम्हार शेषनाथ बताते हैं कि बदलते वक्त के साथ तकनीक बदली तो हम लोगों का काम भी थोड़ा आसान हुआ है। सरकार की ओर से मिले इलेक्ट्रिक चाक की मदद से अब एक दिन में चार से पांच गुना ज्यादा दीये तैयार हो जाते हैं। पहले दीपावली के लिए हाथों से दीपक तैयार करने के लिए छह महीने पहले से जुट जाते थे। इलेक्ट्रिक चाक आने के बाद अब दो से ढाई महीने में अच्छी मात्रा में दीये तैयार हो जाते हैं।


डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)

श्वास, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन आरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : – दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : – सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें- 7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय
प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया

फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

# आईजी ने निरीक्षण कर परखीं कोतवाली में व्यवस्थाएं

## दंगा निरोधी उपकरण अपडेट रखने, महिला हेल्प डेस्क पर शिकायतकर्ता का विवरण रजिस्टर में दर्ज के निर्देश

- त्योहारों पर भ्रमणशील रहकर निगरानी बढ़ाएं, विनम्रता रखें

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बरेली से पीलीभीत पहुंचे आईजी डॉ.राकेश सिंह ने सदर कोतवाली का निरीक्षण कर इंतजाम परखे। अभिलेखों में छिटपुट खामियां मिली, जिस पर इसका सुधार करने के निर्देश दिए गए। मातहतों को बखूबी बताया गया कि महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली पीड़िताओं के बारे में विस्तार से जानकारी किस तरह से दर्ज करनी है। इसके अलावा त्योहारी सीजन को देखते हुए भ्रमणशील रहने और सख्त बंदोबस्त करने के निर्देश दिए गए।

आईजी डॉ.राकेश सिंह के पहुंचते ही सर्वप्रथम कोतवाली परिसर में गार्द ने सलामी दी। इसके बाद उन्होंने परिसर का भ्रमण कर साफ सफाई की व्यवस्था परखी, जोकि संतोषजनक मिली। इसे और बेहतर बनाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद आईजी ने दंगा निरोधी उपकरणों जैसे एंटी राइट गन, रबर बुलेट, आंसू गैस के गोले, ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, बाडी प्रोटेक्टर, कैंशील्ड, हैंड गार्ड, लेग गार्ड आदि को देखा व चेक किया। इसे दुरुस्त रखने और अल्प समय में साथ लेकर चलने पर जोर दिया। कार्यालय, हवालात, मालग्रह, बैरक आदि में भी गए और मुआयना किया। कहा कि थाने पर आने वाले फरियादी को टाला न जाए। उसको त्वरित न्याय दिलाने के लिए काम करें। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से क्रियाशील रहें।

आईजी ने महिला हेल्प डेस्क पर जाकर भी वहां के रजिस्टर को चेक किया। जिसके बाद कहा कि आवेदिका/आने वाली पीड़िता का नाम, पता, मोबाइल नंबर एवं समस्या का स्पष्ट उल्लेख, समस्या के निराकरण के लिए की गई कार्रवाई और समस्या के निदान का विवरण रजिस्टर में स्पष्ट रुप से लिखा जाए। लम्बित महिला संबंधी अपराधों में प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश कोतवाल नरेश त्यागी को दिए गए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई पोर्टल ( आईजीआरएस) पर लंबित प्रार्थना पत्रों को शीघ्र समयावधि में निस्तारित कराएं। समाधान दिवस रजिस्टर, महिला बीट बुक , साईबर हेल्प डेस्क रजिस्टर भी चेक किया गया। इस मौके पर एसपी अविनाश पांडेय, एएसपी वीरेंद्र कुमार, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।


कोतवाली परिसर में दंगा निरोधी उपकरण चेक करते आईजी डा.राकेश सिंह।

### बोले- भूमि विवाद पर दिया जाए विशेष ध्यान

कई बार देखा गया है कि छोटे से भूमि विवाद के न सुलझने पर आगे चलकर रंजिश गहराती है और एक बड़ी वारदात की वजह बनकर सामने आती है। ऐसे में आईजी ने भूमि विवाद संबंधित प्रकरणों में राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित कर शीघ्र निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। थाना समाधान दिवस पर आए प्रार्थना पत्रों को आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करने के लिए कहा गया। ये भी कहा कि इन दिनों त्योहारी सीजन चल रहा है। बाजार में भीड़ अधिक है। ऐसे में यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने को प्लानिंग बनाकर काम करें। साथ ही क्षेत्र में पुलिस भ्रमण पर रहे ताकि अपराधी सक्रिय न हो पाएं। फुट पेट्रोलिंग, रात्रि गश्त बढ़ाने के साथ ही आम जनता से अच्छा व्यवहार रखें।

## जीआरपी ने आरोपी के घर चस्पा किया कुर्की का नोटिस


नोटिस चस्पा करते जीआरपी जवान।

**पूरनपुर, अमृत विचार :** ट्रेन और स्टेशन परिसर में चोरी व जहरखुरानी की घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपी के घर जीआरपी ने कुर्की उदघोषणा नोटिस चस्पा किया। निर्धारित समय में कोर्ट में आरोपी के न पहुंचने पर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी कई मुकदमों में लंबे समय से फरार है। थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव मुरादपुर माती का रंजीत कश्यप पुत्र रमेश कश्यप ट्रेन और स्टेशन परिसर में जहरखुरानी व चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। उसके खिलाफ जीआरपी थाने में कई मुकदमे भी दर्ज हैं और लंबे समय से फरार है। गुरुवार को लखीमपुर के थाना मैलानी की राजकीय रेलवे पुलिस कोर्ट के आदेश पर आरोपी रंजीत के घर पहुंची। डुग्गी पिटवाकर मुनादी कराई। आरोपी के घर कुर्की उदघोषणा का नोटिस चस्पा किया। जीआरपी मैलानी चौकी इंचार्ज सुधेश कुमार ने बताया कि आरोपी रंजीत कश्यप के खिलाफ कई धाराओं में मुकदमा दर्ज है।

# सर सैयद डे पर स्वास्थ्य शिविर में 800 लोगों का परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- शहर के एक बरात घर में आयोजित हुआ कार्यक्रम, डीएम भी पहुंचे

**अमृत विचार:** अलीगढ़ ओल्ड बॉयज फोरम की ओर से गुरुवार को सर सैयद डे मनाया गया। शहर के एक बरात घर में इस दौरान कई कार्यक्रम किए गए। स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जिसमें करीब 800 लोगों ने परीक्षण कराया। डीएम संजय कुमार सिंह भी शामिल हुए और सराहना की।

एक बरात घर में लगाए गए शिविर में डीएम ने पहुंचकर शुरुआत कराई। डॉ. शकील किदवई, डॉ.मनाजिर इकबाल.डॉ. परवेज खान. डॉ. विकास अग्रवाल, डॉ. जावेद खान, डॉ. नदीम, डा. जीशान, डॉ कीर्ति सिंह, डॉ. चांदनी मतलूब ने रोगियों का परीक्षण किया। सर्वाधिक रोगी ऑर्थोपेडिक हृदय रोग व डायबिटीज के मिले। दांत व आंख के रोगियों की संख्या भी अधिक थी। शिविर में डेढ़ लाख रुपये से अधिक की दवा का निशुल्क वितरण किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताएं भी कराई गईं। उसके विजेताओं, जूनियर वर्ग के मेधावी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। ड्राइंग प्रतियोगिता में तैयब नूर जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, मुस्कान बी पीलीभीत पब्लिक स्कूल, गुफरान खान एसएन इंटर कॉलेज, नात प्रतियोगिता में सुभान जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, मुसववीर ग्रीनबुड पब्लिक स्कूल, मोहम्मद मिराज जाम ए अनवर मदरसा, पैराग्राफ राइटिंग प्रतियोगिता में जेना जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, खदीजा अंसारी पीलीभीत पब्लिक स्कूल, इकरा नूर इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज, भाषण प्रतियोगिता में अनादिया जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, मेहरीन पीलीभीत पब्लिक स्कूल, मरियम नवेद लिटिल एंजेल्स, स्कूल स्टैंड अप कॉमेडी में अलिफ जाम ए अनवर पब्लिक स्कूल, आइरा अल्वी नोसेजी पब्लिक स्कूल को डीएम ने पुरस्कृत किया।

इस मौके पर रिजु पूनिया, सीएमओ डॉ.आलोक कुमार भी शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत अलीगढ़ ओल्ड बॉयज फोरम के अध्यक्ष अफरोज जिलानी, सचिव अखलाक हसन खान, यूनुस मलिक नासिर कमाल, नदीम, डॉ.सलमान,मेराज हुसैन, शहजाद शमसी,इलियास, डॉ.जावेद अहमद ने स्वागत किया।


पुरस्कृत किए गए बच्चों के साथ डीएम संजय कुमार सिंह व अन्य आयोजक। ● अमृत विचार


स्वास्थ्य शिविर में चेकअप करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

## लूटपाट की जांच करने पहुंची एसओजी

**पूरनपुर, अमृत विचार :** घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव सिमरिया ताल्लुके अजीतपुर बिल्हा के अशीष गुप्ता, आकाश कुशवाहा और आकाश शर्मा तीन दिन पहले कस्बे में की पंकज कलोनी में एक कार्यक्रम में आए थे। तीनों बाइक से कार्यक्रम से वापस घर जा रहे थे। बंडा रोड पर घाटमपुर के पास कार सवारों ने उन्हें रोक लिया। आरोप है कि कार सवार लोगों ने आकाश गुप्ता से मोबाइल, घड़ी और कुछ रुपये लूट लिए। लूटपाट के बाद कार सवार फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। गुरुवार को एसओजी की टीम जांच के लिए पूरनपुर पहुंची। कोतवाल राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
NABH PRE ACCREDITED
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकोम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

# शिकायतकर्ताओं से विनम्र व्यवहार रखें

- अपर पुलिस अधीक्षक ने बैठक कर पढ़ाया पाठ, कई बिंदुओं पर की बात

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) वीरेंद्र कुमार ने पुलिस लाइन सभागार में डायल 112 के पुलिसकर्मियों संग बैठक की। कार्य करने के तरीकों पर लंबी चर्चा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

एएसपी ने डायल 112 सेवा को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के लिए समस्त कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारी बताई। कहा कि अपने कार्य के प्रति और अधिक सजग, जिम्मेदार रहें। डायल 112 के ऐप और अन्य तकनीकी उपकरणों के सही एवं कुशल उपयोग की जानकारी दी गई। सभी को घटनास्थल पर समय से पहुंचने पर विशेष जोर दिया। ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में पीड़ित को समय पर मदद मिल सके। डायल 112 सेवा में तैनात कर्मियों को शिकायतकर्ताओं से विनम्र एवं संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए। ये भी कहा कि ड्यूटी के दौरान कहीं कोई दिक्कत आती है तो उसे तत्काल बताएं।


पुलिस लाइन सभागार में बैठक करते एएसपी वीरेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

### पूरनपुर की पीआरवी 5922 चुनी गईं इवेंट ऑफ द डे

**पीलीभीत, अमृत विचार :** हादसे की सूचना पर समय पर पहुंचने के साथ ही घायलों की मदद करने में तत्परता दिखाने पर पीलीभीत पुलिस की पीआरबी 5922 लखनऊ मुख्यालय से इवेंट ऑफ द डे चुनी गई। बताते हैं कि 16 अक्टूबर को 112 पर हादसे की सूचना दी गई थी। जिसके बाद लखनऊ मुख्यालय से पीआरवी 5922 को मौके पर भेजा गया था। जिसमें कमांडर प्रमोद कुमार सिंह, सब कमांडर शिव कुमारी, संगीता यादव और पायलट मनदीप सिंह ड्यूटी पर थे। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र उदय करनपुर गांव के पास दो ट्रकों में टक्कर हो गई थी और उनके चालक फंसे हुए थे। पीआरवी कर्मियों ने एक ट्रक में बुरी तरह से फंसे चालक को गैस कटर की व्यवस्था करने के बाद बमुश्किल बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया था। इस दौरान सहयोगी के तौर पर पीआरवी 2062 व 2063 को भी भेजा गया था। इसी बेहतर कार्य के लिए लखनऊ मुख्यालय से पीआरवी को इवेंट ऑफ द डे चुना गया।

## घर में घुसकर युवक को पीटा

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** ग्राम सिकराहना के अभिषेक पुत्र राजेंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह अक्टूबर की सुबह नौ बजे पड़ोस के रोहित, सोनपाल, इंद्रपाल, सुमित उसकी जगह पर ईट के टुकड़े लगाने लगे।

विरोध करने पर आरोपियों ने हमला कर पिटाई कर दी। घर में घुसकर असलहा लहराते हुए धमकाया। बचाने आए परिजन से भी मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

## दिवाली से पहले शिक्षक कर्मचारियों को दिलाया जाए वेतन, ज्ञापन सौंपा

**पीलीभीत, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट ने गुरुवार को डीआईओएस को ज्ञापन देकर दिवाली से पूर्व वेतन दिलाने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष लक्ष्मीकांत शर्मा व जिला मंत्री सतीश चंद्र गंगवार ने दिए गए ज्ञापन में बताया कि राम इंटर कॉलेज के मार्च 2023 में सेवानिवृत शिक्षक पूरन लाल के एनपीएस के भुगतान व पेंशन निर्धारण, इसी विद्यालय के प्रवक्ता डॉक्टर धर्मेंद्र सबरवाल की पूर्व विद्यालय की सेवाओं का जोड़ना, गांधी स्मारक इंटर कॉलेज बिलसंडा के शिक्षकों के चयन वेतनमान स्वीकृत करना, आजाद इंटर कॉलेज मीरपुर वाहनपुर के प्रधानाचार्य का चयन वेतनमान स्वीकृत करना ,सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कॉलेज अमृता खास के शिक्षक हरीश कुमार व सुरेंद्र कुमार का जुलाई व अगस्त का अवशेष वेतन भुगतान, जहानाबाद के सेवानिवृत्त परिचारक रामचंद्र का जीपीएफ का अवशेष भुगतान नहीं हो सका है। इसे जल्द कराने की मांग की गई। इसके अलावा कहा कि दीपावली से पूर्व शिक्षकों व कर्मचारियों को अक्टूबर माह का वेतन भुगतान, बोर्ड परीक्षा 2024 के कक्ष निरीक्षक व मूल्यांकन बिल पारित कराएं जाएं।

# महर्षि वाल्मीकि के जीवन मूल्यों को व्यक्तित्व में ढालने का आह्वान

## जनपद भर में धूमधाम से मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती, घरों में हुए पूजन, कई जगह हुईं विचार गोष्ठियां, शोभायात्रा निकाली

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** महर्षि वाल्मीकि जयंती जनपद भर में गुरुवार को धूमधाम से मनाई गई। शहर में सुबह प्रभात फेरी निकाली गई और कई जगह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। शिक्षण संस्थाओं में भी कार्यक्रम हुए। देर शाम शहर के मोहल्ला नखासा से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका तमाम स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर गुरुवार सुबह पूजन कर दीप प्रज्वलित कर प्रसाद वितरण किया और प्रभात फेरी निकाली गई। शहर के मोहल्ला डालचंद स्थित वाल्मीकि मंदिर में हवन पूजन किया गया। देर शाम मोहल्ला नखासा से महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें मोहल्ला नखासा के अलावा बेनी चौधरी, बागगुलेशर खां, खुदागंज, नई बस्ती से झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा मोहल्ला नखासा से शुरू होकर गैस चौराहा, मेन बाजार, ड्रमंड गंज चौराहा, बरेली दरवाजा, जाटों का चौराहा, बाग गुलशेर खां, लेखराज चौराहा, काला मंदिर होते हुए सुनगढ़ी थाने के रास्ते मोहल्ला नखासा में संपन्न हुई। महर्षि वाल्मीकि की मनमोहक झांकियों के अलावा राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, गणेश, और लव कुश की झांकी सजाई गई। जिन्हें देखने के लिए भीड़ उमड़ी रही। इधर, लोगों ने अपने घरों पर दीप जलाए।

महर्षि वाल्मीकि सेना (अटल) की ओर से आयोजित किए गए कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुई। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। उनके अलावा विशिष्ट अतिथि डॉ.विपिन नीरज, आईंडी पासवान , मोतीराम दिवाकर, शंकर राही, अशोक पुष्पाकर आदि ने विचार रखे। वाल्मीकि समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कार पुरस्कृत किया गया। बुजुर्गों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सचिव विट्ठललाल बाल्मीकि ने की। मुख्य संयोजक और महर्षि वाल्मीकि सेना (अटल) भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष अटल वाल्मीकि ने मुख्य अतिथि को महर्षि वाल्मीकि स्वामी की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की। संचालन विधिक सलाहकार एडवोकेट अमित पाठक ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री/ मीडिया प्रभारी रोहित कुमार रत्नाकर, जिलाध्यक्ष मुकुल वाल्मीकि, अजय चंद्रवंशी, सोनम वाल्मीकि, राजेंद्र कौर, गुड्डू वाल्मीकि,शेखर वाल्मीकि,संजीव वाल्मीकि,अभिषेक वाल्मीकि, वेद प्रकाश वाल्मीकि, हेमंत रत्नाकर, अमर दास वाल्मीकि, क्लार्क वाल्मीकि, आयुष मैसी, अभिषेक वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



नगरपालिका अध्यक्ष डॉ .आस्था अग्रवाल को महर्षि वाल्मीकि का चित्र भेंट करते पदाधिकारी।



शहर में निकाली गई शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि की झांकी। ● अमृत विचार

### बच्चों संग शिक्षकों ने मनाई वाल्मीकि जयंती

**पीलीभीत, अमृत विचार :** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उनका नमन किया गया। प्रधानाचार्य पूजा छाबड़ा ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके द्वारा रचित पावन ग्रंथ रामायण के बारे में बच्चों को बताया। प्रबंधक श्री देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि हम सभी को महान ऋषि के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। वह संस्कृत भाषा के आदि कवि भी हैं। बच्चों ने भी इस दौरान पुष्प अर्पित किए।

### सपा कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर किया नमन



**पीलीभीत, अमृत विचार :** नकटादाना चौराहा स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर गुरुवार को संस्कृत रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनाई गई। पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण कर अपनी आस्था प्रकट करते हुए उनका नमन किया। जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने किया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, रूपराम कश्यप , अमित पाठक, अकबर अहमद, नरेश कुमार, रामनाथ वर्मा, राममूर्ति यादव आदि मौजूद रहे। उधर, मोहल्ला नखासा में भी एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसमें सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह यादव भी शामिल हुए और उन्होंने अपने विचार रखे। इस मौके पर संतोष वाल्मीकि, विशाल वाल्मीकि, एडवोकेट रामेश्वर दयाल वाल्मीकि, फैज अफजाल अहमद, हरनाम सिंह यादव, गौरव पासवान, कंचन वाल्मीकि, अमितोष वाल्मीकि, गोविंद वाल्मीकि, रजत वाल्मीकि, अनूप वाल्मीकि, शादाब खान, शुभ वाल्मीकि, कृपाल सिंह, अमित वाल्मीकि, रोहित वाल्मीकि,सनी वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

### महिलाओं ने महर्षि के चित्र पर किए पुष्पअर्पित



**गजरौला :** कस्बे में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। गजरौला कलां मुस्तकिल की प्रधान जसोदा देवी की अगुवाई में लोग जमा हुए और फिर महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके बाद मिठाई बांटी। इस मौके पर ग्राम प्रधान पति नेमचंद वर्मा ने भी विचार रखे। वाल्मीकि स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी शामिल हुई।

### महर्षि वाल्मीकि से प्रेरणा लेने का किया आह्वान




**पीलीभीत, अमृत विचार :** उपाधि महाविद्यालय में बांसुरी सांस्कृतिक क्लब के तत्वाधान में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। प्राचार्य डॉ .दुष्यंत कुमार ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने विद्यार्थियों को महर्षि वाल्मीकि से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बांसुरी सांस्कृतिक क्लब के मंच का प्रयोग अपनी प्रतिभा निखारने के लिए करने का अनुरोध भी किया। हिंदी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रणव शास्त्री ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन मूल्यों को अपने व्यतित्व में ढालने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर मुस्कान बिष्ट,संगीता मौर्य,रौनक तिवारी,निखिल, तौरव मौर्य , मुकुल अग्रवाल, डॉ. राखी मिश्रा, डॉ. शैफाली सक्सेना, कविता कनोजिया, डॉ. दिवाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

### बिलसंडा में निकली शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा



शोभायात्रा में राधा कृष्ण की झांकी।



शोभायात्रा में महर्षि वाल्मीकि की झांकी।

**बिलसंडा, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि सेवा समिति के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर में निकाली गई शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महर्षि वाल्मीकि के अलावा राधा कृष्ण समेत देवी देवताओं की आकर्षक झांकियां भी लोगों का मन मोह रही थीं। गुरुवार दोपहर तीन बजे मोहल्ला देवीस्थान स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर शोभायात्रा शुरू हुई। बैंडबाजों की धुन पर शोभायात्रा नगर के कमल पार्क,पक्कतालाब,मुहल्ला जाटवपुरा,देविस्थान,थाना रोड होते हुए पुन महर्षि वाल्मीकि मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हो गई। बैंड बाजों की धुन पर लोग शोभा यात्रा में नाचते गाते चल रहे थे। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष प्रमेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ रहे। उधर नगर पंचायत प्रशासन की ओर से शोभायात्रा के सबसे आगे आगे स्प्रे मशीन से पानी का छिड़काव भी कराया गया। व्यवस्था में राजेश कुमार वाल्मीकि, सोनू वाल्मीकि, शालिग्राम, राजीव कुमार, राजू, रामसेवक, लल्लन, संत कुमार, मोनू वाल्मीकि, सुनील कुमार, रंजीत कुमार, कमल कुमार, मुकेश कुमार,मंगली प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दक्ष पांडे ने बढ़ाया पीलीभीत का गौरव



**पीलीभीत, अमृत विचार :** लिटिल एंजेल्स स्कूल के छात्र दक्ष पांडे ने 11 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक उड़ीसा के भुवनेश्वर स्थित आईआईटी इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई नेशनल स्विमिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया था। जिसमें उन्होंने 11 बर्षीय बालक वर्ग के 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में गोल्ड मेडल जीतकर नाम रोशन किया। बता दें कि दक्ष पांडे की एक उपलब्धि यह भी है कि बरेली मंडल में सीबीएसई स्विमिंग चैंपियनशिप का अब तक का यह पहला गोल्ड मेडल है। गुरुवार को प्रात : कालीन प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय प्रबंधन एवं विद्यालय के खेल विभाग द्वारा दक्ष पांडे का अभिनंदन किया गया। प्रबंधक डॉ .संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एनसी पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्जवल अग्रवाल, उपप्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा आदि ने बधाई दी। प्रबंधक ने कहा कि यह अत्यंत गौरवपूर्ण पल है कि कक्षा पांच का एक छात्र पीलीभीत से राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी छाप छोड़ता है। मंच संचालन का पंखुड़ी अग्रवाल ने किया।

### किसानों की समस्याओं का समाधान कराएं



**पीलीभीत, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर में हुई। जिसमें किसानों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई। सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर को अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा गया। पंचायत का संचालन जिला प्रभारी दिनेश कुमार ने किया। जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह ने कहा कि किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। धान खरीद में राईस मिलर द्वारा अवैध कटौतियों को बन्द कराया जाए। गन्ना का बकाया भुगतान जल्द हो। इसके अलावा पूरनपुर चीनी मिल को 15 नवंबर तक चलाने ,टाइगर रिजर्व जंगल की जाल फेसिंग पूरी कराने,ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली विभाग द्वारा मीटर चेकिंग पर अवैध रूप से धन की हो रही वसूली पर अंकुश लगाने, छुट्टा पशुओं को पकड़कर गोशाला भिजवाने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया है। इस मौके पर बालक राम,रामगोपाल, सर्वेश कुमार, रुपराम,रहीम अली,हरेंद्र, अशोक, रामानंद, जगदीश प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद, रेशमा वर्मा, सोनादेवी आदि मौजूद रहे।

### डीएम से ग्रामीणों ने लगाई गुहार

**घुंघचिहाई, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम बिलंदपुर अशोक के कई ग्रामीणों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजा। जिसमें बताया कि उनके मकान गांव के बाहर बने हैं। मकान को जाने वाले रास्ते पर गांव के ही कुछ लोगों ने नींव खोदकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।जिससे घर तक पहुंचने का रास्ता ही बाधित हो रहा है। आवाजाही में दिक्कत हो रही है। विरोध करने पर निर्माण कराने वाले धमकाते हैं। जाति सूचक शब्द का प्रयोग कर अपमानित किया जाता है। हल्का लेखपाल ने मौके पर नापजोख की और फिर साठगांठ कर पीड़ितों के मकान को ही अवैध बता दिया। मामले की जांच कराकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत करने वालों में रेनू देवी, नरेश कुमार,नाजरा, मोहरवली, रेशमा,अरविंद, मोरवती, बराती लाल, अंकुल, ओमप्रकाश आदि हैं।



मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# संशाधनों पर मिलेंगे अंक, केंद्र निर्धारण को मेरिट

## यूपी बोर्ड परीक्षाः स्कूलों की जांच के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर की जा रही फीडिंग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने साल 2025 में होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बोर्ड ने स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं के लिए अंक निर्धारित किए हैं, जिसके आधार पर विद्यालयों की मेरिट तैयार होगी और फिर बेहतर रैंक वाले स्कूलों को बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र बनाया जाएगा। बता दे कि फरवरी 2024 में संपन्न हुई बोर्ड परीक्षा के लिए 137 स्कूल केंद्र बनाए गए थे।

जिले में यूपी बोर्ड के राजकीय, अशासकीय एवं वित्तविहीन सहित कुल 306 विद्यालय संचालित हैं। इनमें प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के साथ छात्रों के परीक्षा फार्म भी भरवाए जा चुके हैं। इसके बाद अब यूपी बोर्ड ने अगले साल होने वाली बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं, जिसके तहत केंद्र निर्धारण की कवायद शुरू हो गई है। बोर्ड ने केंद्र बनाने से पहले विद्यालयों का सत्यापन कराया है, जिससे वहां पर मौजूद सुविधाओं का सत्यापन हो सके। इन सुविधाओं के लिए बोर्ड ने अंक निर्धारित किए हैं। इनके आधार पर स्कूलों की मेरिट बनाई जाएगी। इसमे बेहतर रैंक वाले विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा कराने के लिए केंद्र बनाया जाएगा।


डीआईओएस कार्यालय के परीक्षा कक्ष में फीडिंग कराते प्रधानाचार्य। ● अमृत विचार

● **फरवरी में 137 केंद्रों पर संपन्न हुई थीं बोर्ड परीक्षाएं**

### जिले में विद्यालय- 312

| | |
|---|---|
| राजकीय | 58 |
| सहायता प्राप्त | 45 |
| वित्त विहीन | 203 |
| साल 2024 की बोर्ड परीक्षा में केंद्र बने | 137 |

### बोर्ड स्तर से बनाई जाएगी मेरिट

आगामी बोर्ड परीक्षा के लिए केंद्र बनाए जाने के लिए शासन के निर्देश पर स्कूलों का सत्यापन कराया गया था। इसके लिए तहसील स्तर पर टास्क फोर्स गठित हुई थी। इसमें एसडीएम, तहसीलदार, तहसील के वरिष्ठ प्रधानाचार्य, लोक निर्माण विभाग के अभियंता शामिल थे। इनकी रिपोर्ट आने के बाद डीआईओएस ने बोर्ड की बेवसाइट पर फीडिंग करानी शुरू कर दी है। इसके आधार पर बोर्ड स्तर से मेरिट बनाकर केंद्र निर्धारित किए जाएंगे।

### इस तरह दिए जाएंगे अंक

यूपी बोर्ड ने इंटरमीडिएट स्तर के स्कूलों को 20 अंक, हाईस्कूल स्तर के स्कूलों को 10 अंक, राजकीय विद्यालय को 50 अंक, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों को 40 अंक और स्ववित्त पोषित माध्यमिक विद्यालयों को 20 अंक निर्धारित किए हैं। प्रति शिक्षण कक्ष के लिए पांच अंक, सीसीटीवी कैमरों के लिए 10 अंक, 2024 में परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर 20 अंक, 2024 का हाईस्कूल व इंटर का उत्तीर्ण प्रतिशत 90 से अधिक होने पर 10-10 अंक दिए जाएंगे। वहीं स्मार्ट क्लास का संचालन होने पर 10 अंक, राज्य स्तर पर टॉप-10 सूची में छात्र-छात्राओं के स्थान पाने पर 20 अंक व जिला स्तर पर टॉप-10 सूची में स्थान पाने पर 10 अंक मिलेंगे।

> यूपी बोर्ड की परीक्षा के लिए केंद्र बनने हैं। इसके लिए स्कूलों का सत्यापन कराया गया है। टास्क फोर्स की जांच आख्या की फीडिंग शुरू हो गई है। इसके बाद बोर्ड ही केंद्रों का निर्धारण करेगा।
>
> **-डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह,** डीआईओएस

# जाइ न बरनि मनोहर जोरी जो उपमा कछु कहौं सो थोरी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● **श्रीराम कथा में प्रशांतजी महाराज ने सुनाया सीता विवाह का संगीतमयी प्रसंग**


**अमृत विचारः** सुहेला के श्री हनुमान मंदिर में हो रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में कथा व्यास प्रशान्त जी महाराज ने सीताराम विवाह की संगीतमयी कथा का वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

कथा व्यास ने सुनाया कि वर और कन्या सुंदर भांवरे ले रहे हैं। जनकपुर वासी विवाह का आनंद ले रहे हैं। सीताराम की मनोहर जोड़ी का वर्णन नहीं किया जा सकता है। गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं ऐसी वर वधू की जो कुछ उपमा कहूं वही थोड़ी होगी।

कुंअंरु कुंअरि कल भावंरि देहीं। नयन लाभु सब सादर लेहीं।

जाइ न बरनि मनोहर जोरी। जो उपमा कछु कहौं सो थोरी।

श्रीराम के विवाह के साथ भरत, लक्ष्मण, शत्रुघ्न का विवाह भी हुआ। जनकपुरी से लेकर अयोध्या तक के नर-नारी प्रसन्न हैं। सम्पूर्ण त्रिभुवन इस विवाह को देख कर


प्रशांतजी महाराज।

आनंदित हो रहा है। ब्रम्हा, महेश तथा सभी देवतागण पुष्प वर्षा कर रहे हैं। कथा में उपस्थित श्रोता भी पुष्प वर्षा कर नृत्य करने लगे। कथा में छप्पन प्रकार के मिष्ठान्नों का भोग भी लगाया गया। यजमान आनन्द त्रिवेदी, साधना त्रिवेदी, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, जया अग्निहोत्री, सरोज मिश्रा, दुर्गाप्रसाद मिश्र, राकेश शुक्ल, माखनलाल, ज्ञानेन्द्र वाजपेयी, भगवत् स्वरूप दीक्षित, राकेश सिंह, वीरेंद्र कुमार राठौर आदि मौजूद रहे।

# संगोष्ठी में बताया सत्संग का महत्व

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** दशहरा मेला के सांस्कृतिक मंच पर बुधवार रात रामायण संगोष्ठी हुई। आरंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता उमाशंकर मिश्र, विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद के आचार्य संजय मिश्र, हिंदू युवा वाहिनी के विपिन मिश्र ने किया।

लखनऊ से आए हरिओम बाजपेई ने भजन जब भी किसी ने तेरा नाम लिया तेरी याद आ गई सुनाकर लोगों को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। उन्होंने सत्संग की महिमा बताते हुए कहा कि वास्तविकता में सत्संग प्रभु की कृपा से मिलता है, क्योंकि सत्संग संसार में दुर्लभ है। कुसंग से सदैव बचना चाहिए, क्योंकि कुसंग जीवन में महा रोग की तरह होता


रामायण संगोष्ठी में दीप जलाते भाजपा नेता उमाशंकर मिश्र। ● अमृत विचार

● **दशहरा मेले में हुआ रामायण संगोष्ठी का आयोजन**

है जो धीरे-धीरे हमारे जीवन को समाप्त करता है। दिनेश अवस्थी ने गोविंद मेरो है गोपाल मेरो है, कृष्ण गोविंद गोविंद गोपाल नंदलाल आदि भजन सुनाए। श्री राम वन गमन का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने कहा कि लोकमंगल और लोक कल्याण के लिए प्रभु ने वन जाना स्वीकार किया और धर्म की रक्षा की। नगर पालिका अध्यक्ष डा. इरा श्रीवास्तव ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। शिवाकांत मिश्र, कवि अनिल शुक्ला अमल, डॉ आलोक मिश्रा, राम नवल चौरसिया इत्यादि मौजूद रहे। संचालन राम मोहन गुप्ता ने किया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शुरू

**पलियाकलां, अमृत विचारः** विकासखंड पलिया के सभागार में पोषण भी पढ़ाई भी योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कोर्स डायरेक्टर सुजीत कुमार सिंह के द्वारा शुरू किया गया। खंड विकास अधिकारी पलिया संगीता यादव ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया।

प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में पोषण व पढ़ाई के बारे में बताया गया। साथ ही पोषण में गर्भवती, धात्री माता तथा 6 अन्य बातों की भी चर्चा की गई।

उचित पोषण न मिलने से बच्चों को होने वाली 21 दिव्यांगताओं की भी जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया।

# पीड़ित परिवारों की करनी चाहिए मदद

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** राघवेंद्र कल्याण मंडप में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन शैवाचार्य प्रशांत प्रभु महाराज ने कहा कि सनातन को बचाने व धर्म के लिए हम सभी को पीड़ित परिवारों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने व्यासपीठ से बहराइच कांड में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की भी घोषणा की।

उन्होंने कहा कि जैसा अन्न खाते है वैसा मन बन जाता है। यही मन मानव के आचरण का कारण बनता है। मनुष्य को अपने कर्मों के हिसाब से जब तक भोग भोगना है, तब तक उसे जीना ही पड़ेगा। आचरण में आए परिवर्तन के चलते ही मनुष्य बिना आत्मा के ही जी रहा है। ऐसे मानव आत्महीन, अज्ञानी व अविवेकीय है। अगर आपके हृदय में शिवत्व है, दया है तो शरीर


शिव महापुराण कथा में आरती करते यजमान व अन्य श्रद्धालु। ● अमृत विचार

● **प्रशांत प्रभु ने बहराइच कांड में पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता की घोषणा की**

चलता रहेगा और शिव की कृपा प्राप्त होती रहेगी। गणेश प्रतिमा के बारे में बताया कि तालाब की मिट्टी, गोबर, गंगाजल के मिश्रण से गणेश बनाओ। प्लास्टर आफ पेरिस से बनी मूर्ति की पूजा न करें। धर्म को बचाने के लिए धर्मगुरुओं को क्रांति लानी होगी।

महाराज ने बताया कि शिव की भक्ति करने से विधि का विधान भी बदल जाता। शिव ज्योति रूप में है, शिवलिंग को इसलिए ज्योतिर्लिंग कहकर पूजते हैं। शिव परम ज्योति स्वरूप ही ईश्वर है। शिव कथा सुनने से शिव पूजन का लाभ प्राप्त होता है।

## हॉकी टूर्नामेंट की विजेता बनी खेलो इंडिया सेंटर टीम



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** लालपुर स्टेडियम में चल रहीं तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का समापन ब्रहस्पतिवार को हुआ। अंतिम दिन बालक वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता हुई। उद्घाटन सेवानिवृत्त सीएमएस डॉ. विजय बहादुर राम और व उप क्रीड़ाधिकारी मोहम्मद इरफान ने किया। फाइनल मैच खेलो इंडिया सेन्टर और सरस्वती ज्ञान मंदिर के बीच खेला गया। विजेता खेलो इंडिया सेन्टर और उपविजेता सरस्वती ज्ञान मंदिर की टीम रही। प्रतियोगिता के निर्णायक विजय कुमार सिंह, लवकुश सिंह, निहाल राजेश, अभिषेक रहे। इस दौरान ओम प्रकाश, हितेन्द्र संजय कुमार यादव, मिथिलेश आदि मौजूद रहे।

## अपना दल एस ने डॉ. सोनेलाल को दी श्रद्धांजलि



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** जिला अध्यक्ष राजीव पटेल की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं ने अपना दल एस के संस्थापक डॉ सोनेलाल पटेल की पुण्यतिथि पर उनका भावपूर्ण स्मरण किया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव तेजवली सिंह एडवोकेट, विशिष्ट अतिथि राकेश कुमार वर्मा ने कहा कि डॉ. सोनेलाल पटेल ने अपने राजनैतिक जीवन में दबे कुचले वंचित शोषित पिछड़ा और कमेरा समाज के लिए संघर्ष कर उनके हक, अधिकार की लड़ाई लड़ी। जिला महासचिव बरकत अली अंसारी और जिलाध्यक्ष राजीव पटेल ने कहा कि सोनेलाल पटेल जैसा निडर और कार्यकर्ताओं के प्रति संघर्ष करने वाला नेता नहीं है। प्रदेश सचिव व्यापार मंच कमलेश कुमार वर्मा, प्रदेश सचिव विधि मंच महेश कुमार वर्मा, शारदा प्रसाद पटेल, भरत सिंह राज पासी, पटेल कपिल वर्मा, अनूप वर्मा, मुकेश वर्मा, रामनरेश सिंह, अयूब सिद्दीकी आदि रहे।

## खाद वितरण में अनियमितता पर सचिव निलंबित

**लखीमपुर खीरी :** बी-पैक्स मैलानी सोसाइटी में उर्वरक वितरण में अनियमितता के वीडियो का संज्ञान लेकर सीडीओ अभिषेक कुमार ने एडीओ कृषि, एडीओ सहकारिता और एडीसीओ की समिति से जांच कराई। जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर सचिव को निलंबित कर दिया गया है। सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि समिति ने खाद की गुणवत्ता व भंडारण का निरीक्षण किया। जांच के दौरान उर्वरक वितरण में बिना ई-पास मशीन के वितरण पाया गया। संबंधित समिति सचिव अनुपस्थित मिले। सीडीओ ने निर्देश दिए हैं कि सभी सोसाइटी पर सचिव नियमानुसार एवं रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहे। ई पास मशीन के टॉप-20 खरीददारों की लिस्ट निकाल कर उसका वेरिफिकेशन भी कराया जाए। किसानों को ई पास के जरिए नियमानुसार खाद वितरित किया जाए।

## मन्यौरा में रावण का पुतला दहन किया गया

**फरधान, अमृत विचार :** गांव मन्यौरा में पांच दिवसीय रामलीला मेला में गुरुवार को रावण दहन किया गया। आदर्श रामलीला कमेटी के कलाकारों ने तीर चलाकर रावण का वध किया। इससे पहले मेघनाथ व फिर कुम्भकर्ण और उसके बाद रावण वध का मंचन किया गया। जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान राजेश वर्मा, आलोक, शिवकुमार, विमलेश, आकाश, रवि वर्मा, सुशील वर्मा आदि मौजूद रहे।



# गांधी इंटर कॉलेज में मनाई वाल्मीकि जयंती

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** अमृत विचारः कस्बा बेलरायां स्थित गांधी इंटर कॉलेज में गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान एक गोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें वक्ताओं ने मर्हिष वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य, सभी शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने महर्षि वाल्मिकी की पूरी जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार महाग्रंथ रामायण की रचना महर्षि वाल्मीकि ने की। इसके अलावा विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक रविंद्र कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान कार्यालय लिपिक विनीत कुमार मिश्रा, के साथ ही अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# बम्हनपुर में गायत्री परिवार का दीक्षा पुनर्बोध कार्यक्रम


दीक्षा पुनर्बोध कार्यक्रम में शामिल गायत्री परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** निघासन के बम्हनपुर गांव में गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से दीक्षा पुनर्बोध कार्यक्रम हुआ। इसमें 300 से अधिक गायत्री परिजनों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य गायत्री परिवार से दीक्षा प्राप्त कर चुके परिजनों में उनके दायित्वों और संकल्पों का बोध करा अभियानों के लिए सक्रिय करना है।

युवा प्रकोष्ठ के अनुराग मौर्य ने बताया कार्यक्रम जयप्रकाश वर्मा, अजय वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा और सियाराम जायसवाल की प्रज्ञा टोली ने कराया। जयप्रकाश वर्मा ने कहा शिष्य होना सबसे बड़ी योग्यता है। बताया अक्तूबर 2025 में गायत्री परिवार की ओर से जिले में विराट नारी उत्कर्ष महोत्सव की योजना बनाई जा रही है। इसमे कई जिलों के लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम संयोजक देशराज राठौर, कनक पाल राणा, दामोदर प्रसाद वर्मा, जगदीश प्रसाद, हरि किशोर मौर्य, राम कुमार मौर्य, पंकज मौर्य, युवा प्रकोष्ठ के निर्वेन्द्र पाल, विवेकानन्द मौर्य, अतुल राजपूत आदि मौजूद रहे।

# वृद्ध आश्रम में कैंप लगाकर 60 बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** एक अक्तूबर को शुरू हुए बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण पखवाड़े का समापन बृहस्पतिवार को वृद्ध आश्रम में हुआ। इस दौरान 60 बुजुर्गों का परीक्षण कर दवाई देने के साथ फल वितरित किए गए।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके कोली ने बताया कि एक अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान और स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिए एक विशेष पखवाड़ा मनाया गया, जिसमें जिला चिकित्सालय के नोडल डॉ. शिखर वाजपेयी ने 536, मनोचिकित्सक डॉ. अखिलेश शुक्ल ने 132, ऑर्थोपेडिक सर्जन ने 227, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ ने 151 और नेत्र रोग विशेषज्ञ ने 169 बुजुर्गों


वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण करते डॉक्टर। ● अमृत विचार

● **बुजुर्गों के लिए आयोजित पखवाड़े में 1215 को दी गईं स्वास्थ्य सेवाएं**

का परीक्षण कर दवाई दी। इसके समापन पर वृद्धा आश्रम सलेमपुर कोन में शिविर लगाकर फल वितरण किया गया। कैंप लगाकर 60 बुजुर्गों को दवाई दी। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विनय, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीराम, स्टाफ नर्स विवेक मित्तल व नेहा परवीन, एनसीडी टीम में एपिडेमियोलॉजी डॉ. राकेश गुप्ता व विजय वर्मा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में पूर्णिमा पर किया भंडारा



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** बजाज हिंदुस्थान चीनी मिल के श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर हुए भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरु पूर्णिमा पर श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में गुरुवार को पूजन अर्चन कर मंदिर परिसर में भगवान श्रीलक्ष्मी नारायण को भोग लगाकर भंडारे का प्रसाद श्रद्धालुओं वितरित किया गया। भंडारे में यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### शशिकांत प्रदेश संगठन मंत्री, डॉ. वीरेश बने जिलाध्यक्ष

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था शब्दाक्षर के शशिकांत को प्रदेश संगठन मंत्री और डॉ वीरेशचंद्र बाजपेयी के जिलाध्यक्ष बनने पर शुभचिंतकों में खुशी है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रविप्रताप सिंह द्वारा शब्दाक्षर साहित्यिक संस्था लखीमपुर के जिलाध्यक्ष शशिकान्त मिश्र शशि को पदोन्नति कर प्रदेश संगठन मंत्री और उपाध्यक्ष डॉ वीरेशचन्द्र बाजपेयी को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नवीन कार्यकारिणी समिति के रिक्त पदों की पूर्ति कर नयी समिति घोषित की जायेगी।


डॉ वीरेशचंद्र बाजपेयी।


शशिकांत मिश्र।

### शहबाज अली ताइक्वांडो प्रतियोगिता में होंगे निर्णायक

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर की एलीट ताइक्वांडो एकेडमी के संचालक शहबाज अली पांडिचेरी में सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभा रहे हैं। पांडिचेरी के राजीव गांधी इंडोर स्टेडियम में 17 अक्टूबर से शुरू हुई 40 वीं सीनियर राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 20 अक्टूबर तक होगी। इससे पूर्व उनका तीन बार सीनियर नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में चयन किया जा चुका है। जिला ताइक्वांडो संघ के सेक्रेटरी एसएम आसिफ, एकेडमी में ताइक्वांडो सीख रहे खिलाडियों सहित नगर के तमाम लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।



### पलिया में सड़कों पर खड़ी होतीं है रोडवेज बसें

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर में रोडवेज बस अड्डा न होने से यहां रुकने वाली रोडवेज बसों को पलिया पुलिस चौकी चौराहे के निकट सड़क पर खड़ा करना पड़ता है। इससे जहां यात्रियों को परेशानी होती है, वहीं चालक परिचालक भी परेशान होते हैं। परिवहन निगम की अनेक बसें पलिया से दिल्ली, मथुरा, जयपुर, कानपुर, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, गोला व गौरीफंटा आदि को संचालित होती हैं। सभी रोडवेज बसें पुलिस चौकी चौराहे के पास खड़ी होती हैं। इससे यहां जाम लगा रहता है। रोडवेज बस अड्डा न होने से यात्रियों को काफी परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान की मांग कई बार उठी, लेकिन न तो रोडवेज के अधिकारियों ने कोई ध्यान दिया और न ही जनप्रतिनिधियों ने।



## एक नजर

### बंदरों से बाइक टकराई शिक्षक गंभीर घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गोला शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर बंदरों के झुंड से बाइक टकरा जाने से शिक्षक गंभीर घायल हो गया। नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज निवासी शिक्षक उपेंद्र कुमार वर्मा मोहम्मदी के टीपीआरएस स्कूल में कार्यरत हैं। रोज गोला से मोहम्मदी आते जाते हैं। हैदराबाद थाना क्षेत्र में कठिना नदी की मोड़ पर बंदरों का झुंड बैठा था, जो अचानक बाइक के सामने आ गया, जिससे टकराकर वह बाइक समेत गिरकर गंभीर घायल हो गए। उन्हें किसी तरह गोला लाया गया। हालत गंभीर होने पर उन्हें लखीमपुर ले जाया गया है।

### वाहन की टक्कर से बुजुर्ग महिला की मौत


**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सड़क पार कर रही एक बुजुर्ग महिला को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। थाना खमरिया क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी अनीता देवी (60) गुरुवार की दोपहर गांव खानीपुर के निकट पीलीभीत-बस्ती मार्ग को पैदल क्रास कर रही थी। इसी बीच किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। घटना के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हादसे की सूचना उसके परिवार वालों को दी। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजते हुए वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

### परेली गांव में पांच लाख का माल-जेवर चोरी

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम परेली में चोरों ने एक घर से लाखों का सामान चुरा लिया। पड़ोस के तीन अन्य घरों में चोरी करने का प्रयास किया, लेकिन परिजनों की सजगता से चोरों को उल्टे पांव भागना पड़ा। थाना क्षेत्र के ग्राम परेली में बुधवार की रात चोरों ने रविंद्र वर्मा के घर को निशाना बनाया। चोर दीवार के सहारे छत पर चढ़ गए और फिर ऊपर के कमरे में रखी सेफ को तोड़कर नगदी समेत करीब पांच लाख के जेवर चुरा लिए। उसके बाद चोरों ने गांव में ही अवधेश वर्मा के घर चोरी की कोशिश की, पर कामयाब नहीं हुए। फिर उन्होंने नरेंद्र वर्मा के घर चोरी का प्रयास किया, परिजनों के शोर मचा देने पर चोर भाग निकले। गांव में शोर सुनकर रविंद्र वर्मा के परिजन भी जाग गए और घर का सामान अस्त-व्यस्त देखा तो वह दंग रह गए। पुलिस ने मौका मुआयना तो किया है, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।


मैगलगंज में सभापति अखिलेश त्रिवेदी को प्रमाण पत्र देती निर्वाचन अधिकारी रेनू मिश्रा, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह।


नवनिर्वाचित सभापति राकेश सिंह।


एरा समिति के सभापति राजू सिंह को प्रमाण पत्र देते निर्वाचन अधिकारी शैलेंद्र कुमार। ● अमृत विचार

# गन्ना समितियों के सभापति पदों पर भाजपा उम्मीदवारों का कब्जा

## शहर की अरनीखाना समिति से अशोक अवस्थी निर्विरोध सभापति निर्वाचित, समर्थकों ने फूल माला पहनाकर किया स्वागत, मुंह मीठा कराया

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** जिले की विभिन्न गन्ना समितियों पर गुरुवार को मतदान हुआ। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद मतगणना हुई और परिणाम घोषित किए गए। सभी निर्वाचित सभापति का समर्थकों ने फूल माला पहनाकर मुंह मीठा किया और बधाई दी। अधिकांश जगहों पर सभापति व उपसभापति निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं।


शहर की सहकारी गन्ना विकास समिति अरनीखाना से भाजपा खीरी मंडल अध्यक्ष अशोक अवस्थी निर्विरोध सभापति चुने गए। सदर विधायक योगेश वर्मा व गोला नगर पालिका चैयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने उनका मुंह मीठा कराया और शुभकामनाएं दी।

**खमरिया:** गन्ना विकास समिति ऐरा में पुलिस सुरक्षा के बीच मूडी निवासी राजू सिंह ने अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए हरदासपुर निवासी विजय प्रताप सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। निर्धारित समयावधि तक कोई अन्य नामांकन पत्र नहीं खरीदा गया। जिसके चलते दोपहर बाद करीब 3:00 बजे आरओ शैलेंद्र कुमार ने राजू सिंह को सभापति व विजय प्रताप सिंह को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित करते हुए प्रमाण पत्र सैंपा। इस दौरान डायरेक्टर उत्तरा सिंह, भानु प्रताप सिंह, कमल किशोर सिंह, होशियार बक्श सिंह, सरयू प्रकाश पांडेय आदि मौजूद रहे।

**पसगवां:** सहकारी गन्ना विकास समिति जंगबहादुरगंज में सभापति पद के लिए गहमागहमी रही। सभी संचालकों ने अखिलेश त्रिवेदी को निर्विरोध सभापति बनने में समर्थन दे दिया। सभापति का नामांकन का समय समाप्त होने का बाद विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने दोनों पक्षों के साथ बैठकर जीत का जश्न मनाया। उपसभापति पद पर पूर्व प्रधान सल्लिया कुलदीप सिंह की माता उमा देवी भी निर्विरोध निर्वाचित हुई।

**मैगलगंज-चपरतला:** गन्ना समिति मैगलगंज में अध्यक्ष पद के भाजपा समर्थित उम्मीदवार राजेंद्र मिश्रा उर्फ पप्पू निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर व चुनाव अधिकारी रेनू मिश्रा की मौजूदगी में उन्हें व प्रमाण पत्र सौंपा गया। सभी ने नविनर्वाचित सभापति का माल्यार्पण कर स्वागत किया। एसके बाद मढ़ियाघाट पहुंचकर भोले नाथ की पूजा-अर्चना की।

**भीरा:** सहकारी गन्ना विकास समिति भीरा खीरी के संपन्न हुए अध्यक्ष पद के चुनाव में डॉ राकेश सिंह निर्विरोध सभापति चुने गए। किसानों व नवनिर्वाचित संचालकों ने उन्हें बधाई दी। महिला संचालक मंजू लता निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुई है।


सदर विधायक योगेश वर्मा व समर्थकों के साथ गन्ना विकास समिति अरनीखाना के सभापति अशोक अवस्थी। ● अमृत विचार


केन सोसायटी जंगबहादुरगंज में सभापति के प्रमाण पत्र के साथ निर्विरोध निर्वाचित अखिलेश त्रिवेदी व उपसभापति उमा देवी।

### अतुल प्रकाश त्यागी अध्यक्ष, चांदनी वर्मा उपाध्यक्ष निर्वाचित

**संवाददाता, फरधान, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना समिति के अध्यक्ष पद पर श्रीनगर विधायक मंजू त्यागी के पति अतुल त्यागी निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं। यहां पर कुल 9 संचालक हैं। किसी अन्य प्रत्याशी के दावेदारी न करने के कारण अतुल प्रकाश त्यागी को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया, जबकि चांदनी वर्मा उपसभापति चुनी गईं। निर्वाचन अधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर शांति पूर्वक निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न हो गई।


खुशी जाहिर करते नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उनकी पत्नी विधायक मंजू त्यागी।

### अभिषेक अवस्थी पलिया गन्ना समिति अध्यक्ष बने


प्रमाण पत्र लेते अभिषेक अवस्थी, साथ में विधायक रोमी साहनी एवं अन्य।

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचार:** सहकारी गन्ना विकास समिति पलिया कलां के अध्यक्ष पद पर बल्लीपुर निवासी अभिषेक अवस्थी का एकल नामांकन दाखिल होने से निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। विधायक रोमी साहनी एवं अन्य साथियों के साथ उन्होंने निर्वाचन अधिकारी राम जनम से प्रमाण पत्र हासिल किया। लोगों ने गन्ना समिति अभिषेक अवस्थी एवं साथ में मौजूद विधायक रोमी साहनी सहित अन्य साथियों का ढोल -नगाड़ों के बीच स्वागत किया और फूल- मालाओं से लाद दिया। त्रिलोकपुर की डायरेक्टर मंजीत कौर पत्नी अतर सिंह निवासी चौरी खुर्द उपाध्यक्ष चुनी गई।


गन्ना विकास समिति में अध्यक्ष संग विजयी संचालक मंडल। ● अमृत विचार

### सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में बीना सभापति, सीमा बनीं उप सभापति

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर की सहकारी गन्ना विकास समिति के हुए चुनाव में आशीष कुमार सिंह उर्फ डब्बू की पत्नी बीना सिंह को सभापति और लंदनपुर ग्रंट की संचालक सीमा वर्मा को निर्विरोध उप सभापति निर्वाचित घोषित किया गया है। सहकारी गन्ना विकास समिति में सभापति और उप सभापति के चुनाव को लेकर सुबह से ही भारी गहमा गहमी देखी गई। विधायक अमन गिरि के चाचा भाजपा युवा नेता धर्मेंद्र गिरि मोंटी के हस्तक्षेप से जिला शाहजहांपुर के ग्राम नरौठा हंसराम निवासी आशीष कुमार सिंह ऊर्फ डब्बू की पत्नी बीना सिंह को सभापति निर्वाचित घोषित कर दिया गया। जिससे एक खेमे में कड़ी नाराजगी भी देखी गई। उप सभापति के पद पर ग्रंट लंदनपुर की संचालक सीमा वर्मा को भी निर्विरोध उप सभापति निर्वाचित घोषित किया गया है। ग्रंट मुल्तानपुर से रामकुमार, चांदपुर से मुकेश कुमार, ग्रंट नंबर 14 में शकुंतला देवी, ग्रंट फजलनगर से चरनजीत कौर, ग्रंट रामपुर डाटपुर से योगेश कुमार वर्मा, ग्रंट लंदनपुर से सीमा वर्मा, ग्रंट साहबगंज से अरविंद कुमार सिंह, ग्रंट चौरठिया से छगपाल सिंह, गोला गोकर्णनाथ से ब्रजकिशोर और धनसिंहपुर से बीना सिंह संचालक मंडल में निर्वाचित घोषित हैं।

# लापता युवक का तीर्थ सरोवर में उतराता मिला शव

- मंगलवार की रात घर से नाराज होकर निकला था अंग्रेज
- परिवार में विवाद होने के बाद घर से चला गया था युवक

**संवाददाता, बेहजम**

**अमृत विचार:** घर से नाराज होकर निकले थाना नीमगांव क्षेत्र के कस्बा बेहजम निवासी एक युवक का तीसरे दिन बाबा गौरीशंकर मंदिर के तीर्थ सरोवर में शव उतराता मिला। पुलिस ने शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

बेहजम निवासी रघुवर का इकलौता पुत्र अंग्रेज (34) कस्बे के एक सीमेंट स्टोर पर काम करता था। मंगलवार की रात उसका किसी बात को लेकर घर में विवाद हो गया। इससे नाराज होकर घर से चला गया था। परिवार वाले उसकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार की सुबह परिवार वालों ने बेहजम पुलिस चौकी पर उसके गायब होने की सूचना दी थी। शाम करीब पांच बजे बाबा गौरीशंकर मंदिर केसरोवर में कुछ लोगों ने उसका शव उतराता देखा। सूचना पाकर रोते-बिलखते परिवार के लोग पहुंच गए। एसओ नीमगांव सुनीता कुशवाहा, चौकी इंचार्ज बेहजम भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और शव सरोवर से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# चीनी मिल संचालक बोर्ड के चारों पदों के नतीजे घोषित

- गंगानगर से सुच्चा सिंह नौरंगाबाद से दयाशंकर खैरटिया से प्रगट सिंह व पचपेड़ा से सर्वेश वर्मा जीते

**संवाददाता, बेलरायां**

**अमृत विचार:** सरजू सहकारी चीनी मिल के चार संचालक क्षेत्रों के लिए गुरुवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हुआ। शाम चार बजे के बाद मतगणना हुई और चारों सीटों का परिणाम घोषित कर दिया। इस दौरान भारी भीड़ रही।

बेलरायां स्थित सरजू सहकारी चीनी मिल के दस संचालक क्षेत्रों में से अन्य समितियों से उत्तर प्रदेश चीनी मिल संघ लखनऊ की निवर्तमान उपाध्यक्ष साधना पांडेय, दुलही से प्रेसेनजीत गर्गवंशी, निघासन से संतोष कुमार, मल्लबेहड़ से ललिता देवी, मोतीपुर से सरोजनी देवी, रकेहटी से मनोज कुमार और दुबहा से रेशम सिंह मंगलवार को ही निर्विरोध संचालक चुने गए थे। संचालक क्षेत्र खैरटिया, गंगानगर, नौरंगाबाद और पचपेड़ा में गुरुवार को मसुबह करीब आठ बजे पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान हुआ। शाम चार बजे मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना हुई।


सुच्चा सिंह

गंगानगर सीट से चीनी मिल संचालक बोर्ड के लिए भाजपा से उपाध्यक्ष पद के घोषित प्रत्याशी सुच्चा सिंह का मुकाबला विकमेंद्र कुमार भल्ला से था। सभी की निगाहें इसी सीट पर लगी थी। सुच्चा सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी विकमेंद्र कुमार भल्ला को एक वोट से पराजित कर दिया। सुच्चा सिंह को 11 और विकमेंद्र कुमार भल्ला को दस वोट मिले। खैरटिया से प्रगट सिंह 10 मत पाकर संचालक चुने गए, प्रतिदंद्वी गुरुचरन सिंह को 8 मत मिले। इस सीट पर एक एक वोट अयोग्य घोषित किया गया। पचपेड़ा सीट पर सर्वेश वर्मा ने 14 मत हासिल कर अपने प्रतिद्वी बैजनाथ को करारी शिकस्त दी। बैजनाथ को 5 मत पाकर संतोष करना पड़ा। नौरंगाबाद से दयाशंकर ने दस मत हासिल कर जीत दर्ज कराई। उनके प्रतिद्वंदी अवधराम को 7 वोट मिले। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम जी पांडेय, बेलरायां चीनी मिल के पूर्व उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह, सिंगाही नगर पंचायत चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम आदि ने सभी निर्वाचित संचालकों को बधाई दी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक तिकुनिया अमित सिंह भदौरिया, बेलरायां चौकी इंचार्ज अभिषेक कुमार यादव भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

### चीनी मिल बोर्ड के उपाध्यक्ष का चुनाव आज

सरजू सहकारी चीनी मिल में संचालक पदों की चुनाव प्रक्रिया गुरुवार को संपन्न हो गई। शुक्रवार को उपाध्यक्ष पद का चुनाव होगा। भाजपा से सुच्चा सिंह और दुलही से संचालक चुने गए प्रेसेनजीत सिंह के चीनी मिल बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर दावेदारी करने की संभावना है। हालांकि सहकारिता चुनावों से जुड़े धुरंधरों का कहना है कि संचालक बोर्ड में अधिकतर संचालक भाजपा के ही चुने गए हैं। ऐसे में मतदान होने की संभावना काफी कम है। भाजपाइयों ने संचालकों के बीच आपस में सहमति बनानी शुरू कर दी है।

### प्रेमी के घर पहुंची युवती, जमकर हंगामा

**बिजुआ, अमृत विचार :** पुलिस चौकी बिजुआ क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती बुधवार को अपने प्रेमी के घर पहुंच गई और उसी के साथ रहने की जिद पर अड़ गई। इसको लेकर जमकर हंगामा होने लगा। कुछ ही देर में युवती के परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत करा दिया। चौकी क्षेत्र की युवती का पड़ोस के एक युवक से करीब दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती ने जब युवक पर शादी करने का दबाव डाला तो मनमुटाव शुरू हो गया। इससे नाराज युवती बुधवार को प्रेमी के घर जा पहुंची। प्रेमी और उसके घर वालों ने जब विरोध किया तो हंगामा होने लगा। युवती के परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने किसी तरह से दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कराया। हालांकि युवती अपने प्रेमी के घर पर ही रुकी रही।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैंने अपने पुत्रों मोहम्मद रूहान अली एवं तंजील अरबाज से उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में इनके द्वारा किये कृत्यों से मेरा कोई वास्ता नहीं होगा। **मोहम्मद अब्दुल मोमिन पुत्र मोहम्मद अली हसन बी-10 कल्याणपुर, लखनऊ**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अनिल बजाज व उसकी पत्नी आकांक्षा को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं होगा। **चन्द्रसेन पुत्र श्री पूरन लाल निवासी ग्राम गोकिलपुर थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज जिला बरेली।**

**सूचना**
मेरे पुत्र MOHD OWAIS QURESHI के स्कूल शैक्षिक अभिलेखों में पिता का नाम HAJI MOHAMMAD ASLAM QURESHI पंजीकृत है, जो गलत है, सही नाम MOHD ASLAM QURESHI है। **मो. असलम कुरैशी पुत्र हमीदुल्ला कुरैशी, नि. मो. भूरे खां, पीलीभीत (उ.प्र.)**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट MOHD AYAYUB KHAN नाम से जारी है। मैंने अपना नाम बदलकर Mohd Ayub Khan रख लिया है। भविष्य में मुझे Mohd Ayub Khan नाम से जाना व पहचाना जाये। **मो0 अयूब खां पुत्र श्री अब्दुल मजीद खां निवासी मेडकीहा पौन्डा बलाई गांव बहराइच।**

**सूचना**
मैं अपने पुत्र ब्रज मोहन पुत्र गुलाबी राम व पुत्रवधू रतना को उनको गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **गौरी देवी पत्नी गुलाबी राम निवासी मौ. नौगवां कस्बा फतेहगंज पश्चिमी तहसील मीरगंज, जिला बरेली (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज ---------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# चौकीदार ने एलआरपी चौकी इंचार्ज और सिपाहियों पर लगाए आरोप

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** सदर कोतवाली के गांव मढ़िया निवासी चौकीदार बालगोविंद ने एलआरपी चौकी के प्रभारी और सिपाहियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि उसने अपने चाचा का बडहर का एक पेड़ काटा था। इसकी किसी ने पुलिस से शिकायत की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चौकी बुलाकर उससे अभद्रता की और सात सौ रुपये ले लिए। पीड़ित ने एसपी को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

गांव चौकीदार बालगोविंद ने बताया कि उन्होंने लकड़ी जलाने के लिए अपने चाचा मनोहर लाल का बड़हर का पेड़ काटा था जिसकी किसी व्यक्ति ने एलआरपी चौकी पुलिस से शिकायत की। इस पर सिपाही अरुण कुमार ने उसे पुलिस चौकी बुलाया।

वहां प्रभारी पशुपतिनाथ तिवारी, सिपाही अरुण कुमार व कौशलेन्द्र ने उसे गालियां दीं। विरोध करने पर चौकी इंचार्ज मारने दौड़े। गाली देते हुए 700 रुपये ले लिए। धचौकी प्रभारी पशुपति नाथ तिवारी ने आरोपों को निराधार बताया है।

# बोनस की मांग को लेकर चीनी मिल में श्रमिकों का प्रदर्शन

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** बजाज हिंदुस्थान शुगर लि के श्रमिकों ने दीपावली से पूर्व बोनस की मांग को लेकर मिल गेट पर प्रदर्शन किया। यूनिट हेड के आश्वासन पर श्रमिक शांत हुए।

बजाज चीनी मिल श्रमिकों को दीपावली से पहले बोनस नहीं देना चाहती थी, जिसकी भनक पाते ही श्रमिकों में रोष छा गया। उन्होंने इसकी सूचना श्रमिक कल्याण संघ को दी। श्रमिक कल्याण संघ के महामंत्री विश्वनाथ सिंह चीनी मिल पहुंचे और यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन से वार्ता की। कुछ हल न निकलने पर उन्होंने तमाम श्रमिकों के साथ मिल गेट पर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया। विश्वनाथ सिंह ने कहा कि यदि दीपावली से पूर्व श्रमिकों को बोनस न दिया गया तो वह मिल अधिकारियों को उनके केबिन में ही बंद कर देंगे। श्रमिकों के आक्रोश को देखकर यूनिट हेड ने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर दीपावली से पहले श्रमिकों को बोनस देने के लिए लिखित आश्वासन दिया, तब श्रमिक शांत हुए।


बजाज चीनी मिल में श्रमिकों को समझाते यूनिट हेड। ● अमृत विचार

प्रदर्शन में प्रवीण गुप्ता, सतवीर सिंह, महेंद्र शर्मा, शिवशंकर शर्मा, दीनानाथ यादव, राजेश बालिया, सुरेश ठाकुर, विजय गुप्ता, आलोक अवस्थी, मुन्ना सिंह, नीरज, हरेराम, दीपक सिंह, कृष्णा, शिवरतन, सुशील कुमार, रिजवान समेत चीनी मिल के तमाम श्रमिक मौजूद रहे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### महर्षि वाल्मीकि प्रकटोत्सव पर प्रश्नोत्तरी के विजेता सम्मानित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ( यूपी बोर्ड ) में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। आरंभ प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य अतिथि जिला सह संयोजक बजरंग दल सचिन वाल्मीकि, नरेश सिंह निराला एवं डॉ. अश्वनी गुप्ता ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं महर्षि वाल्मीकि का पूजन कर किया। इस मौके पर महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। इनके विजेताओं को सम्मानित किया गया। संचालन शिक्षक आशीष मिश्रा ने किया।

### तेंदुआ ने बछड़े को मार डाला

**महंगापुर, अमृत विचार :** पलिया रेंज के एक फ़ार्म से तेंदुआ ने बछड़े को उठाकर निवाला बना लिया। संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के ग्राम महंगापुर निवासी किसान गुरविंदर सिंह पुत्र बलदेव सिंह के फार्म पर बंधे बछड़े को गन्ने के खेत से निकला तेंदुआ खींच ले गया और उसे मार डाला। किसान को इसकी भनक तब लगी जब वह मावेशियों को चारा डालने गया। शंका होने पर पास गन्ने में टार्च की रोशनी डाली तो उसका अधखाया शव पड़ा दिखाई दिया। परसपुर वन चौकी फरेस्टर राकेश कुमार पटेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मौका मुआयना कर आस पास के लोगों को सतर्क किया और पेट्रोलिंग की।

### सीजीएन पीजी कॉलेज में आंतरिक परीक्षाएं 23 से

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** सीजीएन पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो पंकज सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में अध्ययनरत एमए प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर के हिन्दी, अर्थशास्त्र, भूगोल, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र की आन्तरिक परीक्षाएं 23, 24 और 25 अक्टूबर को दो पालियों में होगी। साथ ही स्नातक प्रथम सेमेस्टर, तृतीय सेमेस्टर एवं पंचम् सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं के असाइनमेंट भी 04 नवम्बर से 10 नवम्बर तक जमा किए जाएंगे।

### दुकानदार और सफाईकर्मियों में मारपीट मारपीट

**पलिया कलां, अमृत विचार :** मेला सिंह चौराहे के निकट एक मोबाइल दुकानदार व पालिका के दो सफाई कर्मचारियों के मध्य कूड़ा ठीक से न उठाने को लेकर मारपीट हो गई। हालांकि दुकानदारों ने दोनों पक्षों को समझाकर शांत किया।

# ऑपरेशन फ्लाप: नहीं पकड़ा जा सका बाघ

## बाघ की तलाश में कई एक्सपर्ट, हाथी और ड्रोन लगाए पर कुछ काम न आए

अनुराग मिश्र, महेशपुर/केशवापुर



महेशपुर रेंज में हथिनी से कांबिंग करते वनकर्मी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मोहम्मदी-महेशपुर वन रेंज में 27 अगस्त और 11 सितंबर को बाघ के हमले में गांव इमलिया निवासी अमरीश और मूड़ा अस्सी निवासी जाकिर अली की मौत के बाद शुरू हुआ ऑपरेशन बाघ पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुआ है। परिणाम स्वरूप गांवों में दहशत व्याप्त है, जिससे गन्ना छिलाई का भी काम प्रभावित हो रहा है।

मोहम्मदी रेंजर नरेश पाल सिंह कहते हैं कि बाघ राष्ट्रीय पशु होने के साथ खूंखार वन्य पशु है, जो गन्ने की फसल को ही जंगल समझ बैठा है। जिस कारण वह खेतों में घूम रहा है। बाघ और किसानों का आमना सामना हुआ है, तभी बाघ ने हमला किया है। इंसानों का जीवन अमूल्य है। ट्रेंकुलाइज टीम में एक्सपर्ट के साथ दुधवा नेशनल पार्क से प्रशिक्षित सुलोचना और डायना मादा हाथियों को भी रेस्क्यू टीम में लगाया गया है। वही लोकेशन ट्रेस करने के लिए थर्मल ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है।

### अफवाहें भी बनती रहीं रेस्क्यू टीम का रोड़ा

अफवाहों के कारण अभियान को रोककर एक्सपर्ट ग्रामीणों को जानकारी देकर जागरूक करने में भी लगे रहे, जिससे उनका काफी समय बर्बाद हुआ।

### खेतों में जाने से डर रहे किसान

किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा बताते हैं कि बाघ की दहशत के चलते ग्रामीण खेतों की तरफ जाने से भी डर रहे हैं। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, किसान खेतों को जाने से बच रहे हैं। फसलें दैवीय प्रकोप, रोग, बीमारियों द्वारा बर्बाद हो गई है। बाघ के डर के कारण फसलों की देखभाल करने में किसान डर रहे हैं। त्यौहार करीब हैं और गन्ने का सीजन शुरू होने वाला है, लेकिन गन्ना छिलाई की तैयारी नहीं हो पा रही है, जिससे इस बार इस इलाके के किसानों की दिवाली फीकी ही रहेगी।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

ट्रेंकुलाइज एक्सपर्ट दुधवा नेशनल पार्क के चिकित्सक डॉ. दयाशंकर और कर्तनिया घाट के पशु चिकित्सक डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि बाघ चालाक भी होता है, जो जरा सा संदेह होने पर महीनों उस स्थान पर नहीं जाता। गन्ने की फसलें भी अभियान में रोड़ा बनी हुई हैं। ट्रेंकुलाइज करने के लिए मचान, कांबिंग और प्रशिक्षित मादा हाथियों के साथ ही थर्मल ड्रोन, पिंजरे इत्यादि सभी का सहारा ले रहे हैं। सही समय का इंतजार है, बहुत जल्द बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की उम्मीद है।



ड्रोन से लोकेशन ट्रेस करते आपरेटर।

### गजराज के साथ भागने वाली सुलोचना भी टीम में है शामिल

बाघ को पकड़ने दुधवा नेशनल पार्क से आई प्रशिक्षित हथिनियों में सुलोचना कुछ दिनों पूर्व दुधवा नेशनल पार्क के हाथी गजराज के साथ भागने वाली हाथिनियों में शामिल थी। हाथी के साथ भागने के बाद यह पहला रेस्क्यू ऑपरेशन है, जिसमें सुलोचना शामिल है। एक साथ दर्जनों रेस्क्यू ऑपरेशन में भाग ले चुकी डायना और सुलोचना एक-एक बच्चे की मां हैं। असम की सुलोचना व कर्नाटक की डायना दशकों से दुधवा नेशनल पार्क में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकालीं शोभायात्राएं

## जिले भर में किए गए विभिन्न कार्यक्रम, देवी-देवताओं की झांकियों ने लोगों को किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** शहर समेत जिले भर में बृहस्पतिवार को महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस धूमधाम से मनाया गया। शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गईं जिसमें शामिल झांकियों ने लोगों को मुग्ध कर दिया। जगह-जगह स्वागत किया गया।

मोहल्ला संकट देवी स्थित वाल्मीकि मंदिर में सुबह वाल्मीकि श्रृंगार और पूजा के बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीराम-लक्ष्मण को शिक्षा देते महर्षि वाल्मीकि, साधु संतों की झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा शहर के मुख्य बैंड मार्केट से निघासन रोड, आनंद सिनेमा रोड, इमली चौराहा, मिश्राना चौराहा, मेनरोड, चूना मंडी और सर्राफा बाजार से संकटादेवी होते हुए पुनः वाल्मीकि मंदिर पहुंचीं।

गोला गोकर्णनाथ में महर्षि वाल्मीकि के प्राकटय दिवस पर नगर के प्रमुख मार्गों पर सजीव झांकियों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। गुरुवार को सब्जी मंडी स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा की शुरुआत हुई, जिसे विधायक अमन गिरि ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक अमन गिरि। ● अमृत विचार



वाल्मीकि जयंती पर शोभायात्रा में शामिल बड़ी संख्या में लोग। ● अमृत विचार



बरवर में शोभायात्रा में राम, सीता और हनुमान की झांकी। ● अमृत विचार

### इन जगहों से निकाली गईं शोभायात्राएं

शोभायात्रा खुटार रोड, मोहम्मदी रोड, लखीमपुर रोड, सिनेमा रोड, अलीगंज रोड, मिल रोड से गुजरी। शोभायात्रा में वीर हनुमान, माता सीता, भारत माता, रामलला, शिव पार्वती, महर्षि वाल्मीकि और केवट समेत तमाम सजीव झांकियां निकाली गई। सबसे आगे लव और कुश घोड़ा पकड़ कर चल रहे थे, जिसे देखने के लिए दर्शक का हुजूम उमड़ पड़ा। नगर में शोभायात्रा का कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, सीओ गवेन्द्र गौतम, कोतवाल चंद्रशेखर सिंह दलबल के साथ मौजूद रहे।



कृषक समाज में वाल्मीकि प्राकटय दिवस मनाते शिक्षक और विद्यार्थी।

### स्कूल- कॉलेजों में मना महर्षि वाल्मीकि प्राकट्य दिवस

**गोला गोकर्णनाथ :** नगर के कृषक समाज इंटर कॉलेज और पब्लिक इंटर कालेज सहित स्कूलों में समारोह पूर्वक महर्षि वाल्मीकि प्राकट्य दिवस मनाया गया। कृषक समाज में मुख्य अतिथि कालेज प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष नारायण लाल वर्मा ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया। पब्लिक इंटर कॉलेज में महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर मल्यापण, पुष्पार्चन कर प्राकटय दिवस मनाया गया। अभय कुमार जायसवाल, रमेश कुमार मौर्य, दिनेश कुमार राज, सत्येंद्र कुमार पांडे, दर्शन कुमार गुप्त, रमेशचंद, सुरेशचंद्र आदि मौजूद रहे।

### पलिया में धूमधाम से मनी वाल्मीकि जयंती

**पलिया कलां :** महर्षि वाल्मीकि की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मोहल्ला रंगरेजान में स्थित वाल्मीकि मंदिर को भव्यता के साथ सजाया गया और मोहल्ले में कई स्थानों पर सुंदर गेट भी सजे। बुधवार सारी रात कीर्तन-भजन कर गुरुवार शाम नगर की प्रमुख सड़कों पर महर्षि वाल्मीकि की शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महर्षि वाल्मीकि, राम- लक्ष्मण, लव- कुश आदि की सुंदर झांकियां सजीं। इस मौके पर कार्यक्रम कमेटी के नितेश वाल्मीकि उर्फ बिट्टू, संजय वाल्मीकि, धीरू बाल्मीकि, राजकुमार वाल्मीकि सहित मुन्नालाल वाल्मीकि, सीताराम वाल्मीकि, अजय दरोगा, समल्ले आदि मौजूद रहे।



नगर में निकली झांकी में अशोक वाटिका में हनुमान और सीता। ● अमृत विचार

# टीएचआर प्लांट में पकड़ी अनियमितता

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी



प्लांट का निरीक्षण करते सीडीओ अभिषेक कुमार। ● अमृत विचार

- बीएमएम का रोका मानदेय, विभागीय कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** सीडीओ अभिषेक कुमार ने गुरुवार को ब्लाक मितौली के गांव रेवाना में संचालित आदर्श प्रेरणा लघु उद्योग टीएचआर प्लांट का निरीक्षण किया। स्टॉक सत्यापन में अनियमितता मिलने पर बीएमएम आशीष कुमार दीक्षित का मानदेय रोकते हुए विभागीय जांच के आदेश दिए। स्टॉक रजिस्टर को भी कब्जे में लिया।

सीडीओ ने स्टॉक का मिलान कराया। दाल की बोरियां कम मिली। वहीं तेल के पीपे अधिक मात्रा में पाए गए। बीएमएम कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। सीडीओ ने कहा कि अधिक या कम सामग्री मिलना स्पष्ट रूप से अनियमितता दिखाता है। उन्होंने मशीन और उसकी प्रक्रिया, अनाज आदि की जानकारी ली। वजन मशीन से प्रोडक्ट का वजन करवाया और तैयार पुष्टाहार की गुणवत्ता भी परखी। निर्देश दिए कि प्लांट पर निर्मित होने वाले पुष्टाहार की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इस दौरान डीसी एनआरएलएम जेके मिश्र, डीपीआरओ विशाल सिंह, प्रशिक्षु एसडीएम मौजूद रहे।

# धोखाधड़ी: सरकारी जमीन दिलाने के नाम पर 87 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- पीड़ित ने रुपये लौटाने का दबाव बनाया तो आरोपी दे रहा धमकियां
- गुरुवार को एसपी से मिल लगाई गुहार, तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की

**अमृत विचार:** लखनऊ में सरकारी जमीन दिलाने के नाम पर 87 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक का आरोप है कि जब उसने आरोपी पर रुपये लौटाने का दबाव बनाया तो वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। गुरुवार को पीड़ित एसपी से मिली और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

लखनऊ के त्रिवेणी नगर निवासी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि उसके रिश्तेदार लखीमपुर में रहते हैं। वह करीब छह साल पहले अपने रिश्तेदार के घर आया था। वहां उसकी श्याम जी मिश्रा नाम के व्यक्ति से मुलाकात हुई। बातचीत के बाद दोनों के बीच अच्छे संबंध हो गए। श्याम जी ने उससे कहा कि वह लखीमपुर और लखनऊ में सरकारी भूमि नीलामी में सस्ते दामों में दिलवाता है। श्याम जी ने लखनऊ में बख्शी का तालाब के पास जमीन और कागजात भी दिखाए थे। वह झांसे में गया और 9 व 10 अक्टूबर 2021 को श्याम जी के कहने पर उनके भतीजे नितिन मिश्रा के खाते में 50-50 हजार, 11 अक्टूबर 2021 को 2,20,000 रुपये, 12 अक्टूबर 2021 को 80 हजार रुपये डाले। इसके बाद अलग-अलग तारीखों में श्याम जी मिश्रा, नितिन मिश्रा, नन्द किशोर, अनूप शर्मा, यूसुफ अंसारी, अभिषेक कुमार (सेवा केन्द्र) के खातों में 86,95,629 रुपये डाले।

काफी समय बीत जाने के बाद भी जब जमीन पर कब्जा नहीं मिला तो ठगी का एहसास हुआ। 13 जुलाई 2024 को वह सदर कोतवाली गए और तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी श्याम जी मिश्रा को कोतवाली बुलाया। पुलिस के सामने श्याम जी ने 30 जुलाई 2024 को पांच लाख रुपये देने और बाकी की रकम 10 अक्टूबर तक देने का समझौता किया। इसके बाद भी उसने रुपये नहीं लौटाए। एसपी से मुलाकात कर पीड़ित ने रुपये वापस कराने की मांग की। एसपी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।


## सार-संक्षेप

### समीर सिंह व विदुषी शुक्ला स्कूल कैप्टन नियुक्त



**पलिया कलां, अमृत विचार :** गुरुकुल एकेडमी में कैबिनेट का गठन करते हुए समीर सिंह व विदुषी शुक्ला को कैप्टन के पद पर नियुक्त किया गया। स्पोर्ट्स् कैप्टन के लिए कपिल सिंह व अमीषा वर्मा, हॉस्टल कैप्टन के लिए अभय भदौरिया व सुमनदीप कौर, आज़ाद हाउस के कैप्टन सूर्यांश वर्मा व मनमीत कौर, सुभाष हाउस कैप्टन गुरताज सिंह व नैना देवल, टैगोर हाउस कैप्टन रूपेन्द्र सिंह व राजनंदिनी, भगत हाउस कैप्टन अभय सिंह व मान्या शुक्ला, डिसिप्लिन मार्शल हर्षित मधेशिया व सलोनी मिश्रा को नियुक्त किया गया। नेशनल कैडेट कोर 2024 के रैंक होल्डर्स में राजनंदिनी को लान्स कॉरपोरल, अयान खान को कॉर्पोरल, खुशी अवस्थी को सार्जेण्ट, काजल को अण्डर ऑफिसर तथा अभय गंगवार को सीनियर अण्डर ऑफिसर के पद पर नियुक्त किया गया। विद्यालय प्रबंधक मुकेश अग्रवाल व अध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने आशीष दिया। सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली।

### लोहिया भवन पर सपाइयों ने मनाई वाल्मीकि जयंती




**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सपा जिला कार्यालय लोहिया भवन में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। समाजवादियों ने उनके चित्र पर फूल मालाएं पहनाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। जिलाध्यक्ष रामपाल सिंह यादव ने कहा कि वाल्मीकि संस्कृत में रामायण के रचयिता हैं। पूर्व विधायक रामसरन ने कहा कि वाल्मीकि जी को उनकी विद्वता और तप के कारण महर्षि की पदवी प्राप्त हुई थी। उन्होंने हिंदू धर्म के सबसे अहम महाकाव्यों में से एक रामायण की रचना की थी। संचालन जिला महासचिव अंसार महलूद ने किया। अशोक कश्यप, शिवराज वाल्मीकि, फहीम अहमद, शब्बीर बाबा, उमेश गिरि, अमित वर्मा, रामकुमार यादव आदि रहे।

### विवाहिता पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर



**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सदर कोतवाली के मोहल्ला अर्जुनपुरवा निवासी रितु कश्यप को ससुरालियों ने धारदार हथियार से घायल कर दिया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नीमगांव निवासी मायके वालों ने बताया कि रितु कश्यप की शादी आठ साल पहले पवन कश्यप से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। दामाद परिजनों का विरोध करता था तो अभद्र व्यवहार करते थे। इससे नाराज पवन ने आत्महत्या कर ली थी। दामाद के आत्महत्या करने के बाद आरोपी पुत्री को आए दिन घर से निकाल देते थे। रितु कार्रवाई कराने के लिए महिला थाना जा रही थी। इससे नाराज ससुर ने दरवाजे की कुंडी बंद कर ली और धारदार हथियार से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

# कर्मचारियों की अनदेखी से नहीं खुलता डाकघर




**मूड़ा सवारान, अमृत विचार:** मूड़ा सवारान स्थित डाकघर काफी समय से बंद है। यहां तैनात डाक कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा ग्राहकों को भुगतना पड़ रहा है। डाकघर बंद रहने के कारण उन्हें 20 किलोमीटर दूर गोला डाकघर जाना पड़ रहा है। कर्मचारी घर बैठे वेतन ले रहे हैं। यहां डाकघर में सदैव ही ताला पड़ा रहता है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# बेखौफ बदमाशों ने युवक को गोली मारकर पत्नी के जेवर लूटे

संवाददाता, बेहजम

- पत्नी को बाइक से लेकर ससुराल जा रहा था युवक
- कंधे में गोली लगने से युवक की हालत गंभीर

**अमृत विचार:** पुलिस से बेखौफ बाइक सवार तीन बदमाशों ने थाना नीमगांव क्षेत्र में बाइक चालक को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बदमाश उसकी पत्नी के जेवर और नगदी लूटकर भाग निकले। पुलिस ने गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया है।

घटना गुरुवार की शाम करीब आठ बजे हुई। सीतापुर जिले के थाना लहरपुर के गांव भदेवा निवासी सुमित की ससुराल थाना नीमगांव के गांव रत्नापुर में है। वह अपनी पत्नी को लेकर बाइक से ससुराल जा रहा था। नीमगांव-भदेरा मार्ग पर किशनपुर गांव के नजदीक बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचे के बल पर बाइक रुकवाने की कोशिश की। खतरा भांपते हुए सुमित ने बाइक दौड़ाने की कोशिश की तो एक लुटेरे ने गोली मार दी। गोली कंधे में लगी और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। बदमाश सुमित से नगदी और उसकी पत्नी के जेवर लूटकर भाग गए। तमाम राहगीर और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। एसओ सुनीता कुशवाहा फोर्स के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने खून से लथपथ सुमित को जिला अस्पताल भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### सीओ को घटना की जानकारी नहीं

सीओ सर्किल मितौली क्षेत्र में पखवाड़े भर में यह लूट की तीसरी वारदात है। इनमें से दो वारदातें थाना मितौली क्षेत्र में हुईं। तीनों वारदातें बाइक सवार दंपती के साथ हुई। थाना मितौली पुलिस ने खुलासा तो दूर वारदातों की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की। सीओ मितौली शमशेर बहादुर सिंह को गोली मारकर दंपती से लूट होने की जानकारी घटना के एक घंटे के बाद भी नहीं हुई। सीओ का कहना है कि उन्हें ऐसी किसी घटना की जानकारी नहीं है।

> पत्नी को लेकर अपनी ससुराल आ रहे युवक को गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पत्नी लूट होने की बात कह रही है।
> -**सुनीता कुशवाहा,** एसओ थाना नीमगांव

# रामभरोसे हत्याकांड की फिर शुरू हुई विवेचना

संवाददाता, दियोरियाकलां

- पुलिस ने पूर्व में लगा दी थी एफआर

**अमृत विचार:** नौगमियां गांव के बुजुर्ग रामभरोसे की हत्या के मामले में एक साल बाद दोबारा से एसपी के आदेश पर जांच शुरू हुई है। पूर्व में पुलिस विवेचना पूरी कर फाइनल रिपोर्ट लगाकर पल्ला झाड़ गई थी।

बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौगमिया के रहने वाले 60 वर्षीय रामभरोसे का शव 21 अक्टूबर 2023 को खेत पर लहूलुहान हालत में मिला था। तत्कालीन कोतवाल मृदुल कांत शुक्ला ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर मौका मुआयना किया था। तमाम अफसर भी पहुंचे और फील्ड यूनिट से सुरागरसी कराई थी। मृतक के पुत्र जगतपाल ने 22 अक्टूबर को अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई। दियोरिया पुलिस ने कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल की। संदिग्धों से भी पूछताछ की गई लेकिन खुलासा नहीं हो सका था। मृदुल कांत शुक्ला के स्थानांतरण के बाद दूसरे कोतवाल उमेश सोलंकी ने भी पड़ताल की और फिर तीसरे कोतवाल राजीव रंजन श्रीवास्तव ने विवेचना की और असफल होने पर फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।

एसपी अविनाश पांडेय ने विवेचक द्वारा लगाई गई फाइनल रिपोर्ट को अस्वीकृत कर दोबारा से विवेचना करने के निर्देश दिए। जिसके बाद फिर से जांच शुरु कर दी गई है। कोतवाल प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि घटनास्थल के आसपास निरीक्षण किया गया है। मृतक के घर भी गए थे और परिजन से जानकारी की है। गहनता से पड़ताल कर रहे हैं।

# सात करोड़ की ठगी करने का आरोपी जालसाज जेल भेजा

## रुपये दोगुना करने का झांसा देकर कंपनी बना की थी ठगी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** दो साल पहले रुपये दोगुना करने का झांसा देकर करीब सात करोड़ रुपये की ठगी करने वाला जालसाज पुलिस के हत्थे चढ़ा है। पुलिस ने आरोपी को कस्टडी में लेने के बाद पूछताछ की। इसके बाद आरोपी का चालान कर कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। पुलिस का तर्क है कि इस ठगी का वह स्वयं ही मास्टरमाइंड था।

- **कई दिन चली पूछताछ के बाद पुलिस ने की कार्रवाई**

बता दें कि सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले आकाश पुत्र मिश्रीलाल ने वर्ष 2022 जुलाई में गांधी स्टेडियम रोड पर एक चिटफंड कंपनी का कार्यालय खोला था। इसके बाद लोगों को रुपये दोगुना करने का झांसा देकर जाल में फंसाता चला गया। जब लोगों ने भरोसा जताते हुए रुपये जमा करना शुरु कर दिए। कुछ लोगों ने शुरुआत में एक -एक लाख रुपये तक जमा किए थे। उन्हें विश्वास में लेने के लिए आरोपी ने किस्त के रुप में 1.80 लाख रुपये वापस कर दिए। इस पर लोगों ने मोटी रकम लगाने के साथ अपने परिचित और रिश्तेदारों के रुपये भी कंपनी में जमा करा दिए। लोगों की मानें तो करीब जिले से उसने 10 करोड़ से अधिक रुपये एकत्र करने के बाद अक्टूबर 2023 में कार्यालय बंद कर दिया और फरार हो गया। इसके बाद कंपनी से जुड़े एंजेंट और अन्य लोगों ने मामले की शिकायत करते हुए एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर पुलिस ने विवेचना करते हुए आरोपी आकाश को बुधवार को बरेली हाईवे पर टाइगर तिराहा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया है।


पुलिस की गिरफ्त में लोगों ने ठगी करने का आरोपी आकाश। ● अमृत विचार

### आरोपी बोला-शेयर बाजार में लगाता था ठगी की रकम

पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी से जब थाने लाकर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह लोगों से रुपये ठगने के बाद शेयर मार्केट में लगाता था। शेयर बाजार में रुपये डूबने की वजह से वह कर्ज में डूबता चला गया। उसने बताया कि करीब सात करोड़ रुपये लोगों से एकत्र किए थे। लेकिन सारा रुपया शेयर बाजार में डूब चुका है। ये भी बताया कि जब तक रुपये शेयर बाजार से मिलते रहे तो वह लोगों को वापस भी कर देता था। बता दें कि आरोपी के खिलाफ सुनगढ़ी थाने में ही धोखाधड़ी से संबंधित छह मुकदमे दर्ज हैं।

> कंपनी बनाकर लोगों से ठगी करने का आरोपी लंबे समय से फरार था। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसने बताया कि ठगी से प्राप्त हुई रकम को वह शेयर बाजार में लगाया करता था। रकम जब डूब गई तो वह फरार हो गया था।
> – पवन कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर सुनगढ़ी

## पूर्व प्राचार्य समेत तीन और आरोपी गिरफ्तार

**बरेली कार्यालय, अमृत विचार :** डी फार्मा के करीब चार सौ विद्यार्थियों को फर्जी डिग्री देकर 3.69 करोड़ की ठगी करने के मामले में पुलिस ने बृहस्पतिवार को खुसरो कॉलेज के पूर्व प्राचार्य समेत तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। कॉलेज का चेयरमैन शेर अली जाफरी, उसका बेटा फिरोज और फर्जीवाड़े में उसका प्रमुख मददगार विजय शर्मा पहले से जेल में है।

बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किए गए लोगों में सीबीगंज के स्लीपर रोड निवासी खुसरो कॉलेज के पूर्व प्राचार्य विश्वनाथ शर्मा के अलावा दो कर्मचारी अभयपुर निवासी जाकिर अली और मोहल्ला मीर खां बाबरनगर निवासी तारिक अल्वी शामिल हैं। खुसरो कॉलेज में मान्यता न होने के बावजूद डी फार्मा के कोर्स के लिए चार सौ विद्यार्थियों के दाखिले किए गए थे और उनसे करीब 3.69 करोड़ की फीस वसूलने के बाद उन्हें उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और यूपी के कुछ विवि की फर्जी डिग्री बनाकर दी गई थी। विद्यार्थियों ने इस धोखाधड़ी का पता लगने के बाद कॉलेज से लेकर उच्चाधिकारियों के कार्यालयों तक जमकर हंगामा किया था। कई दिन जांच करने के बाद पुलिस ने कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी, उसके बेटे फिरोज और विजय शर्मा को गिरफ्तार किया था। विश्वनाथ, जाकिर और तारिक फरार हो गए थे जिन्हें बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

# भाजपा को हराने में सक्षम है कांग्रेस : अजय राय


संवाददाता, कुंदरकी (मुरादाबाद)

- **संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन में पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे**

**अमृत विचार :** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को कांग्रेस के संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन में भाजपा सरकारों पर तीखे हमले किए। कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा से मुकाबला करने और उसे हराने में पूरी तरह से सक्षम है। पिछले लोकसभा चुनाव में यह दिखा दिया है। उपचुनाव में गठबंधन मिलकर भाजपा को सभी नौ सीटों पर हराएगा और अगले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में गठबंधन की सरकार बनेगी।

अजय राय ने कहा कि बहराइच में हुए दंगों से यह साफ है कि प्रदेश सरकार फेल है। सरकार की कमियों को छिपाने और सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने के लिए मंत्री और विधायक गलत बयान दे रहे हैं। भाजपा सरकार में भाजपा के ही विधायक पिट रहे हैं। यह लोग राहुल गांधी को डराने की बात करते हैं, जिनकी दादी देश पर कुर्बान हुईं, पिता कुर्बान हुए वह डरेगा नहीं।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि प्रदेश सरकार विशेष समुदाय और दलितों के घर पर बुलडोजर चला रही है। विशेष धर्म और जाति के लोगों का एनकाउंटर किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी संविधान को कमजोर करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि जब मंदिरों से घंटी और मस्जिदों से अजान एक साथ सुनाई देगी तभी देश तरक्की करेगा। सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद ने भी संबोधित किया।



संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन में बोलते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय। ● अमृत विचार

## मामी-भांजे में प्यार चढ़ा परवान, नगदी-जेवर लेकर दोनों फरार

**खुटार, अमृत विचार :** एक वर्ष पूर्व जिस घर में मैलानी क्षेत्र की युवती ब्याह कर आई, वहां उसका दिल पति को छोड़ ननद के बेटे से लग गया। मामला मामी–भांजे का था, इसलिए परिवार वाले समझ नहीं पाएं। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती चली गई, मौका मिलते ही वह युवक के साथ घर से जेवरात लेकर फरार हो गई। परिजन दोनों की खोजबीन करने में जुटे हुए है। लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के एक गांव में रहने वाली युवती की शादी करीब एक वर्ष पूर्व खुटार नगर के रहने वाले व्यक्ति के साथ हुई थी। नवविवाहिता का अपनी ननद के लड़के से नजदीकियां बढ़ गई और एक दूसरे को पसंद करने लगे। युवक खीरी के एक कस्बा में रहता है। इस समय युवक खुटार महिला( मामी) के घर आया हुआ था। बुधवार रात को किसी समय नवविवाहिता घर में रखा सारा जेवरात, नगदी उठा युवक के साथ घर से चली गई। गुरुवार सुबह परिजनों को इस बात की जानकारी हो पाई। मोहल्ले में मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। हालांकि, अभी तहरीर नहीं दी है।

## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि0, बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक– बी.के.एस./क्रय/2024–25/1532 **ई-निविदा सूचना** दिनांक– 17.10.2024

इस मिल समिति में वर्ष 2024–25 मे निम्नलिखित सामनों / कार्यो हेतु अनुभवी पार्टियों से ई–निविदायें अंकित तिथि तक एवं अंकित धरोहर राशि जमा करने के उपरांत आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा की नियम एवं शर्ते व विस्तृत विवरण से एवं संघ कार्यालय लखनऊ की वेबसाइट www.upsugarfed.org से डाउनलोड की जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य विवरण | निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे | कामर्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 03:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मिल के चार गन्ना क्रय केन्द्रों यथा, सुहेला प्रथम, सुर्रासकतपुर, बरसिया व बैरा से गन्ना परिवहन कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 25000/– प्र. क्रय केन्द्र |
| 2. | वर्ष 2020–21 की 2230 कु. बी.आई. एस.एस. शुगर बिक्री कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 55750/– |
| 3. | वर्ष 2021–22 की 3817 कु. बी.आई. एस.एस. शुगर बिक्री कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 95425/– |
| 4. | वर्ष 2023–24 की 4000 कु. ब्राउन शुगर बिक्री कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 100000/– |
| 5. | केन फीडिंग कार्य (पटला) | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 10000/– |
| 6. | वाहय क्रय केन्द्रों का फाउन्डेशन कार्य | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 10000/– |
| 7. | तीनों व्यायलरों के फर्नेस, चैम्बर एवं वैट स्कवर के ऐश पौण्ड में एकत्रित राखी को हटाने संबंधी कार्य। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 25000/– |
| 8. | कम्प्यूटर हार्डवेयर ए.एम.सी. कार्य एवं स्पेयर्स की आपूर्ति। | 19.10.2024 | 25.10.2024 | 26.10.2024 | 26.10.2024 | 5000/– |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो में परिवर्तन करने एवं बिना कारण बताये एक या समस्त ई–निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

**डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता**
**प्रधान प्रबन्धक**

# जीवित कछुए समेत दो तस्कर गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कटरा पुलिस ने कमलापुर नहर की पटरी के पास से दो अभियुक्तों को कार समेत गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच कछुए बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्त उत्तराखंड के रहने वाले है।

कटरा प्रभारी निरीक्षक ओमशंकर शुक्ल को गुरुवार सुबह साढ़े दस बजे सूचना मिली कि कमलापुर नहर की पटरी के पास दो लोग खड़े है, जो नहर से कछुए पकड़ रहे हैं। पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों अभियुक्तों को कार समेत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से पांच जीवित कछुए बरामद किए है। पकड़े गए अभियुक्त सुखदेव मंडल निवासी जगतपुरा जिला उधमसिंह नगर व सागर विश्वास निवासी जगतपुर रुद्रपुर जिला उधम सिंह नगर है।

पुलिस ने कार को सीज कर दिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि यह कछुए उनके नहीं है। मदनापुर के गिरीश नाम के व्यक्ति ने रुद्रपुर ले जाने के लिए दिए थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## आठ माह की बच्ची को शिशु गृह लखीमपुर भेजा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोडवेज बस अड्डे के निकट मिली आठ माह की बच्ची को गोद लेने मेडिकल कॉलेज में एक दर्जन लोग पहुंच गए। हालांकि बच्ची को किसी को नहीं दी गई। चाइल्ड लाइन ने बच्ची को गुरुवार की दोपहर बाद राजकीय शिशु गृह लखीमपुर भेज दिया है। बुधवार की रात में साढ़े नौ बजे रोडवेज बस अड्डे से सौ कदम की दूरी पर पुलिस लाइन जाने वाले तिराहे पर एक व्यक्ति सड़क की पटरी पर लेटा हुआ था। एक महिला पानी पीने का बोलकर बच्ची उसके पास लिटा गई। बच्ची के रोने पर वह उठा और लोगों को बताया। पुलिस को सूचना दी गई। चाइल्ड लाइन टीम के कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा ने बच्ची को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। पुलिस ने काफी खोजबीन की लेकिन महिला का पता न हीं चल पाया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने बताया कि बच्ची को राजकीय शिशु गृह लखीमपुर भेज दिया गया है।

## ट्रेन से गिरकर यात्री के पैर कटे, अस्पताल में दम तोड़ा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जीआरपी थाना प्रभारी रेहान खां ने बताया कि गुरुवार की सुबह पांच बजे स्टेशन की पश्चिम दिशा की तरफ आउटर सिग्नल के पास डाउन लाइन की ट्रेन से गिरकर एक यात्री घायल हो गया था, उसका एक पैर कट गया था। उसे अस्पताल भेज दिया गया। वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की उम्र 30 साल थी। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### इश्तहार मुजरिया

**न्यायालय अपर उपजिलाधिकारी, सदर, बरेली**
**वाद संख्या-टी. 20241213010 7604 सन् 2024**
**लल्ला खां पुत्र कुतुब खां निवासी ग्राम अभयपुर केशोंपुर, तहसील व जिला बरेली।........वादी**
**बनाम**

1. मुस्तरी व्यस्क पत्नी नौशे खां 2. ईनस खां व्यस्क पुत्र नौशे खां 3. रूकसाना व्यस्क पत्नी शाहमत खां 4. मैसर खां व्यस्क पुत्र नौशे खां 5. सारून खां व्यस्क पुत्र शाहमत खां 6. हारून खां व्यस्क पुत्र शाहमत खां 7. श्रीमती सकीला बेगम व्यस्क पत्नी स्व. सरवर खां 8. नरवर खां व्यस्क पुत्र सरवर खां 9. ताहिर खां व्यस्क पुत्र सरवर खां 10. अफसर खां व्यस्क पुत्र सरवर खां 11. नन्हें खां व्यस्क पुत्र कुतुब खां 12. भोले खां व्यस्क पुत्र कुतुब खां 13. मुन्ने खां व्यस्क पुत्र बन्ने खां 14. अनवर खां व्यस्क पुत्र बन्नें खां 15. राजा खां व्यस्क पुत्र बन्ने खां 16 शाहनूर खां व्यस्क पुत्र बन्ने खां 17. सलमान खां व्यस्क पुत्र बन्ने खां 18. श्रीमती हमसीरन व्यस्क पत्नी बन्ने खां 19. मुस्तरी पत्नी स्व. लाजम खां 20. जाबिर पुत्र स्व. लाजम खां 21. शमसू पुत्र स्व.लाजम खां 22 फिरोज पुत्र स्व. लाजम खां 23. हाकिम खां व्यस्क पुत्र रसूल खां 24. मोहम्मद उमर खां व्यस्क पुत्र रसूल खां 25. दूल्हें खां व्यस्क पुत्र इमाम खां 26. नासिर खां व्यस्क पुत्र इमाम खां 27 नादिर खां व्यस्क पुत्र इमाम खां 28. साबिर खां व्यस्क पुत्र इमाम खां 29. अख्तर खां वयस्क पुत्र इमाम खां, 30. नन्हिया व्यस्क पत्नी श्री असगर खां 31.नसरीन बानों व्यस्क पुत्री जीशान खां 32. इसरार खां व्यस्क पुत्र जीशान खां 33 इमरान खां व्यस्क पुत्र असगर खां 34. रिजवान खां व्यस्क पुत्र जीशान खां 35. मोहम्मद अलतमस नाबालिग पुत्र जीशान खां 36. कु. निशा पुत्री जीशान खां, 37. मनतशा नाबालिग पुत्री जीशान खां, समस्त निवासीगण अभयपुर केशोंपुर तहसील व जिला बरेली 38. ग्रामसभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अभयपुर केशोंपुर पर. तह. व जिला बरेली में कुरा बटवारा हेतु प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा–116 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता माननीय न्यायालय में दाखिल किया है व विपक्षी रिश्तेदार बनाम खास व आम को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त याचिका में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह नियत दिनांक 25.10.24 को माननीय न्यायालय के समक्ष सुबह 10 बजे स्वयं व अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत होकर अपन जबाव दाखिल करें अन्यथा प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय कर दी जायेगी बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

यह नोटिस आज दिनांक 15.10.2024 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारी किया गया है।

**अपर उपजिलाधिकारी सदर, बरेली।**

# सोशल मीडिया पर फर्जी नाम से युवती को फंसाया, कैफे में ले जाकर किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पीड़िता का आरोप दुष्कर्म के दौरान आरोपी ने बनाई वीडियो, धर्म परिवर्तनन करने पर वायरल करने की धमकी**
- **तहरीर पर थाना सुनगढ़ी में आरोपी के खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर**

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर एक युवक ने नाम बदलकर एकाउंट बनाकर पीलीभीत की युवती को प्रेमजाल में फंसा लिया। दोनों के बीच बातचीत होती रही। फिर मिलने के लिए आया और एक कैफे में ले जाकर दुष्कर्म किया। आपत्तिजनक वीडियो भी बना लिया। पांच दिन पहले रामलीला मेले में युवती से मिलने आया तो जबरन साथ ले जाने की जिद करने लगा। धर्म परिवर्तन करने का भी दबाव बनाया और अपनी असली पहचान बताई। पुलिस ने पीड़िता से मिली तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी सोशल साइट पर एलआर राहुल नामक आईडी का संचालन करने वाले व्यक्ति से दोस्ती हो गई थी। एल आर राहुल इसी वर्ष होली के बाद उससे मिलने पीलीभीत आया और वहां से टनकपुर हाईवे पर स्थित एक कैफे पर ले गया। आरोप है कि वहां आरोपी ने कैफे के कमरे में दुष्कर्म किया। इस दौरान आरोपी ने उसका वीडियो बना लिया और धमकी दी कि किसी को जानकारी देने पर वीडियो वायरल कर देगा। आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बाद में भी कई बार दुष्कर्म किया। 13 अक्टूबर को आरोपी उससे मिलने के लिए रामलीला मेला पीलीभीत में आया। वहां से वह उसको जबरदस्ती अपने साथ ले जाने लगा। जब उसने विरोध किया तो आरोपी मारपीट करते हुए गला दबाकर मारने की कोशिश करने लगा। तभी आरोपी ने बताया कि उसका असली नाम राहुल नहीं बल्कि जावेद है। आरोपी ने उसको अपने साथ ले जाने और धर्म परिवर्तन करने के लिए भी धमकाया। ऐसा न करने पर जान से मारने और वीडियो वायरल कर देने की धमकी दी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी पवन कुमार पांडेय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए विवेचना करा रहे हैं।

### पब्लिक नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि. शाखा द्वितीय तल बालाजी ईएनटी क्लीनिक कच्चा कटरा रोड शाहजहांपुर से सत्यपाल शर्मा पुत्र सेवाराम शर्मा व श्रीमती अर्चना शर्मा पत्नी सत्यपाल शर्मा निवासीगण ग्राम सरोवर नगर उर्फ भुरसण्डी पोस्ट राईखेड़ा तहसील सदर जिला शाहजहांपुर एक किता मकान तादादी 70.28 वर्गमी. जो गाटा सं 109 का जुज है वाकै मोहल्ला ग्राम अजीजगंज परगना जमौर तहसील सदर जिला शाहजहांपुर जिसकी चौहददी पूरब में मकान माया जोशी, पश्चिम में रास्ता 10 फिट सी.सी. रोड, उत्तर में मकान अशोक कन्नौजिया व दक्षिण में मकान अजीत यादव है को बंधक रखकर मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है उक्त प्लाट को सत्यपाल शर्मा आदि ने घुरई से द्वारा बैनामा क्रय किया है जिसकी रजिस्ट्री दिनांक 08.02.2012 को श्रीमान स.र. सदर शाहजहांपुर में बही सं. 1 जिल्द 7371 के पृष्ठ 39 से 68 तक क्रमांक 1462 पर हुई है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सामान्य कार्य दिवस के 07 दिन के अन्दर मेरे मुवक्किल हिन्दुजा हाउसिंग फाईनेंस लि0 शाखा शाहजहांपुर पर या मेरे कार्यालय पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर दर्ज करा सकता है उक्त समयावधि बीत जाने के उपरान्त मेरे मुवक्किल द्वारा सत्यपाल शर्मा आदि के पक्ष में ऋण जारी कर दिया जायेगा।

मुनीश कुमार सक्सेना (एडवोकेट)
चैम्बर नं. 27 न्यू बिल्डिंग बंगलिया
सिविल कोर्ट, बरेली सूचीबद्ध अधिवक्ता:–
हिन्दुजा हा.फा.लि., शाहजहांपुर
मो. 9997389012

## कार्यालय जिला पंचायत शाहजहांपुर

पृ.सं.:– सी–475/जि.पं.–नि.अनु./2023–24 दिनांक: 17.10.2024

**ई-निविदा सूचना**

संशोधित निर्माण नियमावली 1984 के अनुसार जिला पंचायत, सिचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है की जिला पंचायत शाहजहांपुर द्वारा अपने शासकीय अनुदान से अनुमोदित कार्य योजना में से 05 अदद कार्यो की अलग अलग ई–निविदा दिनांक 06.11.2024 को 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं । www.etender.up.nic.in पर ई–निविदा अपलोड/डाउनलोड की जा सकती है। ई–निविदाओं की तकनीकी बिड दिनांक 07.11.2024 को 10:00 AM से टेंडर समिति के समक्ष खोली जायेंगी ई–निविदा की शर्ते निम्न्वत्त हैं।

1– टेंडर के साथ रजिस्ट्रेशन का प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र ,हैसियत प्रमाण पत्र , पेन कार्ड , 65 सर्टिफिकेट , लेबर पंजीकरण, घोषणा पत्र, टेंडर शुल्क एवं अर्नेस्टमनी की प्रति संलग्न करना अनिवार्य हैं। निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त इसकी एक हार्ड कापी कार्यालय में जमा करनी होगी।

2– टेंडर शुल्क ''बडौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक'' के खाता संख्या ''56370100007586'' आईएफएससी कोड –BARB0BUPGBX में आरटीजीएस अथवा DD के रूप में जमा किया जायेगा।

3– 2 प्रतिशत अर्नेस्टमनी बडौदा उ.प्र. ग्रामीण बैंक में अथवा FD/NSC जो अपर मुख्य अधिकारी के पद नाम से बंधक हों संलग्न करना होगा।

4– अपूर्ण या सशर्त ई–निविदाओं पर कोई विचार नही कीया जायेगा।

5– सार्वजनिक निर्माण कार्यो में प्रयुक्त होने वाले उप खनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषयक भूतत्व एवं खनिज कर्म विभाग द्वारा समय–समय पर निर्गत शासनादेशों का अनुपालन किया जाना अनिवार्य होगा।

6– पंजीकृत ठेकेदार को ठेका दिए जाने के पश्चात कभी भी यह संज्ञान में आता है की वह ठेकेदार सक्रीय रूप से माफिया गतिविधियों , आसामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है तो उसे प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम प्राधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जावेगा एवं इस आशय का शपथपत्र 100 के स्टैम्प पर टेन्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।

7. प्रत्येक निविदा के साथ जिला पंचायत शाहजहांपुर में पंजीयन नवीनीकरण की रसीद/पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

8– निविदा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का सर्वाधिकार मा. अध्यक्ष जिला पंचायत शाहजहांपुर में निहित होगा ।

आमंत्रित निविदाओं के कार्यादेश धनराशि की उपलब्धता के आधार पर जारी किये जायेंगे।

| क्र. सं. | ब्लाक | कार्य का नाम | टेन्डर लागत लाख में without GST | जमानत राशि | निविदा शुल्क | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | भावलखेड़ा | बांडी गांव बस्ती से तालाब तक नाला | 21.18 | 39220 | 1200 | 6 माह |
| 2. | बंडा | रनमस्तुपुर में बाबूराम के खेत से खुमरूआ तालाब तक अवशेष नाला। | 12.90 | 36340 | 1200 | 6 माह |
| 3. | मिर्जापुर | कवरा सलेमपुर पूर्वी में दलवीर के घर से मोरपाल के घर तक नाला निर्माण। | 13.86 | 35000 | 1200 | 6 माह |
| 4. | भावलखेड़ा | नियामतपुर से तालाब तक में नाली निर्माण। | 17.00 | 42320 | 1200 | 6 माह |
| 5. | ददरौल | लालपुर में ददरौल मोड़ तक नाला। | 21.10 | 42020 | 1200 | 6 माह |

**संजय सिन्हा**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

**संतोष कुमार सिंह**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, शाहजहांपुर**

# उपचुनाव में सभी नौ सीटें जीतेगा सपा गठबंधन

संवाददाता, बिलारी (मुरादाबाद)

- **भारतीय जनता पार्टी ने गन्ना समिति के चुनावों में धांधली कराई : शिवपाल**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव में सपा गठबंधन सभी नौ सीटें जीतेगा। भारतीय जनता पार्टी ने गन्ना समिति के चुनावों में धांधली कराई है।

शिवपाल सिंह यादव गुरुवार को जिला सहकारी बैंक के पूर्व चेयरमैन सपा नेता राजेश यादव के दामाद हरि मंगल डिग्री कॉलेज के प्रबंधक अजय यादव उर्फ सोनू यादव के गृह प्रवेश के मौके पर बिलारी आए थे। इस दौरान उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा। कहा कि भाजपा सरकार खुलेआम गुंडागर्दी कर रही है, लोकतंत्र की हत्या कर रही है। किसान युवा, व्यापारी, मध्यवर्ग परेशान हैं। महंगाई लगातार बढ़ रही है। प्रदेश में आए दिन हत्याएं और लूट हो रही हैं। महिलाएं और बेटियां सुरक्षित नहीं है। प्रदेश सरकार फर्जी एनकाउंटर कर रही है और बुलडोजर के नाम पर गरीबों के मकान को तोड़ रही है। अब प्रदेश की जनता भारतीय जनता पार्टी के मंसूबों को पहचान चुकी है, सभी ने भाजपा को प्रदेश से उखाड़ फेंकने का मन बना लिया है। कहा कि हाल ही में बहराइच में दंगा हुआ है। इसमें सरकार पूरी तरह से नाकाम है, कानून-व्यवस्था ध्वस्त है।

## फंदा लगाकर पीलीभीत के युवक ने की आत्महत्या

**बरेली।** किराये के मकान में रह रहे युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दो दिन से फोन न उठने पर चचेरी बहनकिराये के आवास पर पहुंची। पुलिस ने दरवाजा खोलकर देखा तो चालक कमरे में फंदे पर लटका मिला। बारादरी के गोल्डन ग्रीन पार्क में रहने वाली पुष्पा ने बताया कि पीलीभीत के थाना सुनगढ़ी के मोहल्ला नई बस्ती निवासी उनके चाचा प्रेमचंद्र का बेटा पंकज शर्मा आशुतोष सिटी में किराये पर रहता था। वह दो दिन से पंकज को फोन कर रहीं थी, लेकिन फोन नहीं उठा। गुरुवार रात 9 .15 बजे वह पंकज के किराये के आवास पर पहुंची। मकान अंदर से बंद था और बदबू आ रही थी। अनहोनी की आशंका पर पुष्पा ने पुलिस को सूचना दी। बैरियर टू चौकी इंचार्ज इंद्रपाल सिंह किसी तरह दरवाजा खोलकर दाखिल हुए। शव देखकर पुलिस अनुमान लगा रही है कि दो दिन पहले ही पंकज ने आत्महत्या की होगी।

## कार्यालय ग्राम पंचायत बिहारीपुर, विकास खंड बहेड़ी, जनपद बरेली

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस–2 योजनान्तर्गत ठोस–तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एम.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि 350812/– रूपये द्वारा निम्न कार्यो की सामग्री आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई–रिक्शा/ साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यो से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |

उपरोक्त कार्यो को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती हैं। निविदा सूचना दिनांक 18.10.2024 से 19.10.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है एवं उसी दिन सायं 04 बजे खोली जायेगी।

**तस्लीम अहमद–ग्राम प्रधान** **ओमेंद्र कुमार–सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जसाई नागर, विकास खंड बहेड़ी, जनपद बरेली

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस–2 योजनान्तर्गत ठोस–तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एम.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि 491400/– रूपये द्वारा निम्न कार्यो की सामग्री आपूर्ति करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई–रिक्शा/ साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यो से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |

उपरोक्त कार्यो को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। सामग्री की मात्रा घट–बढ़ सकती हैं। निविदा सूचना दिनांक 18.10.2024 से 19.10.2024 समय अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जा रही है एवं उसी दिन सायं 04 बजे खोली जायेगी।

**आदित्य प्रताप सिंह–ग्राम प्रधान** **ओमेंद्र कुमार–सचिव**

अनिर्वेद : श्रियो मूलं लाभस्य च शुभस्य च।
महान् भवत्यनिर्विण्ण : सुखं चानन्त्यमश्नुते ॥

अपने काम में लगे रहनेवाला व्यक्ति सदा सुखी रहता है। धन-संपत्ति से उसका घर भरा-पूरा रहता है। ऐसा व्यक्ति यश-मान-सम्मान पाता है।


## संपादकीय

# कथनी-करनी का अंतर

कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। गुरुवार को भारतीय अधिकारियों ने अपने राजनयिकों के खिलाफ झूठे आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि कनाडा ने भारतीय अपराधियों को शरण देने और उन पर कानूनी कार्यवाही के लिए प्रत्यर्पण के अनुरोधों को लटकाकर रखा। कनाडा के प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, जो ट्रूडो सरकार के राजनीतिक एजेंडे को प्रतिबिंबित करता है। गौरतलब है कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। वह भारत में वांछित था। कनाडा पुलिस ने अपने शक का ब्योरा दिया कि भारतीय राजनयिक किसी न किसी तरह एक भारतीय आपराधिक नेटवर्क के साथ संलिप्त थे, जिसे वे इस हत्या के लिए, साथ ही कुछ भारतीय आप्रवासियों को निशाना बनाने के लिए जिम्मेदार मानते हैं। यानी कनाडाई विदेश मंत्रालय ने मामले में भारतीय राजनयिकों पर राजनीतिक दखल अंदाजी का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ट्रूडो ने कहा कि कनाडा की धरती पर किसी नागरिक की हत्या करवाने में विदेशी सरकार का शामिल होना, हमारे देश की संप्रभुता का उल्लंघन है। निज्जर की हत्या मामले में भारत ने कनाडा के आरोपों पर अपनी ओर से स्थिति स्पष्ट कर दी। इसके बावजूद कनाडा ने लगाए आरोपों को लेकर अभी तक कोई सबूत नहीं दिया है। इस मामले में कनाडा को सबूत पेश करने चाहिए थे या फिर राजनयिकों पर आरोप लगाना बंद करते। कनाडा के प्रधानमंत्री के बयानों के बारे में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा भारत 'वन इंडिया' यानी एक भारत की नीति में विश्वास करता है, लेकिन अभी तक भारत ने देश विरोधी तत्वों के खिलाफ जो कार्रवाई का अनुरोध किया है, उस पर कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

भारत ने अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारतीय राजनयिकों और समुदाय के नेताओं को डराने के लिए हिंसक चरमपंथियों व आतंकवादियों को जगह मुहैया कराने का आरोप कनाडाई सरकार पर भी लगाया। ऐसे में भारत ने कनाडा के राजनियकों को निष्काषित कर सही कदम उठाया है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने आगे की कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखा है, जिसका मतलब वीजा में बड़ी कटौती और सीधे यात्रा संपर्कों में कमी आना हो सकता है। अब भारत को न सिर्फ कूटनीति बल्कि देश की छवि पर अपने अगले कदमों के असर के बारे में सावधानी से सोचना चाहिए। सबसे बढ़कर यह कि भारत को कनाडा की ओर से जवाबदेही सुनिश्चित किए जाने का अंतर्राष्ट्रीय अभियान तेज करना चाहिए।

# उत्तर प्रदेश बनेगा 'जीरो पावर्टी स्टेट'


डा.रविशंकर पांडेय
सेवानिवृत्त पीसीएस, लखनऊ

> ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार आठवीं बार 15 अगस्त 2024 को यह घोषणा करते हुए देश और प्रदेश वासियों को चौंका दिया कि वे अपने प्रदेश को भारत का पहला गरीबी मुक्त राज्य बनाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उपर्युक्त महत्वाकांक्षी संकल्प के संबंध में यदि हम देश और प्रदेश में गरीबी के प्रतिशत का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि वर्ष 2021 के अंत में उत्तर प्रदेश में 22.93 गरीब थे जबकि 2015-16 में यह आंकड़ा 37.63 प्रतिशत था। नीति आयोग द्वारा जारी की गई एक हालिया रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2015-2016 से 2019-2021 के मध्य देश में बहुआयामी गरीबी में जीवन यापन कर रहे लोगों की संख्या आशातीत रूप से कम हुई है जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य अव्वल है। 'यूएनडीपी' की जारी एक अध्ययन आख्या ने भी बताया कि विगत पंद्रह सालों में लगभग 41.5 करोड़ भारतवासियों को बहुआयामी गरीबी से ऊपर उठाने में भारत कामयाब रहा है, जो उल्लेखनीय है। बहुआयामी गरीबी और इसके संकेतक-इधर के वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं द्वारा बहुआयामी गरीबी की एक नई अवधारणा पर लगातार बल दिया जा रहा है। इसलिए बहुआयामी गरीबी के आशय को पहले समझना जरूरी है। विश्व के अधिकांश देश गरीबी को धन की कमी के रूप में परिभाषित करते हैं। किन्तु गरीबी का जीवन जी रहे लोग अपने अनुभवों को कुछ अधिक व्यापक रूप से व्यक्त करते हैं। जरुरत के समय धन की कमी से वह स्वास्थ्य, शिक्षा, समुचित पोषण और जीविका के साधनों से वंचित हो जाता है।

ऐसी स्थिति में देखा गया है कि किसी व्यक्ति की गरीबी में कई तरह के आर्थिक और सामाजिक कारक जिम्मेदार होते हैं तथा अलग-अलग व्यक्तियों के लिए इन कारणों का महत्व अलग अलग होता है। मोटे तौर पर इन कारकों को स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और जीवन स्तर के विभिन्न मानकों के रूप में विभक्त किया गया है। इन्हीं कारकों के कारण किसी व्यक्ति के जीवन में जो दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति लगातार कई वर्षों तक बनी रहती है उसी को बहुआयामी गरीबी की संज्ञा दी जा सकती है। उपर्युक्त कारकों के आधार पर बहुआयामी गरीबी को मापने के लिए कुछ

> निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा।

संकेतकों का निर्माण किया गया है और इनके महत्व के आधार पर इन्हें अलग-अलग भारांक भी प्रदान किया गया है। इन कारकों में स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर हैं। स्वास्थ्य का आकलन गरीब परिवार के पोषण, बच्चों की मृत्यु दर और मातृ-स्वास्थ्य के संकेतकों, शिक्षा का आकलन बच्चों की स्कूल अवधि व स्कूल में उपस्थिति से तथा जीवन स्तर का आकलन प्रयुक्त ईंधन, शौचालय, पेयजल आपूर्ति, विद्युत, आवास एवं बैंक खाते आदि संकेतकों से किया गया है।

गरीबी में कमी-उपर्युक्त कारकों, संकेतकों और निर्धारित मापदंडों के आधार पर नीति आयोग द्वारा बहुआयामी गरीबी और उसकी तीव्रता का सर्वेक्षण कराकर प्रदेशवार व जिलेवार गरीबी का सूचकांक तैयार कराया था। इस सर्वेक्षण के आधार पर वर्ष 2016 से 2021 तक पांच वर्षों के मध्य पूरे देश में बहुआयामी गरीबी में लगभग दस प्रतिशत की कमी आई है और 13.50 करोड़ लोग इस गरीबी से बाहर निकलने में कामयाब रहे हैं। बात उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की करें तो अकेले यहां पर 3.43 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर उठे हैं जो सभी राज्यों से अधिक हैं। नीति आयोग की इस रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश के बारे में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के पूर्वांचल क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और शौचालय आदि की मूलभूत सुविधाओं में उत्साहवर्धक सुधार हुआ है। प्रदेश का एक और पिछड़ा क्षेत्र बुंदेलखंड भी है जहां चित्रकूट जिला गरीबी उन्मूलन में सबसे आगे है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नजर डालें तो यहां पर गरीबों की संख्या कुछ धीमी गति से कम हुई है। नीति आयोग ने पांच वर्षों के दौरान बहुआयामी गरीबी से मुक्ति के जो आंकड़े पेश किए हैं उन्हें देखते हुए शेष आबादी को गरीबी से ऊपर उठाने में अब अधिक समय नहीं लगना चाहिए।

ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार-नीति आयोग की इस रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में विगत पांच वर्षों में शहरी आबादी की तुलना में ग्रामीण आबादी के जीवन स्तर में अधिक तेजी से सुधार हुआ है। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में जहां गरीबों की आबादी में 18 प्रतिशत की गिरावट आई है वहीं शहरी इलाकों में इसका आंकड़ा महज 6 प्रतिशत ही है। इस दौरान पूर्वांचल के जिलों में लोगों का जीवन स्तर तेजी से सुधरा है जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में इसकी रफ्तार कुछ धीमी है। पश्चिम में रामपुर जिले की आबादी में अन्य जिलों की अपेक्षा गरीबी में कमी आने के साथ वहां के निवासियों में जीवन स्तर को लेकर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के चार जिलों रामपुर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और बरेली के लोगों का जीवन स्तर पहले से बेहतर हुआ है। प्रदेश के गौतमबुद्धनगर जिले के निवासियों का जीवन स्तर अन्य जिलों की अपेक्षा सबसे अच्छा है।

जीडीपी में सुधार-एक रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में सुधार के साथ पूरे उत्तर प्रदेश में आमजन की सुख सुविधा में भी सकारात्मक परिवर्तन हुआ है। यह तथ्य जिलों में खेती बाड़ी से लेकर उद्योग, भवन निर्माण, स्वास्थ्य, परिवहन और शिक्षा समेत अठारह मानकों के आधार पर प्रदेश की जीडीपी के आकलन में सामने आया है।

मांग, व्यय और अर्थव्यवस्था में वृद्धि-तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ वृद्धि के स्तर और गति को बनाए रखने में सफल रही है। इसी कारण बहुआयामी गरीबी में सबसे तेज गिरावट उत्तर प्रदेश में दर्ज की गई है। प्रदेश के लोगों की खरीद क्षमता में वृद्धि के साथ हर व्यावसायिक क्षेत्र में मांग बढ़ी है। उपभोग और मांग में वृद्धि के फलस्वरुप वस्तुओं व सेवाओं के क्रय में वसूले जाने वाले अप्रत्यक्ष कर संग्रह में भी प्रदेश की हिस्सेदारी बढ़ी है। यही नहीं आयकर रिटर्न भरने वालों की संख्या में भी प्रदेश में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और यह देश में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अब शनैः शनैः कई आयाम जुड़ते चले जा रहे हैं। रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार अगस्त 2023 में वित्तीय संस्थानों से फंड आकर्षित करने के लिहाज से 16.20 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है।

कार्ययोजना-देश के सबसे अधिक जनसंख्या वाले प्रांत उत्तर प्रदेश को अगले एक साल के अंदर 'जीरो पावर्टी स्टेट' बनाने की यह योजना अति महत्वाकांक्षी होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। सरकार ने इस महायोजना का एक विस्तृत रोड मैप जारी कर दिया है। इसके अंतर्गत गरीबी का आकलन नए सिरे से अब दो स्तरों पर किया जाएगा। प्रत्येक चरण में शामिल कर्मचारी, अधिकारी और ग्राम पंचायतों के पदाधिकारी इसके लिए पूरी तरह से जवाबदेह बनाए जाएंगे। इस चयन के आधार पर चिन्हित परिवारों को भोजन और वस्त्र के साथ साथ आवास, चिकित्सा सुविधा एवं अच्छी शिक्षा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा सुनिश्चित आय के उपयुक्त साधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।


निर्धनतम परिवारों का चयन करने के लिए प्रथम चरण में 'माप-अप मोबाइल एप' पर परिवारों की पहचान की जाएगी। दूसरे चरण में हर ग्राम पंचायत में एक ग्राम स्तरीय समिति गठित की जाएगी, जहां पर ग्राम सहायता समूह गठित नहीं है, वहां पर गांव की आंगनबाड़ी संचालिका व स्वास्थ्य विभाग की आशा बहू को इसका सदस्य बनाया जाएगा। निर्धनतम परिवारों के अंतिम चयन में इस समिति के कम से कम तीन सदस्यों का एक मत होना आवश्यक होगा। इस संपूर्ण अभियान को एक साल के अंदर पूरा करने की योजना बनाई गई है। इस प्रकार गरीबी को प्रदेश में जड़ से समाप्त करने की योजना बनाने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है। इस महत्वाकांक्षी योजना के सफल एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलाधिकारियों और आयुक्तों को पत्र लिखते हुए वीडियो कान्फ्रेंसिंग से भी निर्देश दिए गए हैं। समय समय पर विकासखंड वार प्रगति का अंकन करने के लिए इस हेतु पोर्टल भी लांच कर दिया गया है।

## प्रसंगवश

# मध्यवर्ग और तिकड़म की दुनिया

इस देश में नव मध्यवर्ग का उदय और विस्तार बहुत तेज़ी से हुआ है। उसमें भ्रष्टाचार का बहुत अहम योगदान रहा है। लोगों में यह धारणा घर करती गई कि तिकड़म से ही धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। तिकड़म से ही सत्ता और प्रभाव हासिल किया जा सकया हैं, जिनके ज़रिए और आसानी से, और अधिक मात्रा में, धन-संपत्ति कमाई जा सकती है। क्योंकि सत्ता से तिकड़म भिड़ाने के अवसरों में अचानक वृद्धि हो जाती है।

तिकड़म और सत्ता के गठजोड़ के एहसास से लोग सत्ता की ओर दौड़ पड़े। एमपी, एमएलए, कारपोरेटर, ग्राम-प्रधान, जहां भी, जो भी मिल जाय। मुख्य पार्टियों का टिकट पाने के लिए लोग आकाश-पाताल एक करने लगे। होते-होते ये टिकट नीलाम होने लगे-पहले लगाओ, फिर कमाओ (अपवाद तो हर जगह होते ही हैं)।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दूसरी दौड़ लगी सरकारी नौकरी पाने के लिए। पता नहीं कैसे लोगों में यह धारणा बन गई कि सरकार माने तिकड़म की जगह-सरकार में कहीं भी घुस जाओ, तिकड़म का कम-ज्यादा अवसर मिल ही जाएगा। कुछ साल पहले उत्तर प्रदेश के थोड़े से चतुर्थ श्रेणी के पदों के लिए हज़ारों आवेदन-पत्र आए और उनमें एमए, पीएचडी तक के आवेदन थे। यह बेरोज़गारी का कम और सरकार में तिकड़म के अवसर के बारे में जन-भावना का प्रतिबिंब अधिक लगता है।]

सरकारी नौकरी के क्रेज़ का यह हाल है कि हर बाप अपने बेटों को कहीं भी, किसी भी स्तर की सरकारी नौकरी में 'फ़िट' कराने के लिए पैसे जोड़ रहा है और जुड़ गए तो लिए-लिए घूम रहा है। हर तरह की सरकारी नौकरी के लिए रेट क्वोट हो रहे हैं और दलाल घूम रहे हैं। जहां परीक्षा और इंटरव्यू दोनों होते हैं, वहां दोनों के अलग-अलग रेट हैं।

मेरे गांव में एक सज्जन ने बताया, फलां दलाल बहुत ईमानदार है, जिसका नहीं होता, उसे वापस कर देता है। अब उसका धंधा तो चलना ही है, चाहे भरती बिल्कुल ईमानदारी से हो। लोगों के दिमाग़ में जो यह भर गया है कि बिना लिए-दिए सरकारी नौकरी नहीं मिलती, उसी के सहारे, बिना उसके कुछ किए-धरे।]

सरकार में तिकड़म से धन कमाने के अवसर के बारे में जो जन-भावना है उसका बैरोमीटर दहेज के बाज़ार में साफ़ देखा जा सकता है। लड़का सरकारी नौकर हो गया तो रेट में एकाएक उछाल आ जायेगा। और रेट छोटी-बड़ी नौकरी के आधार पर कम, महकमे के आधार पर ज़्यादा घटता-बढ़ता है यानी तिकड़म से धन कमाने के अवसर की उपलब्धता के बारे में लोगों का जो आकलन है, उसके आधार पर।

यह नव मध्यवर्ग मनसा अब भी ग़रीब है। इसलिए धन आते ही शौक पूरा करने, तड़क-भड़क दिखाने पर ख़र्च करने लग जाता है। तरह-तरह के गैजेट्स, नए मॉडल की मोटर साइकिलें, फिर नए मॉडल की गाड़ियां, फ़र्नीचर, घर की साज-सज्जा

जो पीछे रह गए, यानी ग़रीब, उन पर दोहरी मार पड़ती है। ग़रीबी का भौतिक त्रास, और नव मध्यवर्ग की चमक-दमक देखकर मानसिक त्रास। आख़िर कुछ दिन पहले ये भी उन्हीं की तरह थे, उन्हीं के साथ थे। तो होता यह है कि तिकड़म न कर पाने या उसमें सफल न हो पाने से वे एकदम मायूस हो जाते हैं। और समुचित मात्रा में तिकड़म न कर पाने के लिए अपने को कोसने लगते हैं।

गांवों में इस नव मध्यवर्ग की एक झलक देखनी हो तो आप ब्लॉक प्रमुख की लड़की की शादी में हो आइए। एक नज़ारा ले लीजिए कि कौन-कौन मेहमान ऐसे हैं जिनका औरों से विशिष्ट स्वागत हो रहा है। बीडीओ, एडीओ, दारोगा, तहसीलदार, कुछ सरपंच, एमएलए, एमपी। और इनके दलाल जो प्रायः सबके सामान्य दलाल होते हैं। कुछ लाल बत्तीवाली गाड़ियां भी आ सकती हैं, जिनके आते ही स्वागत करने वाले सबको छोड़कर दौड़ पड़ेंगे। लाल बत्ती का यशोगान बहुत दिनों तक चलता रहेगा। आस-पास के लोग पूछेंगे-लाल बत्तीवाली कितनी गाड़ियां आई थीं, और उसी से ब्लॉक प्रमुख की हैसियत का अंदाज़ लगाएंगे। यह नव मध्यवर्ग ऐसे ही फलता-फूलता रहेगा। तिकड़म के अवसरों की तलाश और छीना-झपटी ऐसे ही चलती रहेगी। और इसी के साथ-साथ अख़बारों में, पत्रिकाओं में और फेसबुक पर भी बड़े विद्वत्तापूर्ण लेख लिखे जाते रहेंगे। भ्रष्टाचार पर, मंहगाई पर, बेरोज़गारी पर। प्रबुद्ध लोग आरामदेह ड्रॉइंग रूम में आरामदेह सोफों पर बैठकर बहसें करते रहेंगे कि देश का विकास क्यों नहीं हो रहा, ग़रीबी दूर क्यों नहीं हो रही, ग़रीब-अमीर के बीच की खाई कम क्यों नहीं हो रही, भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा, महंगाई क्यों बढ़ रही, वगैरह-वगैरह। और हर चीज़ के लिए प्रांत या केंद्र या दोनों की सरकारों को दोष देते रहेंगे।

# मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए हम


भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

> उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है।

रामकथा विश्व की प्राचीनतम (आदि) काव्यकृति है और वाल्मीकि आदि कवि। इस कथन पर आप संभव है विश्वास न कर पाएं। कारण हमें बताया जाता है कि ऋग्वेद विश्व की प्राचीनतम पुस्तक है और वह भी उन लोगों द्वारा जो ऋग्वेद को 3500 वर्ष अद्य पूर्व से बाद की रचना मानते हैं। ऐसी स्थिति में यदि कहें कि रामकथा ऋग्वेद से उतनी ही पुरानी है जितना आज से ऋग्वेद तो संभव है आप अपना आपा खो बैठें। एक वयोवृद्ध विद्वान ने आज से तीस पैंतीस साल पहले एक सेमिनार में सोम की पहचान पर मेरे वक्तव्य पर आह्लादित हो कर कहा था, 'तुम जिस भी विषय पर बोलते हो बिल्कुल नई बात कहते हो।'

उनका प्रतिवाद करना अशोभन था, पर सच यह है कि अनुसंधान में नई बात नहीं, सही बात कही जाती है, उन तथ्यों को उद्घाटित किया जाता है जिनकी ओर पहले किसी ने ध्यान नहीं दिया। इसमें मौलिकता नहीं, तार्किकता, साक्ष्य और अंतःसंगति का ध्यान रखा जाता है। उपेक्षित क्षेत्र या आयाम संभावना के क्षेत्र हैं। जो दीखता है उसे प्रचलित मान्यताओं और मूर्धन्य विद्वानों की बहुज्ञता, वय और ख्याति की चिंता किए बिना कहने के लिए साहस की आवश्यकता होती है क्योंकि कई बार इसके कारण आत्मीय संबंधों में भी खटास पैदा हो जाती है, व्यक्तिगत क्षति भी उठानी पड़ती है। परंतु इससे बौद्धिक परिदृश्य बदलता है, और बदलता रहा है। रामकथा की ऐतिहासिकता के विषय में भी ऐसा ही होगा, इसका भरोसा है। हमने लगभग एक हजार साल आतंक और बौद्धिक विकलांगता में बिताए हैं जिसमें बौद्धिक संस्थानों को ध्वस्त और स्वाहा किया जाता रहा और जो किन्हीं कारणों से बचा रह गया उसे औपनिवेशिक, नस्लवादी और मजहबी तकाजों से नष्ट करने के प्रयत्न किए जाते रहे। नव उपनिवेशवादी आग्रहों से वह आज भी जारी है और सेक्युलरिज्म का चोला धारण करके औपनिवेशिक स्थापनाओं के समर्थन में खड़ा हो कर उनसे भी अधिक उग्रता से अपनी सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने में लगा रहा है और इसने उस मानसिकता को प्रबल किया है कि भारतवासियों के बूते का न कुछ है, न कभी था। उन्हें ज्ञान और ऊर्जा पश्चिमोत्तर के आक्रांताओं से मिलती रही है और आज भी मिल रही है। इसमें इन्होंने अपनी साख के लिए एक चोर दरवाजा निकाल रखा है कि जो थोड़ा बहुत संभव है वह उन भारतीयों से ही संभव है जो अंग्रेजी में लेखन करते हैं। भारतीय भाषाओं में न तो गंभीर विषयों पर लेखन हुआ है, न ही संभव है।

वे भारतीय भाषाओं में न लिख सकते हैं, न इनके आधुनिक और प्राचीन साहित्य से परिचित हैं। इस तरह ज्ञान और अनुसंधान पर एकाधिकार न सही विशेषाधिकार पाश्चात्य अध्येताओं का आज भी बना हुआ है। पराधीनता समाप्त हो गई परावलंबन हमारे बुद्धिजीवी वर्ग के कारण बना रहा। हम मुक्त हुए पर स्वतंत्र नहीं हो पाए। इसका दायित्व नेहरू के नेतृत्व को जाता है जिन्होंने औपनिवेशिक विरासत को उपलब्धि के रूप में जारी रखा और गुटनिरपेक्ष रहने के दावे की बावजूद परामर्श के लिए अमेरिकी सलाहकारों पर निर्भर करते रहे। उनके पूरे शासन काल में भारत भुखमरी के कगार पर जीवित रहा जब भी जनसंख्या आज से तिहाई थी। अमेरिकी परामर्शदाता उन्हें सलाह देते रहे कि भारत खाद्यान्न के मामले में कभी आत्मनिर्भर नहीं हो सकता, उसे अमेरिका के पी एल 480 की अनुकंपा पर निर्भर रहना पड़ेगा इसलिए उसे अमेरिका के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहिए। उन्होंने अमेरिकी राजदूत गैल्ब्रेथ से गर्व से कहा था कि वह भारत पर राज करने वाले अंतिम अंग्रेज हैं। जिस देश की धातु विद्या का पूरा संसार लोहा मानता था और जिसका आश्चर्यजनक लौह स्तंभ उन्होंने अपनी आंखों से देखा और अपनी अंकवार में भरा होगा, उनको सिखाया गया था कि भारत तो इतना पिछड़ा था की सुईं तक नहीं बना सकता था।

अर्थात जो भी औद्योगिक प्रगति हुई वह अंग्रेजों के कारण हुई जब कि मैकाले ने स्वीकार किया था कि औद्योगिक क्रांति भारतीय पैसे के बल पर हुई। जो भी हो उनका मोहभंग होने के बाद उनकी जो दशा हुई उनके शासन काल में उससे मिलती-जुलती दशा पूरे देश की रही और उसके बाद एक ऐसे आदमी के हाथ में नेतृत्व आया जिसने जो रास्ता अपनाया उस पर चलते हुए भारत न कभी युद्ध में हारा न अन्न के अभाव से गुजरा और आज उस समय से तीन गुनी जनसंख्या का पेट ही नहीं भर रहा है अपितु कई देशों के अभाव की पूर्ति भी कर रहा है । यह अपनी जमीन, अपनी जबान और अपने दिमाग का चमत्कार है पर हमारा बुद्धिजीवी मानसिक रूप से नेहरू युग में ही जी रहा है। ऐसी अवस्था में अपनी भाषाओं के माध्यम से अनुसंधान और गहन विमर्श मात्र लेखन नहीं रह जाता, बौद्धिक स्वतंत्रता संग्राम का हिस्सा बन जाता है।

## सोशल फोरम

# सोशल मीडिया को कैसे देखें

सोशल मीडिया में 'सोशल' पदबंध बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह सामाजिक से भिन्न है। समाज विज्ञान से लेकर लेकर परंपरागत विमर्श के विभिन्न क्षेत्रों में 18वीं शताब्दी के बाद से लेकर आज तक जिसे सामाजिक कहते रहे हैं, उससे इस 'सोशल' का कोई लेना-देना नहीं है।


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

दिलचस्प बात है कि हममें से कोई भीड़ का अंग बनना नहीं चाहता, 'भीड़' में बोलना नहीं चाहता। लेकिन सोशल मीडिया में तो सबकुछ 'मास' है, 'भीड़' है। सोशल मीडिया में ज्योंही दाखिल होते हैं 'भीड़' का अंग बन जाते हैं। सोशल मीडिया में 'मास' ही शक्ति है। भीड़ ही ताकतवर है। बीसवीं शताब्दी 'राजनीतिक केंद्रीकरण' और 'संचार केंद्रीकरण' की शताब्दी है। एकाधिकार, केंद्रीकरण और मुनाफा ये इस युग के तीन बड़े लक्ष्य हैं। पहली बार अमेरिका में एनएसए, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल, फेसबुक, एपल आदि के बीच समझौते हुए हैं। इसे 'प्रिज्म' कार्यक्रम के नाम से जानते हैं। इसका मकसद है विश्व निगरानी करना, बहुराष्ट्रीय निगमों और अमेरिका के राजनीतिक और सांस्कृतिक हितों का विस्तार करना। इंटरनेट का समस्त डाटा संकलित करना, उसका व्यापारिक और राजनीतिक इस्तेमाल करना। डिजिटल तकनीक के आने के बाद संचार क्रांति का पैराडाइम बदला है। अब हम ज्ञान मीमांसा से तत्व मीमांसा की ओर मुड़ गए हैं। यानी 'आप क्या जानते हो' से 'तुम क्या हो' की ओर मुड़ गए हैं। 'ज्ञान प्रबंधन' से 'अस्मिता प्रबंधन' की ओर मुड़ गए हैं। सोशल मीडिया ने इस पैराडाइम शिफ्ट ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। नव्य-उदारीकरण के दौर में 1990-91 में जब संचार क्रांति आई तो वह मोबाइल-टेलीफोन और कंप्यूटर तक सीमित थी, उस दौर में तकनीकी उपयोग और सूचना या ज्ञान के संचय पर जोर दिया गया, सूचना से ज्ञान की ओर प्रयाण किया, लेकिन 2004 में जब फेसबुक का जन्म हुआ तो किसी ने नहीं सोचा था कि ज्ञान से छलांग लगाकर सीधे अस्मिता के क्षेत्र में समाज दाखिल होने जा रहा है।

**- फेसबुक वॉल से**

# कनाडा में तुष्टिकरण का बीज स्फुटित

जब नेता या सरकारें कमज़ोर होतीं हैं, तब अपना अस्तित बचाने के लिए तुष्टिकरण करने से परहेज़ नहीं करती, छोटे दलों की जायज़ नाजायज़ मांगों और अपेक्षाओं के आगे नतमस्तक हो जाती हैं। फिर वो चाहे देश, समाज के हित में हो या ना हो, इस पर ध्यान दिए बिना सिर्फ़ सत्ता में बना रहना ही उद्देश्य रह जाता है। आजकल कनाडा में आंतरिक और बाह्य द्वंद्व जो चल रहा है, उसे इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है।


राकेश शर्मा
निवर्तमान अध्यक्ष, इंडियन न्यूज़ पेपर सोसाइटी, नई दिल्ली

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के शासन काल का दूसरा टर्म शुरुआत से ही बैसाखियों पर टिका हुआ है। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के मुखिया जगमीत सिंह जिनके 25 सांसद चुनकर आए थे। उन्हीं की मदद से ट्रूडो दूसरी बार प्रधानमंत्री बन सके थे। यहां यह बता दूं कि जगमीत सिंह खलिस्तान की मांग का खुला समर्थन करते है और ट्रूडो को सपोर्ट की एक शर्त यह भी थी कि कनाडा में ख़ालिस्तानी मूवमेंट पर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा। ट्रूडो के सारे कार्यकलापों से उजागर है कि उसने जगमीत सिंह को इसकी मौन स्वीकृति दी और इसके लिए भारत से रिश्ते ख़राब करने को भी तैयार हो गए। इधर कनाडा में घरेलू हालात लगातार बिगड़ने लगे, हर मोर्चे पर ट्रूडो सरकार की किरकिरी होने लगी, चाहे वह महंगाई हो, रोज़गार हो, घर हों, स्वास्थ्य व्यवस्था हो सब फ्रंट पर कनाडा में त्राहि त्राहि मची हुई है। ट्रूडो की लोकप्रियता इस समय निचले स्तर पर है और सर्वेक्षणों के अनुसार उनका अगले साल होने वाले चुनाव में जीतना बहुत मुश्किल है। यह भांपते हुए जगमीत सिंह ने ट्रूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया और सरकार अल्पमत में आ गई। इसका फ़ायदा उठाते हुए विपक्ष के नेता पिएरे पॉलिवर ने संसद में अविश्वास प्रस्ताव ला दिया। ट्रूडो ने अपनी सरकार बचाने के लिए सभी छोटे मोटे दलों और जगमीत सिंह के साथ क्या-क्या समझौते किए अब सामने आ रहा है। विएना संधि का उल्लंघन करते हुए कनाडा ने भारतीय उच्चायोग के शीर्षस्थ अधिकारियों की हरमीत सिंह निज्झर की हत्या के मामले में पुलिस जांच की मांग की, ऐसा लगता है ठंडे पड़ रहे मुद्दे को जगमीत सिंह के कहने पर ही पुनर्जीवित किया गया। कनाडा के इस कृत्य के चलते भारत ने कनाडा उच्चायोग में कार्यरत छः उच्चस्थ अधिकारियों को वापस बुला लिया और भारत स्थित कनाडा के उच्चाधिकारियों को 19 अक्तूबर तक भारत छोड़ने के निर्देश दे दिए हैं। यह राजनयिक संबंधों की न्यूनतम स्थिति कहलाती है।

आश्चर्य है कि अलगाववादियों ख़लिस्तानियों का समर्थन करने वालों के तुष्टिकरण करने के लिए ट्रूडो भारत के साथ संबंध ख़राब करने की हद तक जा सकते हैं। सर्वेक्षणों के अनुसार दुबारा चुनकर आने की उम्मीद तो ट्रूडो को कम हैं, लेकिन जो बीज कनाडा-भारत संबंधों की कड़वाहट के बो रहें हैं, उससे दोनों देशों की जनता, छात्र, व्यापारियों को भुगतना पड़ेगा। सिद्धांतहीन तुष्टिकरण सदैव, हर भौगोलिक परिवेश में अंतोत्गत्वा हानिकारक होता है।

# उधार की न्याय देवी

भारत के मुख्य न्यायमूर्ति की पहल पर सर्वोच्च न्यायालय की न्यायधीशों की लाइब्रेरी में न्याय की देवी की प्रतिमा में बदलाव किया गया है। पहले इसके एक हाथ में तराजू दूसरे में तलवार थी, अब तराजू तो बरकरार है, किंतु तलवार की जगह संविधान की प्रति लिए है। पहले उसके नेत्रों में पट्टी बंधी थी, अब आंखें खुली रखी गई हैं। देखें कि इस देवी का वास्तविक स्वरूप क्या है? दरअसल हमारे शास्त्रों और प्राचीन धर्म ग्रंथों में न्याय की कोई अलग से देवी है ही नहीं। तीन महादेवियां सृष्टि का संचालन करती हैं। वे हैं महासरस्वती, महालक्ष्मी और महाकाली, जो क्रमशः चित्,सत और आनंद की अधिष्ठात्री हैं। इसके अलावा महा विद्याएं कही जाने वाली भी दस देवियां या शक्तियां हैं, जिनके अधिकारिता वाले विषय हैंः काली(काल शक्ति), तारा(क्षुधा शक्ति), षोडशी(पूर्ण/ मुक्ति शक्ति), भुवनेश्वरी(ज्ञान शक्ति),छिन्नमस्ता(त्याग शक्ति), भैरवी (भरणशक्ति),धूमावती(दरिद्रता शक्ति), बगला(क्रूर शक्ति), मातंगी(प्रभाव शक्ति), कमला(ऐश्वर्य शक्ति)। हालांकि न्याय के बड़े बड़े अनुपम उदाहरण हैं यहां। श्रीराम ने एक कुत्ते को जबरदस्त न्याय दिया था। कुत्ता, जो संभवतः 'कुकुर' गणगोत्र का समाज का निचले पायदान का व्यक्ति था, वह अभिजात्य मान्य ब्राह्मण द्वारा कष्टित किया गया था। राम ने उसकी प्रार्थना के मुताबिक ही ब्राह्मण को दंड दिया था। वन में पांडवों का उपहास करने गए दुर्योधन को एक गंधर्व उठाकर लिए जा रहा था। वह आर्त होकर चिल्लाया,तो धर्म के मूर्तिमान रूप युधिष्ठिर ने अर्जुन से कहा कि 'इसे बचाओ'। यद्यपि अनुज यह पसंद नहीं कर रहे थे, क्योंकि वह तो शत्रु था और पांडवों कि खिल्ली उड़ाने गया था। तथापि अर्जुन को अग्रज की आज्ञा माननी पड़ी और दुर्योधन की रक्षा की। महाराज युधिष्ठिर ने कहा था कि,आपस में हम पांच और कौरव 100 जरूर हैं, किंतु बाहरी दुनियां के लिए हम 105 हैं। रामायण व महाभारत दोनों कालों में आपराधिक और नागरिक दोनों प्रकार की न्याय व्यवस्थाएं थीं और राजा सर्वोच्च था। नीति के श्लोकों में कहा गया है, "न्यायात्पथःप्रविचलंति पदं न धीराः"। यानी न्याय के पथ पर चलने वाले लोग विचलित नहीं होते हैं। वैसे यह न्याय देवी, जिसकी मूर्ति अभी तक न्याय भवनों में लगी होती रही, वह यूनान की देवी 'जस्टिया'है; इसी से जस्टिस शब्द बना है। भारत में एक अंग्रेज़ अफसर इसे 17 वीं शताब्दी में लाया था। यह अभारतीय और उधार की देवी है।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

—— हरियाणा में कांग्रेस की हार के बाद हावी समाजवादी पार्टी ने मनमाफिक उम्मीदवार दिया ——

# सपा ने मीरापुर से सुंबुल राणा को उतार कांग्रेस को दिया झटका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के टिकट पर मीरापुर सीट में उतारी गईं सुंबुल राणा पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू हैं और बसपा नेता एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली की बेटी हैं। सुंबुल को टिकट मिलने से जहां कांग्रेस के इस सीट पर लड़ने की उम्मीद खत्म हो गई वहीं, उनके सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद के लिए भी इसे झटका माना जा रहा है। बतौर पर्यवेक्षक इमरान ने इस सीट को कांग्रेस के लिए मजबूत बताया था।

दरअसल, कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए पश्चिमी उप्र. की सीट मीरापुर का होमवर्क करते हुए दावा ठोका था। कांग्रेस ने इस दावे के साथ सहारनपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस के सांसद इमरान मसूद को मीरापुर सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाया। ऐसे में समाजवादी पार्टी के सामने नई परेशानी खड़ी हो गई थी, क्योंकि सपा इस सीट को कांग्रेस के खाते में नहीं देना चाहती थी। इतना ही नहीं, कांग्रेस सांसद ने दावा किया था कि इस सीट पर माहौल कांग्रेस के पक्ष में है और हम इस सीट पर रिकॉर्ड भी बना सकते हैं। इमरान मसूद ने पर्यवेक्षक के तौर पर उन्होंने ग्राउंड रिपोर्ट कर वो डाटा भी जुटा लिया था।हालांकि, बाद में हरियाणा में कांग्रेस की पराजय के बाद सपा हावी हो गई। गुरुवार को सपा ने अपने टिकट पर सुंबुल राणा के मैदान में उतार कर कांग्रेस के दावे को अब खारिज भी कर दिया। सुंबुल का नाम घोषित करते हुए सपा ने एक बार फिर पीडीए का नारा एक्स पर लिखा है। भले ही सभी प्रत्याशी पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक समाज से हैं लेकिन सात में से छह प्रत्याशियों के नामों से साफ है कि अखिलेश यादव को ज्यादा भरोसा परिवार पर ही है।

### दो सीट मिलने की जानकारी नहीं: अजय राय

**लखनऊ।** सपा से कांग्रेस को गाजियाबाद और अलीगढ़ की खैर सीट मिलने की संभावनाओं के बीच कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उन्हें अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और कांग्रेस पांच सीट की मांग कर रही है। हालांकि सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने गुरुवार को न्यूज एजेंसी से कहा कि उपचुनाव के लिये हुए समझौते के तहत अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट के साथ-साथ गाजियाबाद सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। वहीं, दो सीट कांग्रेस को दी जाती है तो उसके बाद अब केवल एक कुंदरकी सीट पर उम्मीदवार की घोषणा बाकी है।

### 25 दावेदारों में मुस्लिम महिला को दी प्राथमिकता

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने लखनऊ में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े बड़े नेताओं से लगभग तीन घंटे मंत्रणा की जिसके बाद सुंबुल राणा के नाम पर सहमति बनी। सपा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट, वसी अंसारी एडवोकेट समेत अन्य नेता लखनऊ पहुंचे थे। टिकट के लिए 25 दावेदार थे। इनमें पूर्व सांसद कादिर राणा के बेटे शाह मोहम्मद का नाम भी प्रमुखता से लिया जा रहा था। अखिलेश ने एक-एक कर 25 दावेदारों के नाम पर चर्चा की। हालांकि सूत्रों के मुताबिक, तय पूर्व में ही हो गया था कि मुस्लिम प्रत्याशी को चुनाव लड़ाया जाएगा।

### फिलहाल नौ सीटों के लिए होंगे चुनाव

**लखनऊ।** उप्र. में वर्तमान में रिक्त दस में से नौ सीटों पर चुनाव होने जा रहा है। 18 अक्टूबर से नामांकन का दौर शुरू होगा। 13 नवंबर को मतदान और 23 नवंबर को मतगणना कराई जाएगी। चुनाव आयोग ने मंगलवार को यूपी की कटेहरी (अंबेडकर नगर), करहल (मैनपुरी), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) में उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित किया था। अयोध्या की मिल्कीपुर का मामला हाईकोर्ट में लंबित होने के कारण अभी वहां चुनाव नहीं हो रहा है।

## सार-संक्षेप

### पूर्व केंद्रीय मंत्री वी.के. सिंह की बेटी ने कारोबारी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया

**गाजियाबाद,एजेंसी :** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता वी. के. सिंह की बेटी योगजा सिंह ने कविनगर थाने में कारोबारी आनंद प्रकाश के खिलाफ लगभग 3.5 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि सेवानिवृत्त जनरल वी. के. सिंह की बेटी योगजा सिंह ने शिकायत में आरोप लगाया है कि उन्होंने कारोबारी से राजनगर कॉलोनी में एक मकान का सौदा 5.5 करोड़ रुपये में किया था लेकिन मकान मालिक ने 3.5 करोड़ रुपये लेने के बाद भी बिक्री विलेख नहीं कराया। उन्होंने शिकायत में कहा कि 2014 में करार हुआ था और 3.5 करोड़ रुपये देने के बाद उन्होंने मकान की सफेदी और मरम्मत के लिए चेक के जरिए पैसे दिए थे। पुलिस के अनुसार शिकायत में उन्होंने कहा कि इस साल अगस्त में आनंद प्रकाश ने एक नोटिस भेजा था जो फर्जी तथ्यों पर आधारित था, जिस पर मैंने वकील के माध्यम से जवाब दिया था। योगजा सिंह ने शिकायत में कहा है कि मेरी जानकारी में यह भी आया है कि मकान पर ऋण भी लिया गया है और ऋण को बढ़ाने की तैयारी की जा रही है।

### इरफान सोलंकी मामले में 6 नवंबर को होगी सुनवाई

**विधि संवाददाता,प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में कानपुर की सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को मकान पर कब्जे के प्रयास में आगजनी के मामले में एमपी/ एमएलए कोर्ट द्वारा मिली सजा के खिलाफ दाखिल अपील और सजा बढ़ाने की सरकार की अपील पर गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। अपर महाधिवक्ता पीसी श्रीवास्तव के इस्तीफा देने के कारण सुनवाई टल गई। इरफान सोलंकी की सीट पर उपचुनाव का ऐलान हो गया है। वोटिंग की तारीखें भी तय हो चुकी हैं। माना जा रहा है कि अगली सुनवाई में उपचुनाव को लेकर बहस हो सकती है। राज्य सरकार की ओर से इरफान सोलंकी की सजा बढ़ाई जाने की मांग करते हुए हलफनामा दाखिल हो चुका है। गौरतलब है कि विधायक के खिलाफ नज़ीर फातिमा के घर पर कब्जा करने की मंशा से आगजनी के मामले सहित 11 और मुकदमे दर्ज हैं।

### वानिकी विश्वविद्यालय के लिए 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित

**लखनऊ,अमृत विचार :** गोरखपुर वन प्रभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा के बाद दुनिया के पहले राजगिद्ध (जटायु) संरक्षण केंद्र के समीप ही देश का दूसरा वानिकी विश्वविद्यालय बनाने के लिए 50 हेक्टेयर भूमि चिह्नित कर ली है। मुख्यमंत्री योगी ने ने गोरखपुर वन प्रभाग में वानिकी महाविद्यालय बनाने की घोषणा की थी। बाद में इसे लेकर अधिकारियों के साथ बैठक में उन्होंने वानिकी विश्वविद्यालय की मंशा जाहिर की। कुछ जमीनों को देखने के बाद अब 50 हेक्टेयर भूमि को उपयुक्त पाया गया है। चूंकि भौगोलिक रूप से यह जमीन महराजगंज जिले में है इसलिए इसे वानिकी विश्वविद्यालय के नाम आवंटन हेतु गोरखपुर वन प्रभाग ने शासन से पत्राचार किया है। गोरखपुर के प्रभागीय वनाधिकारी विकास यादव का कहना है कि पाठ्यक्रमों का खाका भी तैयार कराया जा रहा है।

### दीपोत्सव पर ऑनलाइन करें दान, घर पहुंचेगा प्रसाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या विकास प्राधिकरण दीपोत्सव-2024 के लिए एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम कार्यक्रम का शुभारंभ करेगा। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने बताया कि 30 अक्टूबर को दीपोत्सव का अयोजन होगा। देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु इस महोत्सव में सम्मलित होने की इच्छा रखते हैं। बहुत से श्रद्धालु ऑनलाइन माध्यम से दीये का दान कर के दीपों के इस महापर्व में अपना सहयोग प्रदान करना चाहते हैं। देश-विदेश के श्रद्धालु अयोध्या में होने वाले, इस महान दीपोत्सव का हिस्सा बन सकते हैं, जिसके प्रतिफल में उन्हें प्रसाद भी भेजा जायेगा। इस प्रसाद को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के द्वारा निर्मित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि http://www.divyaayodhya.com/bookdiyaprashad सीधे लिंक पर जा दान कर सकते हैं।

# दीपावली से पहले आशा व संगिनियों को मिलेगा बकाया भुगतान

## संविदा कर्मियों को इस माह का वेतन 25 तक मिल जाएगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मिशन निदेशक ने सभी डीएम और सीएमओ को जारी किए निर्देश



**अमृत विचार:** दीपावली से पहले राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) अंतर्गत कार्यरत आशा एवं आशा संगिनियों को 25 अक्टूबर तक प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान किया जाएगा। साथ ही कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को भी इस अक्टूबर माह का मानदेय 25 अक्टूबर तक मिलेगा।

इसके लिए मिशन निदेशक डॉ.पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारियों (सीएमओ) को गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए गये हैं। मिशन निदेशक ने सभी जिलों में सीएमओ को पत्र के माध्यम से निर्देश दिए हैं कि प्रदेश की सभी आशा एवं आशा संगिनियों से उनके द्वारा अब तक किए गए कार्यों के सापेक्ष मिलने वाले वाउचर का भुगतान कराया जाए। इसके लिए आशाओं से अतिशीघ्र ब्लाक स्तर पर सभी वाउचर जमा कराए जाएं। माह सितंबर तक बकाया व वर्तमान अक्टूबर का भुगतान 25 अक्टूबर तक कराने के साथ ही फैम्स पोर्टल पर अपलोड किया जाए।इसके अलावा पिंकी जोवल ने सभी जिलाधिकारियों एवं सीएमओ को निर्देश दिए हैं कि एनएचएम कार्यरत कर्मियों (संविदा एवं आउटसोर्स) को दीपावली के पहले 25 अक्टूबर तक कर दिया जाए।

### नई वर्दी में नजर आएंगे रोडवेज के चालक,परिचालक

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सड़क परिवहन निगम के 37 हजार चालक,परिचालक दीपावली त्योहार पर नई वर्दी में नजर आएंगे। हर चालक परिचालक को वर्दी के लिए 1800 रुपये मिलेंगे। परिवहन निगम ने गुरुवार को छह करोड़ 70 लाख रुपये की राशि वर्दी भत्ते के लिए अनुमोदित किया। एक से दो दिन के अंदर ड्राइवर कंडक्टरों के खाते में पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे।

# मथुरा में सड़क हादसे में 2 बच्चियों समेत 5 लोगों की मौत

**मथुरा,एजेंसी:** मथुरा में एक पिकअप के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो बच्चियों समेत बिहार के पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना कोसीकलां थाना क्षेत्र के कोसी-शेरगढ़ रोड पर नगरिया सतबीसा के पास हुई जब मजदूरों को ले जा रहे पिकअप के बिजली के खंभे से टकरा जाने से बिजली का तार टूट गया और इससे बचने के लिए मजदूर वाहन से कूद गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि इस बीच चालक ने वाहन को पीछे मोड़ दिया जिससे सभी लोग वाहन की चपेट में आ गए। पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि सभी बिहार के रहने वाले थे और ईंट भट्टे पर काम करने के लिए हरियाणा के पलवल जिले के होडल जा रहे थे।

# पुलिस मुठभेड़ में लारेंस विश्नोई गिरोह का शूटर गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मूल रूप से बदायूं का रहने वाला है शूटर राजू

**अमृत विचार :** मथुरा के रिफाइनरी थानाक्षेत्र में गुरुवार सुबह यूपी और दिल्ली पुलिस की लारेंस विश्नोई गिरोह के शूटर से मुठभेड़ हो गई। दोनों तरफ से हुई फायरिंग शूटर योगेश उर्फ राजू घायल हो गया। उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

पुलिस अधिकारी के मुताबिक योगेश दिल्ली के चर्चित जिम मालिक नादिरशाह हत्याकांड का मुख्य आरोपी है। आरोपी के पास से एक पिस्टल 32 बोर, सात जिंदा कारतूस और तीन खोखा बरामद किया गया। एसपी सिटी मथुरा डॉ. अरविंद कुमार के मुताबिक लारेंस विश्नोई व हाशिम बाबा गिरोह के शूटर योगेश कुमार उर्फ राजू के रेलवे स्टेशन के पास होने की सूचना मिली। उसकी तलाश में काफी दिनों से मथुरा में दिल्ली पुलिस की टीम ने डेरा डाल रखा था। दिल्ली पुलिस और रिफाइनरी थाने की पुलिस ने संयुक्त रुप से राजू की घेराबंदी की। इस पर उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लग गई। वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक राजू मूलतः बदायूं के राज चौक कटटा बहरामपुरा का रहने वाला है। वह लारेंस विश्नोई गिरोह में शामिल होकर यूपी में कई वारदात को अंजाम दिया। राजू के खिलाफ यूपी में आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।

# शाहजहांपुर सहित भंडारण निगम के 21 जर्जर गोदामों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ, अमृत विचार:** राज्य सरकार ने फतेहपुर, गोरखपुर, इटावा, फर्रुखाबाद, महोबा, हरदोई, गाजीपुर, शाहजहांपुर, बुलंदशहर व गाजियाबाद जिले में स्थित जर्जर हो चुके 21 गोदामों की भंडारण क्षमताओं में वृद्धि और भविष्य की जरूरतों अनुसार तैयार करने के लिए 15.14 करोड़ रुपये स्वीकृत किए हैं।

शाहजहांपुर के जमौर स्थित 6 गोदामों के कायाकल्प की तैयारी कर ली गई है। जमौर-ए के पार्ट-ए स्थित गोदाम में 1.9 करोड़, जमौर-ए के पार्ट-बी में 67.34 लाख, जमौर-ए के पार्ट-सी में 73.36 लाख, जमौर-सी के पार्ट-ए में 1.16 करोड़, जमौर-सी के पार्ट-बी में 97.23 लाख तथा जमौर-सी के पार्ट-सी में 26.09 लाख की धनराशि व्यय कर कार्यों को पूरा किया जाएगा। इटावा के सराय ऐसार में 39.68 लाख व भरथना में 18.22 लाख की लागत से कायाकल्प प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। हरदोई के संडीला में 1.12 करोड़ की लागत से गोदामों में सभी निर्माण, रख-रखाव व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

# 4 साल की छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

- स्कूल का ही कर्मचारी है आरोपी कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

**नोएडा ,एजेंसी:** नोएडा के एक जाने-माने निजी स्कूल में चार साल की छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया और अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी स्कूल का ही एक कर्मचारी है।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने गुरुवार को बताया कि सेक्टर 27 स्थित स्कूल में पढ़ने वाली बच्ची ने अपनी मां को बताया था कि जो भैया प्लेट देते हैं, उन्होंने उसके साथ गंदी हरकत की है। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि बच्ची के साथ स्कूल में निठारी गांव के निवासी नित्यानंद ने अश्लील हरकत की। उसके बाद बच्ची डर गई और स्कूल व घर में किसी को कुछ नहीं बताया और गुमसुम रहने लगी। उन्होंने बताया कि जब उसके माता पिता ने इस बारे में उससे पूछा तो उसने उन्हें सारी बात बताई।

मिश्र ने बताया कि इस संबंध में बच्ची के परिजनों ने 10 अक्टूबर को सेक्टर 20 थाने में मामला दर्ज करवाया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को 11 अक्टूबर को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी नित्यानंद स्कूल में सफाईकर्मी का काम करता है और कुछ ही दिन पहले उसे किसी अन्य एजेंसी के माध्यम से अनुबंध पर रखा गया था। बच्ची से छेड़छाड़ का यह मामला तब सामने आया जब बच्ची ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। बच्ची के परिजनों ने थाने में शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया।


## वर्ग पहेली-225

**बाएं से दाएं**

1. 1. टांकने की क्रिया 2. टांकने की मज़दूरी या पारिश्रमिक।
3. 1. घास-फूस या टीन से बनाया हुआ छोटा घर 2. छोटी-सी कुटी या झोपड़ी।
4. 1. किसी को पास आने के लिए आवाज़ देना, पुकारना 2. किसी को बोलने में प्रवृत्त करना 3. किसी से कुछ कहना या कहलाना।
6. स्त्रियों को दी जाने वाली एक प्रकार की गाली।
8. 1. अंधेरी, अंधकार भरी 2. शिकारी जंतुओं अथवा घोड़ों की आंख पर बांधने की पट्टी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. तेज़ी से आगे बढ़ना, जल्दी-जल्दी चलना 2. झपटना।
3. टाल-मटोल, ना-नुकर करना, कार्य को आगे के लिए स्थगित करते जाना, खिसकाते जाना।
5. केलास संबंधी, सफ़ेद एवं पारदर्शक क्रिस्टल वाला।
7. गहनों पर नगीने जड़ने का काम करने वाला, जड़िया।



### वर्ग पहेली -224 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 मँ | ■ | ■ | ■ | 2 ढि |
| 3 ष | ड | रि | 4 पु | ■ | ला |
| ■ | वा | ■ | रो | ■ | ना |
| ■ | ■ | 5 सं | हि | ति | ■ |
| 6 ट | ढ़ी | भू | त | ■ | 7 श |
| ■ | ■ | त | ■ | ■ | फ़ी |
| 8 शि | फा | ■ | 9 त | पा | क |

# उप्र. में बढ़ा पराली जलाने का ग्राफ, एक माह में 528 घटनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** तमाम कवायद के बावजूद प्रदेश में फसल अवशेष (पराली) जलाने की घटनाएं इस वर्ष धान की कटाई के शुरुआती दौर में तेजी से बढ़ गईं।

15 सितंबर से 15 अक्टूबर तक 39 जिलों में सेटेलाइट रिमोट सेंसिंग से कुल 528 पराली जलाने की घटनाएं ट्रेस की गईं हैं। लोकेशन के आधार पर कृषि विभाग ने मौके पर जांच कराई तो 193 की पुष्टि हुई। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक सबसे अधिक पराली जलने की घटना अलीगढ़ में 114, सम्भल 79, मथुरा 46, बाराबंकी 41, शाहजहांपुर 28, सीतापुर 27, बुलंदशहर 23, गौतमबुद्ध नगर 17, मुरादाबाद 16, पीलीभीत 14, बदायूं व रामपुर में 12-12 ट्रेस हुई हैं। पिछले चार वर्ष की अपेक्षा इस बार अधिक घटनाएं हुई हैं। इधर, कृषि विभाग का दावा है कि सूचना और लोकेशन मिलते ही फौरन टीमें मौके पर पहुंचीं तो पराली जलाने की 193 घटनाएं ही मिलीं। जबकि 164 घटनाओं में कूड़ा व अन्य चीजें जलती मिलीं। जिसका धुआं सेटेलाइट में ट्रेस हुआ। मिर्जापुर में आग की लोकेशन वाली जगह पर सोलर पैनल लगे मिले। जिनका सेटेलाइट से तापमान ट्रेस हुआ था। जबकि 146 घटनाओं की लोकेशन में खेतों पर धान में आग नहीं मिली तो कुछ जगह खेत ही ढूंढे नहीं मिले।

### 193 घटनाओं पर हुई कार्रवाई

- ढाई व पांच हजार रुपये के हिसाब से कुल 6,37,500 रुपये जुर्माना
- बिना एसएमएस ब्लेड के कटाई करने पर 24 कंबाई मशीन सीज

– प्रदेश में सेटेलाइट से कुल 528 घटनाएं ट्रेस हुईं थी। सभी जगह लोकेशन के आधार पर मौके पर टीमें भेजी गईं। लेकिन 193 घटनाएं ही पराली की मौके पर मिलीं। 146 घटनाओं की पुष्टि नहीं हुई। जबकि शेष में कूड़ा आदि जलता मिला।

**– जेपी चौधरी, संयुक्त निदेशक, कृषि अभियंत्रण, कृषि निदेशालय**

### 5 सितंबर से 15 अक्टूबर तक ये हुईं घटनाएं

| वर्ष | घटना |
|---|---|
| 2020 | 320 |
| 2021 | 460 |
| 2022 | 85 |
| 2023 | 312 |
| 2024 | 528 |

## सुडोकू -138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 6 | | | | | 8 |
| | 7 | | | 1 | | | 6 | |
| | 9 | | 5 | | | 1 | 4 | 2 |
| | 2 | | 3 | | 5 | 6 | | |
| | | 8 | | | | 3 | | |
| | | 1 | 4 | | 7 | | 2 | |
| 7 | 4 | 5 | | | 6 | | 1 | |
| | 3 | | | 2 | | | 5 | |
| 6 | | | | | 9 | 4 | | |

### सुडोकू - 137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 4 | 3 | 6 | 5 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 5 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 5 | 4 | 9 | 6 | 3 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 | 2 | 6 |
| 4 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 1 | 5 | 4 | 8 | 2 | 6 | 3 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 3 | 1 | 5 | 2 | 9 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 01.15 तक तत्पश्चात द्वितीया।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत के बाद सफलता मिलेगी। आपकी प्रतिभा को सम्मान मिलेगा। किन्तु आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। बिना जांच-पड़ताल के निवेश करने से आर्थिक हानि हो सकती है। आप गूढ़ विद्याओं की तरफ आकर्षित हो सकते हैं।

**वृष:** आज दिन की शुरुआत में आपको काफी दौड़धूप करनी पड़ सकती है। गैस और पित्त की समस्या हो सकती है। स्वयं द्वारा बनाये हुए नियमों की स्वतः अवहेलना न करें। बड़े भाई-बहन को लेकर थोड़े तनाव में आ सकते हैं। धन संबंधी परेशानियों में घिरे रहेंगे।

**मिथुन:** आज प्रेम संबंधों में परस्पर समर्पण की भावना में वृद्धि होगी। आपको कार्यक्षेत्र में पदोन्नति मिल सकती है। घर के बड़े-बुजुर्ग आपके काफी प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रहे विघ्नों पर विजय प्राप्त कर लेंगे। दूसरों पर ज्यादा निर्भर न रहें।

**कर्क:** आज पाचन तंत्र में कुछ परेशानी हो सकती है। मार्केटिंग क्षेत्र से जुड़े लोगों को अच्छे आर्डर मिल सकते हैं। व्यापार में अपेक्षा से अधिक धन लाभ प्राप्त होगा। अपनी महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए परिश्रम करेंगे। विदेश यात्रा से धन लाभ मिलेगा।

**सिंह:** आज जीवनसाथी आपके ऊपर नाराज हो सकते हैं। व्यर्थ के प्रपंचों से आपको दूर रहना चाहिए। आपको सहकर्मियों का साथ नहीं मिलेगा। शेयर और जोखिम भरे निवेशों में थोड़ी परेशानी होगी। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है।

**कन्या:** आज सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में नए विरोधी उभर सकते हैं। प्रेम संबंधों में शंका की भावना न पनपने दें। गुप्त विद्याओं के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें। जिस काम में मन न लग रहा हो तो उसे बिल्कुल न करें।

**तुला:** आज संतान की उपलब्धि से प्रसन्न होंगे। साहस और बुद्धिमत्ता युक्त निर्णय लेने से आपको व्यवसाय में शानदार सफलता मिलेगी। मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। कुंवारे व्यक्तियों को विवाह के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। सरकारी नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा।

**वृश्चिक:** आज आपके जीवनस्तर में वृद्धि होगी। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ कुछ अतिरिक्त जॉब करने की योजना बनायेंगे। निसन्तान दम्पतियों को शुभ समाचार मिल सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विरोधी भी आपकी प्रतिभा का उत्साह बढ़ायेंगे।


**धनु:** आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। घर में सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। सम्पत्ति के मामलों में विजय प्राप्त हो सकती है। कारोबारी उद्देश्य से यात्रा हो सकती है। नया व्यापार शुरू करने में सफलता मिलेगी। अपनी वाणी में संयम भाव रखें।

**मकर:** आज युवा जातक प्रेमी जन से प्रणय निवेदन कर सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में सुधार होने की संभावना है। आप सिनेमा में रुचि ले सकते हैं। नए दोस्त बनने के योग बन रहे हैं। अपने काम से काम रखें दूसरों के मामले में हस्तक्षेप न करें।

**कुंभ:** आज आप कहीं दूर की यात्रा कर सकते हैं। व्यायाम और ध्यान अवश्य करें। प्रत्येक समस्या का व्यवहार कुशलता से समाधान निकाल लेंगे। बच्चों के लिए कुछ उपहार ले सकते हैं। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। पुरानी यादें दोबारा ताजा होंगी।

**मीन:** आज यदि पार्टनरशिप में कोई व्यापार कर रहे हैं, तो उसमें पारदर्शिता अवश्य रखें। आईटी से जुड़े व्यवसाय से धन लाभ प्राप्त होगा। आज आपकी कोई गोपनीय बात बाहर आ सकती है। कुछ लोग आपकी निश्छलता का गलत फायदा उठाने का प्रयास करेंगे।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद। चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-अश्विनी 1.26 तक तत्पश्चात भरणी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies:** स्पोर्ट – सुबह : 11.15; चाचा भतीजा – रात : 07.03
**&pictures:** अपरिचित – सुबह : 10.56; मडगांव एक्सप्रेस – रात : 08.00
**Sony Pix:** वाइट हाउस डाउन – सुबह : 08.14; जस्टिस लीग – शाम : 06.51
**Zee Cinema:** शागिर्द – सुबह : 10.30; सोचा न था – रात : 07.30
**Zee Action:** प्लेयर्स – सुबह : 10.28; खुदा कसम – शाम : 05.04

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

करवा चौथ के एक-दो दिन पहले बाजार में एक महिला को दोनों हाथों में भर-भर के मेहंदी लगवाने के बाद याद आया कि वो स्कूटी पर अकेले ही आई है,

वो परेशान खड़ी थी कि तभी उसके एक पड़ोसी सज्जन ने उसे पहचान लिया और फिर उसी की स्कूटी में उसे घर तक छोड़ दिया।

घर पहुंचने के बाद पड़ोसी को याद आया कि वह अपनी बाइक और बीवी दोनों को तो बाजार में ही छोड़ आया है।

हैप्पी करवा चौथ।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन–तुलसी 2460, राज श्री 1790, फ़ॉर्चून कि. 2175, रविन्द्रा 2375, फॉर्चुन ली. 1980, जय जवान 1930, सचिन 2040, सूरज 1955, अवसर 2075, राग गोल्ड 2140, गृहणी ली 2020, क्लासिक (किलो) 2130, मोर 2125, चक्र टिन 2230, ब्लू 2190, आशीर्वाद मस्टर्ड 2280, स्वास्तिक 2430 ।किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31800, लाल मिर्च 18000–22000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7000–8000 सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 900, किसमिस पीली 140–180, मखाना 900–1150 ।चावल – (प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10000, स्पाइस 7600, शरबती कच्ची 4450, शर्बती स्टीम 4600, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 8500, राजभोग 6950, हरी पत्ती (1किलो,5किलो) 10500, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 9300, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 5150, खजाना 5150 ।दाल दलहन–मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10700, राजमा चित्रा 12700–13600, राजमा भूटान नया 11700, मलका काली 7150–7700 मलका दाल 7375–8000, मलका छाँटी 7400, दाल उड़द बिलासपुर 9600–10200, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 11600, उड़द साबुत दिल्ली 11400, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8650, दाल चना 9150, लाल हिंदुस्तान 9250, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9800, चना अकोला 9000, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 12600, मोटा हीरा 14600, अरहर गोला मोटा 11300, अरहर पटका मोटा 11600, अरहर कोरा मोटा 11900, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16000 ।चीनी – डालमियां 4160, पीलीभीत 4140, नवाबगंज 4130, बहेड़ी 4140 ।

# भारत 2030 तक बनेगी दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था : एसएंडपी

### बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में चुनौतियां करेंगी प्रस्तुत

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं।

रिपोर्ट में कहा गया कि वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी



- भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना
- वर्तमान में भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

ने कहा कि भारत अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है।

### उभरते बाजार निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका


एसएंडपी ने आपनी रिपोर्ट उभरते बाजारों पर भविष्य की नजर : निर्णायक दशक में कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक जीडीपी की औसत वृद्धि दर 4.06% रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह 1.59% रहेगी। 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में 65% का योगदान देंगे। इसमें मुख्य रूप से एशिया–प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा।

# बेयरिश पैटर्न : शेयर बाजार में गिरावट के संकेत

बाजार में उतार–चढ़ाव के बीच, बेयरिश पैटर्न एक महत्वपूर्ण तकनीकी संकेत हैं जो संभावित गिरावट को दर्शाते हैं। ये पैटर्न चार्ट पर विभिन्न आकृतियों में दिखाई देते हैं और ट्रेडर्स को बिक्री के अवसर प्रदान करते हैं। सही पहचान और समझ से, इन संकेतों का उपयोग कर निवेशक अपने लाभ को बढ़ा सकते हैं और जोखिमों को प्रबंधित कर सकते हैं। इस लेख में, हम बेयरिश पैटर्न के विभिन्न प्रकार, पहचानने के तरीके और इसके लाभ–हानि पर चर्चा करेंगे।

### यह कैसे करता है काम

- **प्रवृत्ति का विश्लेषण :** बेयरिश पैटर्न आमतौर पर तब बनते हैं जब कीमत उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद गिरने लगती है।
- **विपरीत संकेत :** ये संकेत देते हैं कि खरीदारी में कमी और बिक्री बढ़ रही है।
- **फिर से परीक्षण :** अक्सर, कीमत पहले की उच्चस्तर पर वापस आती है, जिससे एक और बिक्री का अवसर मिलता है।




### निवेशकों को फायदा

- **अवसर :** बेयरिश की पहचान करके, आप संभावित गिरावट से लाभ उठा सकते हैं। सही समय पर बिक्री से आपको लाभ मिल सकता है।
- **रिस्क मैनेजमेंट :** बेयरिश संकेतों के सही उपयोग से नुकसान से बच सकते हैं। सही समय पर बाहर निकलने से निवेश को सुरक्षित रख सकते हैं।

### प्रमुख बेयरिश पैटर्न

- **हेड एंड शोल्डर्स :** यह पैटर्न तीन प्रमुख उच्च स्तरों से बनता है—एक उच्च (हेड) के बीच में दो छोटे उच्च (शोल्डर्स)। जब कीमत इस पैटर्न को बनाती है, तो यह अक्सर एक मजबूत बेयरिश संकेत होता है।
- **डबल टॉप :** यह पैटर्न तब बनता है जब कीमत दो बार समान उच्च स्तर पर पहुंचती है, लेकिन तीसरी बार गिर जाती है। यह गिरावट एक संभावित ट्रेंड रिवर्सल का संकेत देती है।
- **सपोर्ट ब्रेकडाउन :** जब कीमत किसी महत्वपूर्ण सपोर्ट स्तर को तोड़ती है, तो यह एक बेयरिश संकेत हो सकता है। यह दर्शाता है कि बाजार की खरीदारी की ताकत कमजोर हो रही है।

### जरा रखें सावधानी

- **गलत सिग्नल :** बेयरिश पैटर्न हमेशा सही नहीं होते हैं। कभी–कभी, बाजार की अनिश्चितता और अन्य कारक इन संकेतों को प्रभावित कर सकते हैं, जिससे आप गलत निर्णय ले सकते हैं।
- **मार्केट वोलैटिलिटी :** बाजार की तेजी और मंदी के दौरान, बेयरिश पैटर्न की सटीकता कम हो सकती है। ऐसे में समझदारी से निर्णय लेना जरूरी होता है।

# 10 साल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में आई 182 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा

देश का प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में 19.60 लाख करोड़ रुपये रहा है। इस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में प्रत्यक्ष कर संग्रह में 182% की वृद्धि हुई है। आयकर विभाग से जारी टाइम सीरीज डेटा से पता चला है कि कॉरपोरेट कर संग्रह 10 साल में दोगुना से अधिक होकर 9.11 लाख करोड़ से अधिक है। व्यक्तिगत आयकर संग्रह चार गुना बढ़कर 10.45 लाख करोड़ रुपये है। मोदी सरकार के पहले साल 2014-15 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 6.96 लाख करोड़ था। इसमें 4.29 लाख करोड़ कॉरपोरेट कर और 2.66 लाख करोड़ आयकर था। दाखिल आयकर रिटर्न (संशोधित रिटर्न सहित) की संख्या 2014-15 के 4.04 करोड़ से बढ़कर 2023-24 में 8.61 करोड़ से अधिक हो गई। प्रत्यक्ष कर-जीडीपी अनुपात 2014-15 के 5.55% से बढ़कर 2023-24 में 6.64% हो गया।

# लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर जीडीपी के 9% पर आ जाएगी: गडकरी

नई दिल्ली, एजेंसी



- कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण करा रहा है मंत्रालय

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि भारत की लॉजिस्टिक लागत दो वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 9% तक आ जाएगी, क्योंकि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है।

नीति आयोग के कार्यक्रम में गडकरी ने कहा कि वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक लागत 14% है, जबकि प्रमुख यूरोपीय देशों तथा अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत 12% है। मंत्री ने बताया कि चीन में लॉजिस्टिक लागत 8% है। आर्थिक शोध संस्थान नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी के 7.8 से 8.9% के बीच थी। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, यह जीडीपी का 14-18% है, जो वैश्विक मानक 8% से अधिक है। गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत जैव ईंधन, खासकर मेथनॉल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। गडकरी ने कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को विश्व में पहले स्थान पर लाना है। भारत पिछले वर्ष दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार था और अमेरिका तथा चीन से पीछे है।

# बाजार में गिरावट से निवेशकों को छह लाख करोड़ रुपये की हानि

नई दिल्ली, एजेंसी

- नेस्ले के शेयरों में सबसे ज्यादा 3% से भी अधिक की गिरावट

विदेशी कोषों की निकासी से शेयर बाजार में तेज गिरावट से गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति छह लाख करोड़ रुपये घट गयी। बीएसई का सेंसेक्स 494.75 अंक टूटा। कारोबार के दौरान यह 595.72 अंक तक फिसल गया था।

बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 6,03,862.06 करोड़ रुपये घटकर 4,57,25,183.01 करोड़ रुपये (5.44 लाख करोड़ डॉलर) रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले में 3% से भी अधिक की गिरावट आई। एफएमसीजी बनाने वाली नेस्ले का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 0.94% की गिरावट के साथ 899.49 करोड़ रहने से इसके शेयरों में बिकवाली देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी रही।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### पीएमएलए पर पुनर्विचार की सुनवाई टाली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने उस याचिका पर सुनवाई गुरुवार को 27 नवंबर तक टाल दी, जिसमें सवाल किया गया है कि क्या धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत ईडी की, गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की शक्तियों को बरकरार रखने वाले उसके 2022 के फैसले पर पुनर्विचार की आवश्यकता है ? न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ को वकील ने सूचित किया कि याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल आज सुनवाई के लिए उपलब्ध नहीं हैं। पीठ ने कहा कि यही होता है। जब हम याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हैं तो कोई न कोई उपलब्ध नहीं होता है। स्थगन के अनुरोध का ईडी के वकील ने विरोध नहीं किया। न्यायालय, तीन न्यायाधीशों की पीठ के 27 जुलाई, 2022 के फैसले पर कुछ मानकों के आधार पर पुनर्विचार करने के अनुरोध वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था।

### जम्मू कश्मीर के राज्य का दर्जा बहाली पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह तय समय के अंदर जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं के वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं मनोज मिश्रा की पीठ से अनुरोध किया कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि राज्य का दर्जा देने के लिए एक एमए (विविध आवेदन) है। यह (पिछले साल के फैसले में) उल्लेख किया गया था कि इसे तय समय के अंदर होना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि मैं इसे देखूंगा। यह नयी याचिका जम्मू कश्मीर के शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक–राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से दायर की गई है।

### झारखंड में हाथियों के हमले में दो ग्रामीणों की मौत

**जमशेदपुर।** झारखंड में गुरुवार को हाथियों के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहली घटना में 32 वर्षीय देवाशीष मुंडा नामक युवक पर एक जंगली हाथी ने हमला कर दिया जब वह सुबह शौच के लिए जा रहा था। पूर्वी सिंहभूम जिले के श्यामसुंदरपुर थाना क्षेत्र के गांव इंदबनी के निवासी मुंडा को हाथी ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

# भारत उनकी भी मदद करता, जिन्होंने उससे युद्ध छेड़ा


### आरएसएस प्रमुख बोले- पूर्वजों के बनाए सिद्धांतों की प्रतिबद्धता के कारण भारत करता है सहयोग

- भागवत ने जैन समुदाय के कार्यक्रम को किया संबोधित

सूरत, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा कि हमारे पूर्वजों की ओर से निर्धारित किये सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देने का विकल्प भारत के पास था, लेकिन सरकार ने सेना को सीमा पार न करने का निर्देश दिया था। भागवत जैन समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम में जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे। भागवत ने कहा कि अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सिद्धांतों को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को भी अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था। हम पहले हमले शुरू नहीं करते और न ही हम अपने ऊपर कोई हमला बर्दाश्त करते हैं। उन्होंने कहा कि जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया था तो भारत के पास विकल्प था कि अगर हम चाहें तो अपने पड़ोसी पर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। लेकिन हमारी सेना को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे सीमा पार न करें। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे। भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया था कि केवल उपद्रवी तत्वों को ही निशाना बनाया जाये।



सूरत में जैन तेरापंथ समाज के कार्यक्रम में पहुंचे मोहन भागवत ।

### भारतीय हर समस्या का समाधान कर देंगे

संघ प्रमुख ने कहा कि जब हमने उनके घर में हमला किया तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे। भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार आतंकी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की थी। फरवरी 2019 में, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला किया था। भारत या विश्व के समक्ष वर्तमान में मौजूद समस्याओं का कोई विशिष्ट उदाहरण दिए बिना भागवत ने कहा कि भारत के लोग अंततः हर समस्या का समाधान कर देंगे।


# बिहार: जहरीली शराब पीने से 25 लोगों की मौत, 12 लोग गिरफ्तार

पटना, एजेंसी

बिहार के सिवान और सारण जिलों में नकली शराब पीने से गुरुवार को 25 लोगों की मौत हो गई। इस मामले में 12 लोग गिरफ्तार कबए गए हैं। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि नकली शराब से सिवान में 20 और सारण में पांच लोगों की मौत हुई है।

राज ने बताया कि घटना के बाद दो विशेष जांच दल गठित हुई हैं। स्थानीय स्तर पर गठित दल नवीनतम प्रकरण में आपराधिक बिंदुओं की जांच करेगा। वहीं पटना में मद्य निषेध विभाग द्वारा एक और एसआईटी गठित हुई है, जो हाल के दिनों में हुई ऐसी घटनाओं का अध्ययन करेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई हो। एक शराब माफिया का नाम सामने आया है। वह फिलहाल जमानत पर बाहर है। हम मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं।

### मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों जान लेने की जिम्मेदार: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जहरीली शराब से हुई मौत पर गुरुवार को दुख जताया और आरोप लगाया कि प्रदेश की मौकापरस्त डबल सरकार सैकड़ों लोगों की जान लेने के लिए जिम्मेदार है। खरगे ने कहा कि सीवान और सारण में जहरीली शराब से अब तक 36 की मौत हो चुकी है ।

### धड़ल्ले से बिक रही शराब : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने जहरीली शराब से कई लोगों की मौत पर आरोप लगाया कि प्रदेश में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब धड़ल्ले से बिक रही है। राज्य सरकार को इस पर लगाम लगानी चाहिए।

## विसर्जन की तैयारी में करंट से तीन की मौत

**सिवनी।** मप्र के सिवनी जिले के धूमा में महाकाली प्रतिमा के विसर्जन की तैयारी के दौरान गुरुवार को करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार महाकाली प्रतिमा के विसर्जन में लगाए ट्रक में साज सज्जा का पाइप हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट से तीन की मौके पर मौत हो गई तथा पांच घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर है। उनको जबलपुर भेजा गया है। मृतकों में नीलेश कुशवाहा, रवि विश्वकर्मा और मुकेश यादव है, यह धूमा के निवासी हैं। पुलिस मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

# घर में पिज्जा बांटने को लेकर हुए विवाद में महिला को मारी गोली

नई दिल्ली, एजेंसी



- बहस के बाद महिला की जेठानी के भाई ने दिया वारदात को अंजाम चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में पिज्जा बांटने को लेकर हुई बहस के बाद महिला को उसकी जेठानी के भाई ने गोली मार दी। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि बुधवार रात हुई इस घटना में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामला तब प्रकाश में आया जब जीटीबी अस्पताल से सीलमपुर पुलिस थाने को सूचना मिली कि सादमा नाम की महिला को गोली से घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता के पति का भाई जीशान बुधवार को पिज्जा लाया था। उसने छोटे भाई जावेद की पत्नी सादमा सहित सभी को पिज्जा दिया। जीशान की पत्नी सादिया का सादमा से विवाद था और वह देवरानी के साथ पिज्जा साझा करने से नाराज थी। रात में सादिया ने अपने भाइयों मुंताहिर, तफसीर, शहजाद और गुलरेज को घर बुलाया और झगड़ा हुआ और इस दौरान मुंताहिर ने गोली चला दी, जो सादमा को जा लगी।

## शाह और नड्डा ने ग्रहण की भाजपा की सक्रिय सदस्यता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत सक्रिय सदस्यता ग्रहण की तथा कार्यकर्ताओं से इस अभियान का हिस्सा बन संगठन को और मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की थी और पहले सक्रिय सदस्य बने थे। शाह ने एक्स पर कहा कि कल प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा के पहले सक्रिय सदस्य बनकर सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरुआत की। मैंने भी इस अभियान के तहत भाजपा की सक्रिय सदस्यता ली। भाजपा के कार्यकर्ता अपने बूथ या विधानसभा क्षेत्र में 50 नए सदस्यों को पंजीकृत कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। यह अभियान न केवल भाजपा के सदस्यता को और अधिक गति देगा, बल्कि राष्ट्रप्रथम को ध्येय बनाने वाले सदस्य भी आगे आएंगे।

# चीनी वीजा भ्रष्टाचार में कार्ति के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली, एजेंसी



- कांग्रेस सांसद सहित अन्य के खिलाफ रिश्वतखोरी का है आरोप

सीबीआई ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में आरोप पत्र दायर किया है। उस समय उनके पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष पेश अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके सहयोगी एस. भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है, जिसके जरिए रिश्वत दी गई थी। आरोप-पत्र में शामिल अन्य आरोपियों में वी. मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं।

# जीएसटी धोखाधड़ी मामले में ईडी ने गुजरात में छापे मारे

गांधीनगर, एजेंसी

- एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में 23 परिसरों को खंगाला

ईडी ने गुरुवार को माल एवं सेवा कर (जीएसटी)धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन के मामले में गुजरात में कई शहरों में छापेमारी की, जिसमें राज्य पुलिस ने हाल में पत्रकार सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया था। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पीएमएलए के तहत मामला दर्ज होने के बाद संघीय एजेंसी ने राजकोट, जूनागढ़, अहमदाबाद, भावनगर और वेरावल शहरों में करीब 23 परिसरों पर छापेमारी की। मामले में गिरफ्तार पत्रकार महेश लांगा और लांगा से संबंधित परिसरों पर भी छापेमारी की जा रही है। ईडी मामले में कई अन्य कंपनियों की भूमिका की भी जांच कर रही है। एजेंसी मामले में साजिश और अपराध के जरिए आय अर्जित करने के आरोपों की जांच कर रही है।

## महाराष्ट्र में 288 में से 200 सीट पर एमवीए में बनी सहमति : पवार

- एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल

**पुणे।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए 288 में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है।

एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में पवार ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे का महाराष्ट्र पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं शामिल नहीं हूं। जयंत पाटिल वार्ता में पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी



- पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा- असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बहुमत का फैसले सुनाते हुए नागरिकता अधिनियम की उस धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा जो एक जनवरी, 1966 से 25 मार्च, 1971 के बीच असम आए प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करती है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि असम समझौता अवैध प्रवास की समस्या का राजनीतिक समाधान है। असम समझौते के अंतर्गत आने वाले लोगों की नागरिकता के मामलों से निपटने के लिए एक विशेष प्रावधान के रूप में नागरिकता अधिनियम में धारा 6ए जोड़ी गई थी। प्रधान न्यायाधीश ने अपना फैसला लिखते हुए धारा 6ए की वैधता को बरकरार रखा और कहा कि असम की भूमि के छोटे आकार और विदेशियों की पहचान कर पाने की लंबी प्रक्रिया के मद्देनजर इस राज्य में प्रवासियों के आने की दर अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है।

### 6ए का फर्जी दस्तावेजों से हो सकता है दुरुपयोग: पारदीवाला

**नई दिल्ली।** बहुमत के फैसले से असहमति जताते हुए न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कहा कि 1 जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच असम में प्रवेश करने वाले प्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का प्रावधान करने वाली, नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 6ए, मनमानी और संवैधानिक रूप से अवैध है। पारदीवाला ने कहा कि जाली दस्तावेजों के आने से 6ए की खुली प्रकृति का दुरुपयोग होने की आशंका है, क्योंकि इसमें अन्य बातों के अलावा, असम में प्रवेश की गलत तारीख, वंशावली, झूठे सरकारी रिकॉर्ड के तहत जाली दस्तावेजों का प्रयोग होता है।

## खेल डायरी

### यूटीटी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे देश के शीर्ष खिलाड़ी

**मडगांव।** भारत के शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सत्र की दूसरी यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे जिसमें मानव ठक्कर, जी साथियान, अहयिका मुखर्जी और सुतिर्था मुखर्जी शामिल हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में शीर्ष वरीय ठक्कर, साथियान (पीएसपीबी) और मानुष शाह के साथ मिलकर अगुआई करेंगे। ठक्कर ने हाल में अस्ताना एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया था। वहीं अचिंता शरत कमल और हरमीत देसाई दोनों ने प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया है। महिला वर्ग में अयहिका और सुतिर्था भी जीत की लय जारी रखना चाहेंगी जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप में महिला युगल पदक जीतकर इतिहास रचा और टीम स्पर्धाओं में भारत को कांस्य पदक दिलाने में योगदान दिया। श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी जिससे दीया चिताले जैसी खिलाड़ी को मौका मिलेगा।

### हैदराबाद में आज से शुरू होगी प्रो कबड्डी लीग

**हैदराबाद।** प्रो कबड्डी लीग 2024 (पीकेएल) का आगाज शुक्रवार को हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बेंगलुरु बुल्स और तेलुगु टाइटन्स के बीच मुकाबले से होगा। पीकेएल 11वें सीजन का आयोजन तीन शहरों में होगा जिसमें हैदराबाद के साथ नोएडा और पुणे भी शामिल होंगे। हैदराबाद 18 अक्टूबर से नौ नवंबर तक कबड्डी मैचों के पहले चरण की मेजबानी करेगा वहीं नोएडा इंडोर स्टेडियम 10 नवंबर से दो दिसंबर तक निर्धारित दूसरे चरण का आयोजन स्थल होगा। पुणे के बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में तीन से 24 दिसंबर के बीच अंतिम चरण का आयोजन होगा। पीकेएल सीजन 11 के प्लेऑफ की तारीखों और स्थानों की घोषणा बाद में की जाएगी। पुणेरी पलटन, तेलुगु टाइटन्स, बेंगलुरु बुल्स, बंगाल वॉरियर्स, यू मुंबा, हरियाणा स्टीलर्स, तमिल थलाइवाज, दबंग दिल्ली, गुजरात जायंट्स, जयपुर पिंक पैंथर्स, पटना पाइरेट्स और यूपी योद्धा समेत सभी 12 पीकेएल टीमें लीग चरण में एक-दूसरे से दो बार खेलेंगी। सीजन तीन से पांच के बीच तीन खिताब हासिल करने वाली पटना पाइरेट्स टीम, पीकेएल इतिहास की सबसे सफल टीम है उसके बाद जयपुर पिंक पैंथर्स है जिसने 2014 में उद्घाटन संस्करण जीतने के बाद सीजन 9 में अपना दूसरा खिताब जीता था।

### एशिया कप में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला आज

**नई दिल्ली।** एसीसी टी-20 इमर्जिंग टीम एशिया कप 2024 में भारत ए का मुकाबला पाकिस्तान ए से शुक्रवार को होगा। ओमान में 18 से 27 अक्टूबर तक खेली जानी वाली इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग लेगी। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले अल अमारात में ओमान क्रिकेट अकादमी ग्राउंड पर खेले जायेंगे। भारतीय टीम कल पाकिस्तान ए के खिलाफ मैच से अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को चार-चार टीमों के दो समूहों में विभाजित किया गया है और टीमें राउंड रॉबिन फॉर्मेट में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। एशिया कप 2024 की टीमें और ग्रुप ए में अफगानिस्तान ए, बांग्लादेश ए, श्रीलंका ए, हांगकांग चीन, ग्रुप बी में भारत ए, पाकिस्तान ए (पाकिस्तान शाहीन्स), ओमान, संयुक्त आराम अमीरात (यूएई), एशियाई क्रिकेट टूर्नामेंट का यह छठा संस्करण है लेकिन यह पहली बार होगा कि एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा।

### डीसी के निदेशक बने राव, बदानी मुख्य कोच नियुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने गुरुवार को 2025 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र से पहले अपने नए कोचिंग स्टाफ की नियुक्ति की जिसमें पूर्व भारतीय क्रिकेटर हेमांग बदानी को मुख्य कोच और वेणुगोपाल राव को क्रिकेट निदेशक बनाया गया। भारत के लिए चार टेस्ट और 40 वनडे खेल चुके 47 वर्षीय बदानी को विभिन्न क्रिकेट लीग में कोचिंग का अनुभव है। 2021 से 2023 तक उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के साथ क्षेत्ररक्षण कोच और फिर बल्लेबाजी कोच के तौर पर काम किया। बदानी ने कहा दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है और मुझ पर भरोसा करने के लिए टीम के मालिकों का आभारी हूं। भारत के लिए 16 वनडे खेलने वाले राव 2009 में आईपीएल जीतने वाली डेक्कन चार्जर्स टीम का हिस्सा थे। वह दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए तीन आईपीएल सत्र में भी खेले और दुबई कैपिटल्स से जुड़े रहे। राव ने कहा फ्रेंचाइजी के साथ मेरा जुड़ाव लंबे समय से है और मैं इस भूमिका की पेशकश करने के लिए टीम के मालिकों द्वारा दिखाये भरोसे के लिए आभारी हूं।

पहले टेस्ट के दूसरे दिन 46 रनों पर सिमटी भारतीय टीम, 37 साल बाद बनाया न्यूनतम स्कोर, न्यूजीलैंड ने बनाई 134 रनों की बढ़त

# हेनरी के आगे बिखरे भारतीय धुरंधर



मैट हेनरी

5 विकेट

15 रन

13 ओवर



बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले जा रहे भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शून्य पर आउट होने के बाद भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली, सरफराज खान, केएल राहुल, रवींद्र जड़ेजा और आर अश्विन (बाएं से दाएं) निराशा के मैदान से बाहर गए। ● एजेंसी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मैट हेनरी (पांच विकेट) और विलियम ओरूर्के (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद डेवन कॉन्वे के (91) अर्द्धशतक की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षा बाधित पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को तीन विकेट पर 180 बनाकर भारत पर पहली पारी के आधार पर 134 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

भारत को पहली पारी में मात्र 46 रनों पर समेटने के बाद बल्लेबाजी करने मैदान पर आयी न्यूजीलैंड टीम के सलामी बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी की। 18वें ओवर में कुलदीप ने टॉम लेथम (15) को पगबाधा आउट कर टीम को पहली सफलता दिलाई। दूसरे विकेट की साझेदारी में कॉन्वे और विल यंग ने टीम के स्कोर को 142 रनों तक पहुंचाया जहां जाडेजा ने विल यंग (33) को कुलदीप के हाथों कैच आउट करा न्यूजीलैंड का दूसरा विकेट गिराया। इसके बाद अपने शतक की तरफ बढ़ रहे डेवन कॉन्वे (91) को अश्विन ने बोल्ड कर टीम के लिए तीसरा विकेट लिया। खेल समाप्ति के समय रचिन रविंद्र (22) तथा डैरिल मिचेल 14 रनों पर नाबाद रहे। भारत की ओर से आर अश्विन, कुलदीप यादव तथा रवीन्द्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।



भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी

- मैट हेनरी ने पांच और विलियम ओरूर्के ने लिए चार विकेट डेविड कॉन्वे शतक से चूके
- ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 20 रन बनाए रविंद्र जडेजा कुलदीप और अश्विन को एक-एक विकेट

इससे पहले आज यहां एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और सातवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा (दो) को टिम साउदी ने बोल्ड कर न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद विराट कोहली और सरफराज खान (शून्य) पर पवेलियन लौट गए इस दौरान बारिश शुरु होने से कुछ देर खेल रूका रहा। विराट को विलियम ओरूर्के और सरफराज को मैट हेनरी ने आउट किया। बारिश रुकने के बाद बल्लेबाजी करने आये यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 21 ओवर में विलियम ओरूर्के ने यशस्वी जायसवाल (13) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद भारत के लगातार विकेट गिरते गए। ऋषभ पंत ने टीम के लिए सर्वाधिक (20) रन बनाए।

आलम यह था कि भारत के नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारत की पूरी टीम 31.2 ओवर में 46 के स्कोर पर सिमट गई। इसी के साथ घरेलू पिच पर सबसे कम स्कोर बनाने का 37 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। इससे पहले भारतीय टीम 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 रन पर ऑलआउट हुई थी। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने 15 रन देकर पांच विकेट लिये। विलियम ओरूर्के को 22 रन देकर चार विकेट मिले। टिम साउदी ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत पहली पारी : 46/10** (31.2 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का पटेल बो ओरूर्के | 13 | 63 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउदी | 2 | 16 | 0/0 |
| विराट कोहली का फिलिप्स बो ओरूर्के | 0 | 9 | 0/0 |
| सरफराज खान का कोंवे बो हेनरी | 0 | 3 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का लाथम बो हेनरी | 20 | 49 | 2/0 |
| केएल राहुल का ब्लंडेल बो ओरूर्के | 0 | 6 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा का पटेल बो हेनरी | 0 | 6 | 0/0 |
| रविचंद्रन अश्विन का फिलिप्स बो हेनरी | 0 | 1 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का ब्रासवेल बो हेनरी | 2 | 17 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह का हेनरी बो ओरूर्के | 1 | 3 | 0/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 4 | 16 | 1/0 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाजी : साउदी 6-4-8-1, हेनरी 13.2-3-15-5, ओरूर्के 12-6-22-4

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 180/3** (50 ओवर)

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3/0 |
| डेवोन कोंवे बो अश्विन | 91 | 105 | 11/3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5/0 |
| रचिन रविंद्र नाबाद | 22 | 34 | 2/0 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 14 | 39 | 1/0 |

अतिरिक्त : 5, गेंदबाजी : बुमराह 10-4-23-0, सिराज 7-1-21-0, अश्विन 11-1-46-1, कुलदीप 12-1-57-1, जडेजा 10-0-28-1

### टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में भारत का सबसे न्यूनतम स्कोर

**बेंगलुरू।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था।

**स्वदेश में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| रन | स्थान | वर्ष | टीम |
|---|---|---|---|
| 46 | बेंगलुरू | 2024 | न्यूजीलैंड |
| 75 | दिल्ली | 1987 | वेस्टइंडीज |
| 76 | अहमदाबाद | 2008 | दक्षिण अफ्रीका |
| 83 | मोहाली | 1999 | न्यूजीलैंड |
| 88 | मुंबई | 1965 | न्यूजीलैंड |

**विदेश में न्यूनतम टेस्ट स्कोर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 36 | एडीलेड | 2020 | ऑस्ट्रेलिया |
| 42 | लॉडर्स | 1974 | इंग्लैंड |
| 58 | ब्रिसबेन | 1947 | ऑस्ट्रेलिया |
| 58 | मैनचेस्टर | 1952 | इंग्लैंड |
| 66 | डरबन | 1996 | दक्षिण अफ्रीका |

### ऋषभ पंत के घुटने लगी चोट, जाना पड़ा मैदान के बाहर



**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने खुलासा किया कि ऋषभ पंत के घुटने में चोट लगने के बाद सूजन आ गई है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन मैदान पर वापसी कर सकेगा। पंत न्यूजीलैंड की पहली पारी के 37वें ओवर में रविंद्र जडेजा की स्पिन गेंद को नहीं पकड़ पाए जो ओवर द विकेट से गेंदबाजी कर रहे थे और यह उनके घुटने पर लगी। वह जल्द ही लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए और उनकी जगह ध्रुव जुरेल मैदान में उतरे। गेंद उनके बाएं पैर के घुटने पर लगी जिसकी 2022 में उस कार दुर्घटना के बाद कई सर्जरी की गई थीं। रोहित ने बताया दुर्भाग्य से गेंद सीधे उनके घुटने पर लगी, उसी पैर पर जिसकी उन्होंने सर्जरी करवाई है। इसलिए उनके घुटने में थोड़ी सूजन है, लेकिन वह एहतियात के तौर पर मैदान छोड़कर बाहर गए। उम्मीद है कि रात में वह ठीक हो जाएंगे और हम उन्हें मैदान पर वापस देखेंगे।


### 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित

**बेंगलुरू।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह दुखी हैं। बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को मिला रजत, नरूका ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनंतजीत सिंह नरूका के पुरुष स्कीट में कांस्य पदक के बाद विवान कपूर ने पुरुष ट्रैप स्पर्धा में रजत पदक जीता जिससे गुरुवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी फाइनल में भारत के पदकों की संख्या चार हो गई।



अनंतजीत सिंह नरूका। ● एजेंसी

विवान ने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। इससे पहले राजस्थान के 26 वर्षीय नरूका ने छह निशानेबाजों के फाइनल में 43 के स्कोर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। इटली के तामारो कासांद्रो को स्वर्ण और गैब्रियेले रोसेत्ती को रजत पदक मिला जिन्होंने क्रमशः 57 और 56 स्कोर किया।

नरूका ने क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 121 स्कोर किया था। भारत के लिए सोनम मस्कर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में रजत और अखिल श्योराण ने पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में कांस्य पदक जीता है। नरूका और महेश्वरी चौहान पेरिस ओलंपिक में स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे।

## महिला क्रिकेटरों को उनका दर्जा मिलते देख खुश हूं : नीतू

**नई दिल्ली।** पूर्व स्पिनर नीतू डेविड जब आईसीसी हाल आफ फेम में शामिल होने वाली दूसरी भारतीय महिला बनी तो क्रिकेट का उनका पूरा सफर उनकी आंखों के सामने फ्लैशबैक की तरह घूम गया। डायना एडुल्जी के बाद वह यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। डेविड इस समय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की मुख्य चयनकर्ता हैं।

डेविड ने कहा मैं हैरान होने के साथ रोमांचित भी थी। मुझे नहीं पता था कि हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाली मैं दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हूं। मुझे अपने करियर का वह दौर याद आ गया जब हमारे पास सुविधाएं नहीं होती थी लेकिन हम साथी खिलाड़ियों और परिवार के सहयोग से खेलते रहते थे। जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो कोई सुविधाएं नहीं थी। मुझे अपने साथी खिलाड़ियों से काफी सहयोग मिला।

## डेनमार्क ओपन : क्वार्टरफाइनल में सिंधु

**कोपेनहेगन, एजेंसी**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने गुरुवार को डेनमार्क ओपन 2024 के राउंड ऑफ 16 में चीन की हान यू को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने 63 मिनट तक चले मैच में चीनी खिलाड़ी पर 18-21, 21-12, 21-16 से जीत दर्ज की। चीन की हान यू पर पीवी सिंधु की यह सातवीं जीत है।



भारतीय शटलर पीवी सिंधु को पहले गेम में 18-21 से हारने के बाद वापसी की और दूसरे गेम में शानदार शुरुआत करते हुए बढ़त हासिल की और चीन की शटलर के खिलाफ ब्रेक से पहले तक 11-6 की बढ़त बनाते हुए गेम पर अपनी पकड़ मजूबत कर ली। ब्रेक के बाद भी सिंधु ने अपनी लय जारी रखते हुए विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी को 21-12 से स्कोर से हराकर मैच में 1-1 की बराबरी कर ली। तीसरा और निर्णायक गेम बेहद रोमांचक रहा। सिंधु ने 2-1 की बढ़त के साथ गेम का आगाज किया। इसके बाद चीन की शटलर ने भी वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए और गेम में 7-7 की बराबरी कर ली। यहां से भारतीय शटलर पर दबाव साफ दिख रहा था क्योंकि चीन की हान यू ने दो अंकों की अहम बढ़त हासिल कर ली थी। सिंधु को यह मैच जीतने के लिए गेम में बढ़त बनाने की दरकार थी और उन्होंने पहले 11-11 से बराबरी की और फिर लय हासिल करते हुए 19-16 की बढ़त लेकर चीन की शटलर को बैकफूट पर धकेला। इसके बाद सिंधु ने लगातार दो अंक हासिल करते हुए मैच को 2-1 से अपने नाम कर लिया।

## बॉलीवुड हलचल



### है जवानी तो इश्क होना है में काम करेंगे वरूण

**मुंबई।** बॉलीवुड के चॉकलेटी हीरो वरूण धवन अपने पिता डेविड धवन की फिल्म है जवानी तो इश्क होना है में काम करते नजर आ सकते हैं। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली एक्शन थ्रिलर वेब सीरीज सिटाडेल हनी बन्नी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। इस सीरीज के अलावा वरुण इन दिनों एक और फिल्म को लेकर चर्चा में हैं, जिसका नाम ''है जवानी तो इश्क होना है'' बताया जा रहा है। कहा जा रहा है रमेश तौरानी के प्रोडक्शन की इस फिल्म को वरूण के पिता डेविड धवन निर्देशित करेंगे। डेविड धवन इससे पूर्व वरूण धवन को लेकर मैं तेरा हीरो, जुड़वा 2 और कुली नंबर 1 बना चुके हैं। चर्चा है कि वरुण धवन नवंबर में गोवा में है जवानी तो इश्क होना है की शूटिंग शुरू करेंगे। अगले साल की शुरुआत में इस फिल्म के कुछ सीं‍स की शूटिंग विदेश में की जा सकती है।

### 20 को होगा चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म चंदू चैंपियन का वर्ल्ड टेलिविजन प्रीमियर जी सिनेमा पर 20 अक्टूबर को होगा। जी सिनेमा इस वीकेंड चंदू चैंपियन के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर के साथ मुरलीकांत पेटकर का बेमिसाल सफर लेकर आ रहा है। कबीर खान द्वारा निर्देशित और कार्तिक आर्यन के दमदार अभिनय से सजी यह फिल्म न सिर्फ इंसानी जज्बे की जीत दर्शाती है बल्कि हौसले की सच्ची कहानियों को भी सलाम करती है। कार्तिक आर्यन ने बताया, मुरलीकांत पेटकर का रोल निभाने की तैयारी के लिए मैंने अपनी डाइट और लाइफस्टाइल पूरी तरह बदल दी। मुझे ऐसी डाइट लेनी पड़ी जो मेरे लिए अनजान थी और जिनका स्वाद हमेशा अच्छा नहीं होता था। यह मेरे जैसे खाने के शौकीन इंसान के लिए एक चैलेंज था। इसने न सिर्फ मेरे शरीर को बदला, बल्कि मुझे और ज्यादा ध्यानशील और सकारात्मक इंसान भी बनाया। मैंने लगभग 18 महीनों तक एक सख्त दिनचर्या का पालन किया, जिसमें मैंने पूरी लगन से मेहनत की और अपने कैलोरी इनटेक को एडजस्ट किया। शुरुआत में मुझे संघर्ष करना पड़ा, लेकिन इसके बावजूद मैंने अंततः इस अनुशासित जीवनशैली को अपनाया- समय पर खाना, समय पर सोना और नियमित रूप से जिम जाना। अपनी पिछली खाने की आदतों को छोड़ना कठिन था, लेकिन अब मैं इस नई दिनचर्या का आदी हो गया हूं, जो हमेशा स्वाद में अच्छी नहीं होती लेकिन मेरी पूरी सेहत पर सकारात्मक असर करती है।

### शर्वरी बनीं मिराजियो के नए क्लेक्शन की मॉडल

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री शर्वरी हैंडबैग ब्रांड मिराजियो के नये क्लेकशन की मॉडल बनायी गयी है। मशहूर हैंडबैग ब्रांड मिराजियो ने बॉलीवुड स्टार शर्वरी के साथ अपने ए/डब्लू 24 क्लेक्शन का अनावरण किया है। #मेडफॉरमोर कैंपेन सिर्फ एक लॉन्च नहीं है, बल्कि उन महिलाओं का उत्सव है जो सीमाओं से परे जाकर उत्कृष्टता की ओर निरंतर अग्रसर रहती हैं। मिराजियो का यह नया कलेक्शन उन साहसी, आत्मविश्वासी और महत्वाकांक्षी महिलाओं के लिए डिजाइन किया गया है, जो ऊंचाइयों को छूने और सीमाओं से परे जाने की चाह रखती हैं। शर्वरी ने कहा, मैं मिराजियो के #मेडफॉरमोर कैंपेन का चेहरा बनने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। इस कैंपेन के पीछे का संदेश मेरे दिल के बेहद करीब है। यह महिलाओं को बड़ा सपना देखने और साधारण से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करता है। मैंने हमेशा यह माना है कि हमें वही पाना चाहिए जो हमारे दिल को जोश से भर देता है, और मिराजियो उसी साहसी भावना को दर्शाता है। इसीलिए यह सहयोग मेरे लिए एक स्वाभाविक फिट की तरह है। हम मिलकर उन महिलाओं का उत्सव मना रहे हैं जो उत्कृष्टता की खोज में निडर हैं।

## दूसरा टेस्ट : पाकिस्तान ने इंग्लैंड को जीत के लिए दिया 297 रनों का लक्ष्य

**मुल्तान, एजेंसी**

पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपनी दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्द्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था जिसके जवाब में इंग्लैंड अपनी दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट में फंस गया है।



विकेट लेने के बाद जश्न मनाती पाकिस्तान की टीम। ● एजेंसी

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और पहले ओवर की तीसरी गेंद पर ही साजिद खान ने बेन डकेट को शून्य पर रिजवान के हाथों कैच आउट कराकर टीम को पहली सफलता दिला दी। चौथे ओवर में नौमन अली ने जैक क्रॉली (तीन) को रिजवान के हाथों कैच आउट करा इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। उस समय टीम का स्कोर मात्र 11 रन था। तीसरे दिन का खेल समाप्ति पर ऑली पोप (21) तथा जो रुट (12) रनों पर नाबाद रहे। इससे पहले दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और छठें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (चार) को आउट कर इंग्लैंड को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान शान मसूद (11) भी बशीर का शिकार बने। सईम अयूब (22) के रूप में तीसरा विकेट पर भी बशीर को मिला। कामरान गुलाम (26) को जैक लीच ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद रिजवान (23) रन बनाकर पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। चायकाल के बाद लीच ने 43वें ओवर में पाकिस्तान को छठा झटका दिया और सऊद शकील (31) को पगबाधा आउट कर दिया। दो ओवर बाद ही लीच ने फिर नये बल्लेबाज आमेर जमाल को एक रन पर बोल्ड आउट कर टीम को सातवीं सफलता दिलाई। इसके बाद नौमन अली (1) को बशीर ने स्टोक्स के हाथों के कैच आउट कराया। पाकिस्तान का नौवां विकेट आगा सलमान के रुप में गिरा। इस तरह उसकी कुल बढ़त 296 रन की हो गयी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# वैवाहिक दुष्कर्म : पति को छूट वाले कानूनों की वैधता पर करेंगे फैसला : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को कहा कि वह भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के उन दंडनीय प्रावधानों की संवैधानिक वैधता पर निर्णय करेगी जो बलात्कार के अपराध के लिए पति को अभियोजन से छूट प्रदान करता है, यदि वह अपनी पत्नी, जो नाबालिग नहीं है, को उसके साथ यौन संबंध बनाने के लिए मजबूर करता है।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र की इस दलील पर याचिकाकर्ताओं की राय जाननी चाही कि इस तरह के कृत्यों को दंडनीय बनाने से



- सीजेआई ने कहा- यह एक संवैधानिक प्रश्न है, मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है

वैवाहिक संबंधों पर गंभीर असर पड़ेगा तथा विवाह की संस्था भी प्रभावित होगी। एक याचिकाकर्ता के अधिवक्ता करुणा नंदी ने दलीलें शुरू कीं और वैवाहिक दुष्कर्म पर आईपीसी तथा बीएनएस के प्रावधानों का जिक्र किया। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह एक संवैधानिक प्रश्न है।

हमारे सामने दो निर्णय हैं और हमें फैसला लेना है। मुख्य मुद्दा संवैधानिक वैधता का है। नंदी ने कहा कि अदालत को एक प्रावधान को रद कर देना चाहिए जो असंवैधानिक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आप कह रहे हैं कि यह (दंडात्मक प्रावधान) अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 19, अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता) का उल्लंघन करता है... संसद ने जब अपवाद खंड लागू किया था, तो उसका आशय यह था कि जब कोई पुरुष 18 वर्ष से अधिक उम्र की पत्नी के साथ यौनाचार में संलग्न होता है, तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता।


# दुनिया को युद्ध में नहीं, बुद्ध में मिलेगा समाधान: मोदी

- अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा की मान्यता देने के समारोह को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि पूरे विश्व को महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं ग्रहण कर शांति की राह पर चलना चाहिए, क्योंकि दुनिया को युद्ध में नहीं, बल्कि बुद्ध में समाधान मिल सकता है। मोदी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देने के लिए आयोजित समारोह को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया अस्थिरता से ग्रस्त है, बुद्ध न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि एक जरूरत भी हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज अभिधम्म पर्व पर पूरे विश्व का आवाहन करता हूं- बुद्ध से सीखिए...युद्ध को दूर करिए...शांति का पथ प्रशस्त करिए... क्योंकि, बुद्ध कहते हैं- नत्थि-संति-परम-सुखं अर्थात् शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है। नही वेरेन वैरानि सम्मन्तीध कुदाचनम्, अवेरेन च सम्मन्ति एस धम्मो सनन्ततो अर्थात वैर से वैर, दुश्मनी से दुश्मनी शांत नहीं होती। वैर अवैर से, मानवीय उदारता से खत्म होता है। बुद्ध कहते हैं- भवतु-सब्ब-मंगलम् ।। यानी, सबका मंगल हो, सबका कल्याण हो- यही बुद्ध का संदेश है, यही मानवता का पथ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर देश अपनी विरासत को अपनी पहचान से जोड़ता है, लेकिन भारत इस मामले में बहुत पीछे रह गया है। उन्होंने कहा कि आजादी से पहले आक्रमणकारियों ने भारत की पहचान को मिटाने की कोशिश की। बाद में गुलाम मानसिकता से ग्रसित लोगों ने ऐसा किया। आजादी के बाद एक ऐसे समूह ने देश पर कब्जा कर लिया, जो इसे अपनी विरासत की विपरीत दिशा में ले गया। उन्होंने कहा कि पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देना भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है। भाषा सभ्यता और संस्कृति की आत्मा है। पाली भाषा को जिंदा रखना, भगवान बुद्ध के शब्दों को जिंदा रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।



अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस के दौरान बौद्ध भिक्षुओं से मुलाकात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### अभिधम्म दिवस याद दिलाता है करुणा और सद्भावना

अभिधम्म दिवस हमें याद दिलाता है कि करुणा और सद्भावना से ही हम दुनिया को और बेहतर बना सकते हैं। इससे पहले 2021 में कुशीनगर में ऐसा ही आयोजन हुआ था। वहां उस आयोजन में भी मुझे शामिल होने का सौभाग्य मिला था और ये मेरा सौभाग्य है कि बुद्ध के साथ जुड़ाव की जो यात्रा मेरे जन्म के साथ ही शुरू हुई है, वो अनवरत जारी है। मेरा जन्म गुजरात के उस वडनगर में हुआ, जो एक समय बौद्ध धर्म का महान केंद्र हुआ करता था।

## एक नजर

### मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम में 2.8 तीव्रता का भूकंप

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में बृहस्पतिवार को 2.8 तीव्रता वाले भूकंप के झटके महसूस किये गये हालांकि इससे किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के भोपाल केंद्र के अधिकारी वीएस यादव ने बताया कि भूकंप के झटके दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर महसूस किये गये। नर्मदापुरम के जिलाधिकारी सोनिया मीणा ने बताया कि किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है।

### महाराष्ट्र में व्यक्ति की चाकू मारकर की हत्या

**लातूर।** महाराष्ट्र के लातूर शहर में गुरुवार को भीड़भाड़ वाली जगह पर महिला समेत तीन लोगों ने 37 वर्षीय व्यक्ति की चाकू गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि मृतक शिवाजी उर्फ अनिल देवकर है। शिवाजी पर पुरानी दुश्मनी से सुबह साढ़े आठ बजे दयानंद कॉलेज के पास हमला हुआ। आरोपियों में कृष्णा (30), अजय (25) और पद्मिनी है। आरोपियों ने शिवाजी पर धारदार हथियारों से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। शिवाजी नगर थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### खाई में गिरा सीआरपीएफ का वाहन, 12 कर्मी घायल

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक वाहन बृहस्पतिवार को सड़क से फिसलकर खाई में गिर गया और इस हादसे में 12 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मध्य कश्मीर जिले के खैगाम इलाके में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस हादसे में घायल हुए सीआरपीएफ के कर्मियों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पाकिस्तान विस्फोट में तीन की मौत, दो घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के इस्लामाबाद के राजमार्ग पर हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गयी है जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। यातायात पुलिस ने गुरुवार को अपने बयान में बताया कि यह दुर्घटना बुधवार रात को एम1 राजमार्ग पर एक टोल प्लाजा के पास हुई, जहां एक यात्री वैन में विस्फोट हुआ। इसमें तीन लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। बयान में कहा गया प्रारंभिक रिपोर्टों से पता चलता है कि दुर्घटना सिलेंडर फटने के कारण हुई। पुलिस ने बताया कि घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# गाजा में स्कूल पर हवाई हमला, 15 की मौत

## फिलिस्तीनी अधिकारी ने कहा- स्कूल में था आश्रय स्थल, इजराइल बोला- छुपे थे जिहाद चरमपंथी

दीर अल बलाह (गाजा पट्टी), एजेंसी

उत्तरी गाजा में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर बृहस्पतिवार को इजराइल द्वारा किए गए हमले में पांच बच्चों सहित कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइली सेना ने कहा कि हमले में स्कूल में एकत्र हुए दर्जनों हमास और इस्लामिक जिहाद चरमपंथियों को निशाना बनाया गया।

यह हमला जबालिया स्थित अबू हुसैन स्कूल पर हुआ, जो उत्तरी गाजा में एक शहरी शरणार्थी शिविर है, जहां इजराइल एक सप्ताह से अधिक समय से बड़ा हवाई और जमीनी अभियान चला रहा है। उत्तरी गाजा में मंत्रालय की आपातकालीन इकाई के प्रमुख फारेस अबू हमजा ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की और कहा कि दर्जनों लोग घायल हुए हैं। पास के कमाल अदवान अस्पताल को हताहतों का इलाज करने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। हमजा ने कहा कई महिलाएं और बच्चे गंभीर हालत में हैं।

सेना ने कहा कि उसने स्कूल के अंदर दोनों चरमपंथियों समूहों द्वारा संचालित कमांड सेंटर को निशाना बनाया। इसने उन दर्जनों लोगों के नामों की सूची दी, जिन्हें उसने चरमपंथी बताया और वे हमले के समय मौजूद थे। एक अन्य घटनाक्रम में, लेबनान के मध्य बेरूत में स्थित उस इमारत को चेतावनी के बाद खाली करा लिया गया, जिसमें अल जजीरा समाचार नेटवर्क और नॉर्वे के दूतावास के कार्यालय हैं। अल जजीरा ने बताया कि इमारत को खाली करा लिया गया है, लेकिन यह नहीं बताया कि चेतावनी कहां से आई थी। इजराइल ने कई इमारतों के साथ-साथ पूरे शहरों, कस्बों और गांवों को खाली कराने का आदेश दिया है।



उत्तरी गाजा में हमले के बाद उठता धुंआ। ● एजेंसी

### गाजा जाने की इजराइल दे अनुमति : डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इजरायल से आग्रह किया है कि वह उत्तरी गाजा तक मानवीय मिशनों को महत्वपूर्ण खाद्य और चिकित्सा आपूर्ति पहुंचाने की अनुमति दें, जो वहां जारी हिंसा के कारण पहुंच नहीं पा रही हैं। डब्ल्यूएचओ और उसके सहयोगियों ने सोमवार को पोलियो टीकाकरण अभियान का दूसरा दौर शुरू किया, जिसका लक्ष्य पांच लाख से ज्यादा बच्चों को पोलियो से बचाना है। प्रमुख टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने एक्स पर लिखा दो दिनों के टीकाकरण के बाद मध्य गाजा में पोलियो वैक्सीन की दूसरी खुराक पाने वाले बच्चों की कुल संख्या 156,943 हो गयी है।

### इजराइल के विदेश मंत्री ने की हमास के नेता याह्या सिनवार के मारे जाने की पुष्टि

**दीर अल बलाह (गाजा पट्टी)।** इजराइल के विदेश मंत्री ने पुष्टि की है कि गाजा में इजराइली सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच भीषण जंग शुरू हुई। सिनवार एक साल पहले इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल की ओर से जारी सर्वाधिक वांछित लोगों की सूची में सबसे ऊपर था, और उसकी हत्या से आतंकवादी समूह को एक बड़ा झटका लगा है। हमास की ओर से सिनवार की मौत की फिलहाल कोई पुष्टि नहीं की गई। विदेश मंत्री कैट्ज ने सिनवार की हत्या को इजराइली सेना के लिए एक सैन्य और नैतिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि सिनवार की हत्या से बंधकों को तुरंत रिहा करने और एक ऐसा बदलाव लाने की संभावना पैदा होगी जो गाजा में बिना हमास और बिना ईरानी नियंत्रण के एक नयी वास्तविकता को जन्म देगा। पूरे युद्ध के दौरान, सिनवार सार्वजनिक रूप से कभी सामने नहीं आया। जुलाई में ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल के हमले में इस्माइल हानिया की हत्या के बाद सिनवार को समूह के शीर्ष नेता के रूप में चुना था।

# ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों से बढ़ा भारत-कनाडा में तनाव : विदेश मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरवार को कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है तथा नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा सार्वजनिक जांच के दौरान की गई स्वीकारोक्ति से भारत के खिलाफ लगाए आरोपों का महत्व पता चलता है।

संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त की कि उसने जो सुना है, वह नई दिल्ली के इस दृढ़ रुख की पुष्टि करता है कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ ओटावा द्वारा लगाए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई सबूत पेश नहीं किया है। अभी तक कनाडा द्वारा कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान संकट (भारत-कनाडा संबंधों में) ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है। जायसवाल ने कहा कि भारत की ओर से कनाडा के पास लगभग एक दशक से 26 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं।



- मंत्रालय ने कहा- नई दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों का कोई सबूत नहीं मिला
- सार्वजनिक जांच के दौरान ट्रूडो की स्वीकारोक्ति से आरोपों के महत्व का चलता है पता

### भारत मानता है आतंकवाद पर गंभीर नहीं कनाडा

**वाशिंगटन।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने बुधवार को कहा कि भारत का मानना है कि कनाडा हिंसा, आतंकवाद या घृणा भड़काने के अपराध को गंभीरता से नहीं लेता है। ट्रूडो ने संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप के संदर्भ में सार्वजनिक जांच के दौरान गवाही देते हुए कहा कि कनाडा सरकार यह पता लगाने के लिए भारत से मदद मांग रही है कि क्या कथित हस्तक्षेप और हिंसा किसी शरारती तत्व द्वारा की गई थी या सरकार में किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति द्वारा निर्देशित थी। ट्रूडो ने कहा कि मुझे लगता है कि यह बेहद अहम सवाल है और यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका उत्तर पता लगाने के लिए हम भारत सरकार से सहायता करने के लिए बार-बार कह रहे हैं।

# अफ्रीका महत्वपूर्ण व्यापार गंतव्य : मुर्मू

लिलोंग्वे (मलावी), एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि अफ्रीका एक महत्वपूर्ण व्यापार और निवेश गंतव्य है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महाद्वीप में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। भारत-मलावी व्यापार सम्मेलन में मुर्मू ने कहा कि वह हार्ट ऑफ अफ्रीका का दौरा करने वाली पहली भारतीय राष्ट्रपति बनकर खुश हैं। तीन देशों की यात्रा के अंतिम चरण में गुरुवार वह यहां पहुंचीं।

मुर्मू ने कहा कि अफ्रीका में दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी, शिक्षा, जल उपचार और पेट्रोलियम सहित विभिन्न क्षेत्रों में बहुराष्ट्रीय तथा लघु एवं मध्यम उद्यमों में भारतीय कंपनियों द्वारा निवेश बढ़ रहा है। 1964 में मलावी की स्वतंत्रता के बाद उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित करने वाला भारत पहला देश था। दोनों देशों के बीच वाणिज्यिक संबंध ऐतिहासिक हैं। लेकिन दोनों देशों के बीच लोगों के बीच संपर्क 140 वर्षों से भी अधिक पुराना है। कोविड महामारी से उत्पन्न मंदी के बावजूद भारत और मलावी के बीच द्विपक्षीय व्यापार बढ़ रहा है।

मुर्मू ने कहा कि भारत वर्तमान में मलावी का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और यह मलावी में सबसे बड़े निवेशकों में से एक है जिसने विभिन्न क्षेत्रों में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मलावी प्राकृतिक भंडारों और उपजाऊ कृषि भूमि के मामले में समृद्ध है, तथा भारत में ऊर्जा, खनिज और खाद्यान्न की बढ़ती मांग के साथ एक बड़ा उपभोक्ता आधार है। उन्होंने कहा कि दोनों देश कई क्षेत्रों में तालमेल स्थापित करने के लिए एक साथ आ सकते हैं।



- महाद्वीप में विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों का बढ़ रहा निवेश
- विभिन्न क्षेत्रों में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का किया है निवेश

# सोमालिया की राजधानी में कैफे में हुए हमले में सात की मौत

**मोगादिशु।** सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक पुलिस प्रशिक्षण स्कूल के बाहर एक कैफे में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि हताहतों में अधिकारी और नागरिक शामिल हैं जो बृहस्पतिवार को जनरल काहिये पुलिस अकादमी के बाहर चाय पी रहे थे। अलकायदा से सम्बद्ध आतंकवादी समूह अल-शबाब ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित बयान के माध्यम से हमले की जिम्मेदारी ली। इस समूह ने पहले भी सोमालिया में हमले किए हैं। निवासी मोहम्मद अली ने बताया कि उन्होंने विस्फोट की जोरदार आवाज सुनी थी।

# अमेरिका के बी-2 ने यमन के हूती विद्रोहियों के बंकरों पर किया हमला

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका के रक्षा सचिव बोले- हूती विद्रोहियों नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारणों को बना गया निशाना

अमेरिका के लंबी दूरी की मारक क्षमता वाले बी-2 बमवर्षक से यमन के हूती विद्रोहियों के भूमिगत बंकरों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए गए। अधिकारियों ने गुरुवार तड़के इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इस हमले से कितना नुकसान हुआ है। यमन के हूती विद्रोहियों को निशाना बनाने के लिए बी-2 स्पिरिट का इस्तेमाल करना आम बात नहीं है।

बी-2 स्पिरिट ऐसा बमवर्षक है जिसमें दुश्मन की नजर में आए बिना हमला करने की क्षमता है। गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इजराइल के हमलों के विरोध में हूती विद्रोही लाल सागर में कई महीनों से पोतों को निशाना बना रहे हैं। हूतियों के अल-मसीरा समाचार चैनल ने बताया कि यमन की राजधानी सना के आसपास हवाई हमले हुए हैं। साल 2014 से हूती विद्रोहियों ने सना पर कब्जा कर रखा है। इसमें बताया गया कि हूती विद्रोहियों के गढ़ सादा के आसपास भी हवाई हमले हुए हैं, हालांकि इसने नुकसान या हताहतों के बारे में तत्काल कोई जानकारी नहीं दी है। अमेरिका के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रित क्षेत्रों में पांच भूमिगत हथियार भंडारण स्थानों को निशाना बनाकर बी-2 बमवर्षक से हमले किए गए हैं। हूतियों का समर्थन करने वाले ईरान को परोक्ष रूप से चेतावनी देने के लिए भी यह हमले किए गए हैं। ईरान ने पिछले साल के दौरान दो बार इजराइल पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमले किए।

ईरान के नतांज या फोर्डो में स्थित परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाकर किए जाने वाले हमले में अमेरिका की ओर से बी-2 क इस्तेमाल किया जाएगा क्योंकि यह एकमात्र विमान है जो जीबीयू-57 को गिरा सकता है। इसे मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेटर के नाम से भी जाना जाता है।

# गुजरात हाईकोर्ट ने खारिज की सीबीआई जांच की मांग

## मोरबी पुल हादसा

अहमदाबाद, एजेंसी

- पीड़ितों के परिजनों ने मामले की जांच सीबीआई से कराने का किया था आग्रह

गुजरात हाईकोर्ट ने 2022 के मोरबी पुल ढहने की जांच सीबीआई को सौंपने से इनकार कर दिया है। इस हादसे के पीड़ितों के परिजनों ने इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आग्रह किया था। मुख्य न्यायाधीश सुनीता अग्रवाल और न्यायमूर्ति प्रणव त्रिवेदी की खंडपीठ ने कहा कि अदालत जांच की सटीकता पर गौर नहीं कर सकती।

अदालत गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर, 2022 की घटना के बाद स्वतः संज्ञान लेकर शुरू की गई एक पीआईएल पर सुनवाई कर रही थी। हादसे में मच्छू नदी पर ब्रिटिशकाल का एक झूला पुल ढह जाने से 135 लोगों की मौत हो गई थी। कुछ पीड़ितों और मृतकों के परिजनों ने पूरे मामले की सीबीआई से पुनः जांच कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने गुजरात पुलिस पर उचित जांच नहीं करने और विशेष जांच दल द्वारा कुछ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बावजूद किसी भी नगर निगम अधिकारी को आरोपी नहीं बनाने का आरोप लगाया है।

सुनवाई के दौरान पीड़ितों की ओर से पेश हुए वकील राहुल शर्मा ने मुख्य प्राथमिकी में हत्या का आरोप जोड़ने का अनुरोध किया। महाधिवक्ता ने सूचित किया कि पिछले वर्ष आरोपपत्र दाखिल किया था और मोरबी मुख्य अधिकारी अनुशासनात्मक जांच का सामना कर रहे हैं। जब शर्मा ने पुनः जांच के लिए दबाव डाला तो मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि पुनः जांच का आदेश देना इस जनहित याचिका के दायरे से बाहर है।

## खगोल विज्ञान

## सक्रियता की चरम अवस्था सौरमंडल को प्रभावित करती है


# चरम पर पहुंचा 11वर्षीय सूर्य का सौरचक्र

अमृत विचार, नैनीताल

25वां सोलर साइकिल चरम पर जा पहुचा है। इसके अगले वर्ष तक चरम पर रहने की संभावना है। नासा के राष्ट्रीय महासागरीय और वायुमंडलीय प्रशासन (एनओएए), और अंतर्राष्ट्रीय सौर चक्र भविष्यवाणी पैनल के वैज्ञानिकों ने यह घोषणा की है।

सौर चक्र सूर्य का प्राकृतिक चक्र है। इस चक्र में सूर्य निम्न और उच्च चुंबकीय गतिविधि के दौर से गुजरता है। यह चक्र लगभग 11 साल का होता है। जिसमें सूर्य शांत से सक्रियता की ओर गुजरता है और सक्रियता के दौरान तूफानी स्थिति में परिवर्तित हो जाता है। नासा अंतरिक्ष मौसम कार्यक्रम के निदेशक जेमी फेवर्स के अनुसार सौर सक्रियता के अधिकतम पहुचने के दौरान सूर्य की सतह पर सनस्पॉट की संख्या बढ़ जाती है। सूर्य के चरम अवस्था के दौरान सूर्य के बारे में जानने का एक रोमांचक अवसर प्रदान करती है । चरम पर पहुचने के दौरान सूर्य पृथ्वी के साथ हमारे पूरे सौर मंडल पर वास्तविक प्रभाव डालता है और अंतरिक्ष मौसम पर गहरा असर डालता है। साथ ही अंतरिक्ष में उपग्रहों और अंतरिक्ष यात्रियों के साथ-साथ रेडियो संचार और जीपीएस को प्रभावित करता है। पृथ्वी पर स्थित पावर ग्रिड को प्रभावित कर सकता है।

इधर पिछले कुछ महीनों में सूर्य जबरदस्त सक्रिय है। मई माह में बड़े सौर ज्वालाओं और कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) की बौछार ने पृथ्वी को प्रभावित किया। सूर्य की हलचल ने दो दशकों में पृथ्वी पर शक्तिशाली भू-चुंबकीय तूफान पहुचे। इन दिनों सूर्य की सतह पर दर्जनों सनस्पॉट उभरे हुए हैं। जिनसे बड़े विस्फोट सूर्य पर जारी रहेंगे। बहरहाल अगले वर्ष तक सौर चक्रियता चरम पर रहेगी।




सूर्य के निम्न व उच्चतम सक्रियता की तस्वीर ।

### महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने सबसे पहले देखे सनस्पॉट

**नैनीताल :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक व सौर वैज्ञानिक डॉ वहाबउद्दीन के अनुसार 1600 के दशक में महान वैज्ञानिक गैलीलियो ने पहली बार सनस्पॉट देखे थे। तभी से सूर्य पर नजर रखना शुरू हुआ और सूर्य के भयानक रूप का पता चल सका। प्रत्येक सौर चक्र का समय अलग-अलग होता है । सौर चक्र की अधिकतम समय 14 वर्ष तक हो सकता है। औसतन 11 वर्ष माना जाता है। 25वां सौर चक्र 2019 में शुरू हुआ था।

# फॉक्स न्यूज के साथ कमला का साक्षात्कार महज बकवास : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति एवं राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प की प्रचार अभियान टीम ने उपराष्ट्रपति एवं डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार को बकवास करार दिया है और कहा है कि इस दौरान वह गुस्से में थी और किसी भी सवाल का सीधे जवाब नहीं दे पा रही थी।

ट्रम्प के अभियान टीम ने एक बयान में कहा फॉक्स न्यूज के एंकर ब्रेट बैयर के साथ कमला हैरिस का साक्षात्कार बकवास था। कमला गुस्से में थी, रक्षात्मक थी और एक बार फिर अमेरिकी नागरिकों के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं कर पायीं। वह एक भी सवाल का सीधा जवाब नहीं दे सकी, क्योंकि उसके पास कोई जवाब नहीं है। उनकी अभियान टीम ने हैरिस के अभियान टीम पर ट्रम्प के बारे में झूठ बोलने का आरोप लगाया गया। ट्रम्प के अभियान टीम की राष्ट्रीय प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहाने कहा कमला का पूरा अभियान पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प के बारे में झूठ पर आधारित है। कमला फॉक्स न्यूज के साथ साक्षात्कार के दबाव को नहीं संभाल सकती हैं। वह निश्चित रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति होने के दबाव को नहीं संभाल सकती हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव 5 नवंबर को होने वाला है।

